आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 21°C | 11°C |

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक


# जन एक्सप्रेस

शनिवार 31 जनवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 110 www.janexpresslive.com/epaper



इनसाइड न्यूज
गरीबों के मकानों पर अधिकारियों का डांका!
उत्तर प्रदेश पेज : 03

'गमोसा न पहनकर राहुल ने किया पूर्वोत्तर... 12



# योगी 40 दिन में हिंदू होने का प्रमाण दें

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले, गाय को गोमाता घोषित करें, वरना मानेंगे सिर्फ दिखावे के लिए गेरुआ पहना

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य घेराबंदी करके गोहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गो-माता को राज्य माता घोषित करें। यूपी से गोमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो गैर हिंदू घोषित कर देंगे।

### लखनऊ में जुटेंगे संत, तय करेंगे कौन असली हिंदू

शंकराचार्य ने कहा- 10-11 मार्च को लखनऊ में सभी संत-महंत और आचार्य एकत्र हों। वहां यह तय किया जाएगा कि कौन हिंदू है, कौन हिंदू हृदय सम्राट है और किसे छद्म हिंदू या नकली हिंदू घोषित किया जाना चाहिए।

### अब नकली हिंदुओं का पर्दाफाश करेंगे

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- अब नकली हिंदुओं का पर्दाफाश किया जाना है। जितने भी हिंदू हैं, उनके साथ बहुत बड़ा छल हो रहा है। यह छल खुद को साधु, योगी, संत और भगवाधारी कहने वाले व्यक्ति और उसकी पार्टी द्वारा किया जा रहा।

### प्रशासन लालच दे रहा था, हमने नकारा

माघ मेला छोड़ने पर शंकराचार्य ने कहा- माफी मांगने का भी एक तरीका होता है, क्षमा याचना करनी पड़ती है। प्रशासन हमें लालच दे रहा था कि आप ऐसे नहा लीजिए, आपके ऊपर फूल बरसा देंगे। अगले साल के लिए चारों शंकराचार्यों के लिए प्रोटोकॉल बना देंगे, लेकिन हमने नकार दिया। हमने कहा कि जिन संन्यासियों पर आपने लाठी बरसाई, उनसे माफी मांगिए। अगर वे क्षमा कर दें, तो ठीक, लेकिन इस सब के लिए प्रशासन आगे नहीं आया। अगले साल माघ मेले में मौनी अमावस्या पर संगम स्नान करेंगे। इतिहास में पहली बार किसी शासक ने किसी शंकराचार्य से प्रमाण मांगा। विश्व में आपके यहां का गोमांस बिक रहा है।

### अविमुक्तेश्वरानंद बोले, इतिहास में पहली बार शंकराचार्य से प्रमाण मांगा गया

- अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- अगले माघ मेले में मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य अपनी मर्यादा के साथ संयमशीलता का प्रदर्शन करते हुए बड़े स्नेह, प्रेम और उत्साह के साथ संगम स्नान करेंगे। कोई रोक सके तो रोक ले। मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा गया। इतिहास में पहली बार किसी शासक ने किसी शंकराचार्य से यह पूछने की हिम्मत की।
- उन्होंने कहा- ढाई हजार साल के इतिहास में कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन किसी ने यह साहस नहीं किया। लेकिन योगी आदित्यनाथ ने यह किया। मैंने प्रमाण दे दिया। जब आपके राज्य में गो-माता को राज्य माता नहीं घोषित किया जा पा रहा।, जबकि महाराष्ट्र ने ऐसा कर दिया है, तो आप कैसे गो-भक्त और कैसे हिंदू हैं।
- पूरे भारत के 40% गो-मांस का निर्यात आपके प्रदेश से हो रहा है। विश्व में आपके यहां का गो मांस बिक रहा है। इसे 40 दिन में रोककर दिखाइए, तभी हम मानेंगे कि आप हिंदू हैं। अगर 40 दिन बीत गए और यह नहीं हुआ, तो हम लखनऊ आएंगे। वहां संत-महंतों के साथ बैठकर निंदा करेंगे। घोषित करेंगे कि यही कालनेमि है, यही छद्म हिंदू है।

### सरकार ने शंकराचार्य का नहीं, बल्कि परंपरा का अपमान किया : अजय राय

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। अजय राय ने कहा- शंकराचार्य का पद दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। इस सरकार ने उनका नहीं, बल्कि युगों की परंपरा का अपमान किया है। संत, सनातन और भारतीय संस्कृति के सम्मान और मर्यादा की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती और निष्ठा के साथ खड़ी है। केवल वे ही नहीं, बल्कि पूरा कांग्रेस नेतृत्व माघ मेले के दौरान हुई घटनाओं से आहत है।

> हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है।
> -अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य

### 'शंकराचार्य को 'रावण' बताया'

रायबरेली में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के महामंत्री राहुल सिंह ने होर्डिंग लगवाया है। इसमें शंकराचार्य को 'रावण' और 'कांग्रेसाचार्य' बताया गया है। होर्डिंग सामने आने के बाद कांग्रेस ने इसका विरोध किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए राहुल सिंह के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# स्कूलों में लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड मिले

## सुप्रीम कोर्ट बोला, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में



पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने आज सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए।

### प्राइवेट स्कूलों को 'सुप्रीम' चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर प्राइवेट स्कूल लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालय और सैनेटरी पैड देने में फेल होते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।'

### कोर्ट के 2 सवाल...

- अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं।
- मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है।

### अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश

इसी के साथ अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी स्कूलों में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। वहीं सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में महिला और पुरुष छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### 'लड़कियों के शरीर को बोझ के रूप में देखा जाता है'

यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

### पीरियड में लड़कियां स्कूल नहीं जातीं : याचिकाकर्ता

सोशल वर्कर जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# यूपी में चेतावनी : आज 30 जिलों में भीषण ठंड-कोहरा, 3 दिन फिर बारिश का अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में बारिश के बाद फिर ठंड लौट आई है। शुक्रवार सुबह 30 जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। अलीगढ़-झांसी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक सिमट गई है। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश जैसी महसूस हो रही थीं। लखनऊ एयरपोर्ट पर तीन उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। कोहरे के चलते आगरा में नेशनल हाईवे पर दो गाड़ियां टकराईं। बाइक सवार एक की मौत हो गई। दूसरा घायल है। हादसा नगला रामबक्श में जियो पेट्रोल पंप के सामने हुआ। पछुआ हवा तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम गलन बढ़ गई है। सड़कों पर सन्नाटा रहा। गाड़ियों से निकले लोगों के हाथ सुन्न हो गए। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। जगह-जगह सड़कों के किनारे अलाव जलते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार, 31 जनवरी को उत्तराखंड और नेपाल से सटे मुरादाबाद-बरेली और बहराइच-श्रावस्ती समेत 30 जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। यानी इन जिलों में बहुत अधिक घना कोहरा रहेगा। 30 से 40 किमी स्पीड से सर्द हवाएं चलेंगी। जबकि 33 जिलों में यलो अलर्ट है। यहां कड़ाके की ठंड पड़ेगी। धूप निकलने के चांस कम हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक फरवरी से प्रदेश में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे एक से तीन फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना बनेगी।

# भाजपा विधायक ने समर्थकों संग घेरा मंत्री स्वतंत्र देव का काफिला, सुरक्षाकर्मियों और कार्यकर्ताओं में झड़प

जन एक्सप्रेस। महोबा



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक के बीच बहस

महोबा जिले में एक दिवसीय महोबा भ्रमण पर आए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का युवा उद्घोष कार्यक्रम से लौटते समय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत और उनके समर्थकों ने काफिला रोक लिया। इस दौरान विधायक व उनके समर्थकों ने जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की बदहाली बताई। विरोध के दौरान कार्यकर्ताओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी झड़प हुई। बताया जा रहा है कि शहर के रामश्री महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद मंत्री का काफिला लौट रहा था। तभी कलक्ट्रेट मार्ग पर बड़ी संख्या में भाजपा विधायक व समर्थकों ने काफिला रोका। सीओ सदर अरुण कुमार सिंह और एसडीएम शिवध्यान पांडेय ने मामले को नियंत्रण में किया। रास्ते से गाड़ी हटवाने के लिए स्वतंत्रदेव को खुद नीचे उतरकर आना पड़ा।

### गाड़ी से नीचे उतरे मंत्री, विधायक से हुई कहासुनी

काफिला रुकने के बाद जलशक्ति मंत्री वाहन से नीचे उतर आए। इस दौरान विधायक से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। पूरा मामला पहले से प्लानिंग के तहत माना जा रहा है। चरखारी विधायक के साथ बड़ी संख्या में पहले से ही समर्थक कलक्ट्रेट मार्ग पर पहुंच गए थे। बीच सड़क पर गाड़ियां लगाकर काफिला रोका गया। जब मंत्री गाड़ी से उतरे तो कहासुनी हुई।

### मंत्री ने विधायक से कहा, सड़कें खुदी मिली, तो अफसरों को सस्पेंड कर दूंगा

काफिला रोकने के बाद चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव के बीच बातचीत हुई। मंत्री ने कहा कि जहां कोई शिकायत है, वहां मुझे लेकर चलो। उस गांव में मैं खुद चलता हूं। 40 गांवों में कहोगे तो मैं सभी जगह चेक करने चलूंगा, मेरे साथ अफसर हैं। सभी जगह देखूंगा, लापरवाही मिलने पर अफसरों को सस्पेंड कर दूंगा। आप मेरे साथ मेरी गाड़ी में चलिए।

### समर्थकों को अलग कराकर काफिला आगे बढ़ाया

इसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए समर्थकों को सड़क से अलग कराया और काफिला आगे बढ़वाया। भाजपा विधायक के साथ बड़ी संख्या में प्रधान भी पहुंचे। जिनका कहना था कि जल जीवन मिशन से खोदी गई सड़कों की दशा खराब है, जिन्हें आजतक दुरुस्त नहीं कराया गया। साथ ही, कई गांवों में अभी तक पानी नहीं पहुंच रहा है। तीन साल से समस्या बरकरार है। एसडीएम शिवध्यान पांडेय ने बताया कि विधायक के समर्थकों ने समस्या बताने के लिए जलशक्ति मंत्री के काफिले को रोका था। इसके बाद में समर्थकों को अलग कराकर काफिला आगे बढ़ाया गया।

### इंस्पेक्टर ने दिखाई आंख तो, समर्थक बोला, खा जाओगे क्या

काफिला रोकने और झड़प के बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को अपनी गाड़ी में बैठाया। इस दौरान विधायक के समर्थकों की इंस्पेक्टर से झड़प हो गई। समर्थकों का कहना था कि पूरी बात हो जाएगी, वह तभी जाएंगे। इसी दौरान एक समर्थक बोला- आंख क्यों दिखा रहे हो, खा जाओगे क्या। इस पर इंस्पेक्टर ने कहा कि ऐसा नहीं है, बात तो हो रही है।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसंबर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिक भी बन सकते हैं मतदाता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रवासी भारतीय निर्वाचकों के पंजीकरण की सुविधा दी गई है

विदेशों में निवास कर रहे भारतीय नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रवासी भारतीय निर्वाचकों के पंजीकरण की सुविधा दी गई है। इसके लिए वर्ष 2011 में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन कर नियम 20 क जोड़ा गया था। इसके तहत ऐसे भारतीय नागरिक, जो रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश में रह रहे हैं और जिन्होंने किसी अन्य देश की नागरिकता नहीं ली है, मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रवासी भारतीय वही नागरिक माने जाएंगे, जिनकी आयु अर्हक तिथि को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो और जिनका भारत स्थित निवास पता पासपोर्ट में दर्ज हो। ऐसे नागरिक अपने पासपोर्ट में अंकित पते के आधार पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकते हैं। इसके लिए फार्म 6 के माध्यम से ऑनलाइन, ऑफलाइन अथवा डाक द्वारा आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या श्ष्ह्ढ्हश्झ्ञ मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, भारतीय पासपोर्ट के सुसंगत पृष्ठों की स्वप्रमाणित प्रतियां तथा वैध वीजा की प्रति अनिवार्य होगी। ऑफलाइन आवेदन की स्थिति में मूल पासपोर्ट दिखाना आवश्यक होगा। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बाद प्रवासी भारतीय मतदान के पात्र होते हैं, हालांकि उन्हें मतदाता पहचान पत्र जारी नहीं किया जाता। मतदान के दिन पहचान के लिए मूल पासपोर्ट ही मान्य होगा।

# आशा व आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय हर माह तय तिथि को मिले : योगी

- 150 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं सीएम स्तर पर होंगी मंजूर
- 15 अप्रैल तक हर विभाग को वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत करानी होगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मचारियों का मानदेय हर माह एक तय तिथि पर उनके बैंक खातों में पहुंचना चाहिए। इसके लिए विभागीय स्तर पर सख्त व्यवस्था बनाई जाए, ताकि किसी भी कर्मचारी को भुगतान में देरी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य सरकार अपने संसाधनों से समय पर मानदेय जारी करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश की वित्तीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, डिजिटल वित्तीय सुधार और निर्माण कार्यों की प्रगति पर गहन चर्चा की गई।

### वित्तीय स्वीकृति प्रणाली में बड़ा बदलाव

मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को और अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली वित्तीय स्वीकृति की सीमा 10 करोड़ रुपये तक है, जिसे बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि 50 करोड़ से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की स्वीकृति वित्त मंत्री स्तर से दी जाए, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को मुख्यमंत्री स्तर से मंजूरी मिले। इससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय अनुमति मिलेगी और विकास कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ये कर्मी समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्गों की सेवा कर रहे हैं। ऐसे में इनके भुगतान में किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि भुगतान की एक सुनिश्चित प्रणाली बनाई जाए, जिससे हर माह तय तारीख पर मानदेय सीधे बैंक खातों में पहुंचे। यह व्यवस्था शीघ्र लागू करने को कहा गया।



### 15 अप्रैल तक हर हाल में कार्ययोजना स्वीकृत

मुख्यमंत्री योगी ने सभी विभागों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। समयसीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में यदि 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो विभाग को कारण स्पष्ट करते हुए पुनः अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। इससे वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### वित्तीय स्वास्थ्य में ऐतिहासिक सुधार

वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। नीति आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स वर्ष 2014 में 37 था, जो 2023 में बढ़कर 45.9 हो गया है। इसके साथ ही राज्य 'फ्रंट रनर' श्रेणी में पहले स्थान पर पहुंच गया है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6 प्रतिशत के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। विकास व्यय और स्वास्थ्य व्यय के मामले में भी उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्यों में अग्रणी बना हुआ है।

### पूंजीगत व्यय में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सबसे अधिक है। राज्य ने जितना शुद्ध लोक ऋण लिया, उससे भी अधिक राशि विकास कार्यों पर खर्च की, जिसे वित्तीय अनुशासन का मजबूत संकेत बताया गया। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण-जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी प्रमुख संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे।

### डिजिटल वित्तीय सुधारों पर जोर

वित्त विभाग ने पिछले तीन वर्षों में कई अहम डिजिटल सुधार किए हैं। इनमें ऑनलाइन बजट मॉड्यूल, वेंडर मैनेजमेंट सिस्टम, साइबर ट्रेजरी, पूरी तरह ऑनलाइन बिल प्रेषण, जीपीएफ अनियमितताओं पर रोक और डिजिलॉकर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराना शामिल है। कोषागार सुधारों के तहत साइबर ट्रेजरी के माध्यम से खातों का पूर्णतः पेपरलेस प्रेषण अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### शासकीय भवनों के अनुरक्षण पर सख्ती

मुख्यमंत्री ने शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य किया जाए। पुराने भवनों के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता भी बताई गई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराने के निर्देश दिए गए।

# बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र शास्त्री ने खुरहंड में पढ़ाया सनातन का पाठ

जन एक्सप्रेस । बांदा



भव्य दिव्य हनुमंत कथा के दस दिन बाद ही एक बार फिर से बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने खुरहंड स्टेशन स्थित सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पर आयोजित सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और हिंदुओं को एकजुटता पाठ पढ़ाया।कहा कि मुसलमानों को गाली देने से नहीं बल्कि हिंदुओं को अपनी कुरीतियां सुधारने भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।उन्होंने मंच से ही सभी श्रद्धालुओं को आगामी 15 फरवरी को आयोजित सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आमंत्रण दिया और अपने आशीर्वचनों से सभी को लाभांवित किया।मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर स्थित खुरहंड स्टेशन में दो अलग-अलग पंडालों में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा पाठ के साथ श्रद्धालुओं की अर्जी लगाई। कहा कि जीवन में सुखी रहने के लिए क्षमा को अंगीकार करना चाहिए।उन्होंने लोगों को क्षमा करने और मांगने की कला सीखने की नसीहत दी।कहा कि क्षमा करना और मांगना दोनों ही सीख गए तो किसी दरबार में अर्जी लगाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सनातन की कमियों को दूर करने की नसीहत देते जात-पांत की करो विदाई-हम सब हिंदू भाई-भाई का नारा बुलंद किया। कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए एक एक व्यक्ति को हनुमान जी बनना पड़ेगा। बागेश्वरधाम सरकार ने खुरहंड निवासी दो बालकों को मंच पर बुलाकर दुलार किया और उसके साथ विनोद करते हुए अपने अंदाज में कहा कि ठठरी के बरे हमाओ चेला बन जा। वहीं भीड़ में बैठे एक बुजुर्ग को भी मंच पर बुलवाया और उन्हें अपने बगल के सोफे पर बैठाया।इसके बाद उन्होंने सभी हनुमान चालीसा पाठ के साथ सभी की सामूहिक अर्जी लगवाई और बालाजी सरकार की कृपा प्रदान कराई।इसके पहले बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र शास्त्री ने खुरहंड स्टेशन स्थित कैलाशेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।भगवान कैलाशेश्वर महादेव का विधिवत रुद्राभिषेक करके रुद्रावतार हनुमान जी की आराधना की।इसके बाद बागेश्वरधाम सरकार ने दूसरे पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को संबोधित किया और उन्हें भी सुखी जीवन जीने का मंत्र समझाया। बागेश्वरधाम सरकार ने सभी श्रद्धालुओं को मंच से ही 15 फरवरी को बागेश्वरधाम गढ़ा में आयोजित होने वाले तीन सौ कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया।इसके पहले अयोध्याधाम स्थित हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास जी महराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया और उन्हें एकजुट होकर हिंदू राष्ट्र बनाने के काम में बागेश्वरधाम सरकार का सहयोगी बनने का आह्वान किया।इस मौके पर कुरसेजाधाम के महंत परमेश्वरदास,नागाबाबा आश्रम के चेतन ब्रह्मचारी,कबीर आश्रम भरखरी के महंत समेत तमाम साधु संत मंचासीन रहे।बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र शास्त्री ने सदर विधायक के आवास पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ में न सिर्फ हिस्सा लिया, बल्कि कैलाशेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।बागेश्वरधाम सरकार ने अपने संबोधन में सदर विधायक को धर्मनिष्ठ व सनातन प्रेमी बताया।कहा कि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी संतों की सेवा और ईश्वर में अटूट निष्ठा रखने वाले हैं।उनके ऊपर स्वयं महादेव और रुद्रावतार हनुमान जी की कृपा है। बागेश्वरधाम सरकार ने इसी वर्ष में खुरहंड क्षेत्र में भव्य कथा सुनाने का ऐलान किया।कहा कि जल्द ही वह खुरहंड क्षेत्र में हनुमंत कथा सुनाने आएंगे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जनपद में बागेश्वरधाम सेवा समिति का गठन कर हिंदू कन्या विवाह सम्मेलन में शामिल होने का ऐलान किया।

# यूजीसी की नई गाइडलाइन के विरोध में धर्मनगरी में हुआ प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




यूजीसी नियमों के विरोध में शुक्रवार को सवर्ण समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ हाथों में तख्ती लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को सौंपकर इस काले कानून को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उक्त प्रावधानों पर पुनः विचार कर उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि उच्च शिक्षा का वातावरण समानता, सौहार्द और निष्पक्षता पर आधारित बना रहे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के नए नियम सवर्ण समाज के हितों के खिलाफ है और सरकार बिना संवाद के मनमाने फैसले थोप रही है। जिससे समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। प्रदर्शनकारियों ने पूरे शहर में प्रदर्शन करते हुए साफ शब्दों कहा कि सरकार की दोहरी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जिस तरह से यह सरकार सवर्णों से अत्याचार कर रही है उसका हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। मांग की कि अनारक्षित सामान्य वर्ग के साथ हो रहे संवैधानिक अन्याय को समाप्त कर यूजीसी बिल वापस लिया जाए। साथ ही उच्च शिक्षा में योग्यता, गुणवत्ता एवं समान अवसर सुनिश्चित किया जाए। चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष बाराती लाल पाण्डेय ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद अध्यक्ष बादल पयासी, करणी सेना जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार, सवर्ण आर्मी प्रदेश महासचिव विजय शुक्ला, जिलाध्यक्ष विनय मिश्रा, वानर सेना जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, भारत सवर्ण आर्मी संदीप द्विवेदी, विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल, अभाब्राएप महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गायत्री पाण्डेय, शिव करवरिया, अशोक कुमार पांडेय, अरुण मिश्रा, विपुल मिश्रा, गणेश मिश्रा, पंकज शुक्ला, पंकज तिवारी, शैलेन्द्र पांडेय, अरविंद पाण्डेय, राकेश केशरवानी, अभेष मिश्रा, नवनीत प्रधान, रज्जन द्विवेदी, अरुण सिंह बघेल, प्रधान हेम सिंह चैहान, अखिलेश पाण्डेय, बिल्लू विधायक, कुलदीप उपाध्याय, अन्नू शुक्ला, विपिन पाण्डेय, विपिन तिवारी, अवनीश पाण्डेय, घनश्याम द्विवेदी, श्याम बाबू पयासी, मनोज पाण्डेय, जितेन्द्र शुक्ला, राजू गुप्ता, विमल केशरवानी, आशीष श्रीवास्तव, गांगुली महराज, सोनू गर्ग, राजकुमार त्रिपाठी, रमाकांत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में तिथि भोजन के जरिए बांट सकेंगे बच्चों संग खुशियां : बीके शर्मा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने और बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए तिथि भोजन कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया।

सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विद्यालय से जोड़े रखने और उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मिड-डे मील सहित कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को तिथि भोजन योजना के तहत छात्र-छात्राओं के लिए विशेष तिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को रसगुल्ला, खीर, पूड़ी, पापड़, रायता तथा आलू-गोभी तथा पनीर की सब्जी परोसी गई। बच्चे स्वादिष्ट भोजन खाकर काफी खुश नजर आए। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि तिथि भोजन मानिकपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा, प्राथमिक विद्यालय सेमरदहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐंचवारा, कंपोजिट विद्यालय रूखमा, प्राथमिक विद्यालय रामसेवक का पुरवा, कंपोजिट विद्यालय अमचूर नेरुआ, प्राथमिक विद्यालय भगत सिंह नगर, प्राथमिक विद्यालय सुअरगढ़ा, रामनगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रामपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रगौली, प्राथमिक विद्यालय रेवाड़ी व प्राथमिक विद्यालय चकभडेसर में संभ्रांत व्यक्तियों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खीर पूरी आदि व्यंजन परोसे गए। बताया कि तिथि भोजन के माध्यम से एमडीएम के नियमित मेन्यू से अलग विशेष अवसरों पर बच्चों को चावल, गेहूं से बने व्यंजन, फल, दाल, दलिया व पत्तेदार सब्जियों से बना ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने समाज के सक्षम एवं जागरूक लोगों से अपील की कि वे अपने विशेष अवसरों में कोई भी सामाजिक व्यक्ति, अभिभावक, अध्यापक अपने बच्चों के जन्मदिन या सालगिरह या किसी अन्य अवसर पर तिथि भोजन का आयोजन करवा सकता है। इसके लिए पूर्व में सूचना देकर विद्यालय में बच्चों को पौष्टिक आहार का वितरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 28 विद्यालयों में तिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा आगे भी यह कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा।

## सचिव ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात कर, किये गये इन्तिजामों की जमीनी हकीकत को परखा



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

सचिव ने वृद्धा आश्रम पहुँचकर बुजुर्गों से मुलाकात कर जाने उनके हाल चाल। जिला जज मनोज कुमार राय के कुशल निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने हमीरपुर में स्थित वृद्धाआश्रम पहुँचकर वृद्धजनों का हाल चाल जाना। वृद्धजनो से आश्रम के व्यवस्था के साथ ही नाश्ता, खाना और दूसरी जरुरतों पर विस्तार जानकारी ली गयी। सचिव ने आश्रम कें पाकशाला, बाथरूम सहित भवन का जायजा लेने के साथ ही जिम्मेदारों को साफ-सफाई के साथ ही मौसम के मद्देनजर वृद्धजनों को गरम कपड़े मुहय्या कराने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही सचिव ने विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का भी जायजा लिया गया। जायजे के दौरान भारत नाम का दो माह का बच्चा संवासित पाया गया। साचिव ने निर्देशित किया कि, बच्चे को बाल रोग स्पेशलिस्ट को दिखाकर उसकी डायट और टीकाकरण के बारे में सलह लेकर जरुरी कार्यवाही करना तय करें। इसके बाद सीएमओ की तरफ से विश्व कुष्ठ रोग निवाण दिवस के आयोजन के मौके पर पहुँचकर सचिव ने कार्यक्रम में भी शिरकत की।

## जिला जेल में हुआ लोक अदालत का आयोजन,आठ मामलों में पांच को मिला मौके पर इंसाफ

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में आये आठ मामलों में पांच को मौके पर मिला इंसाफ, ये सब स्कालर जज वन्दना अग्रवाल की बेहतरीन समझ बूझ और दमदार न्यायिक क्षमता के चलते हुआ सम्भव। राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण, नई दिल्ली के साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य विधिक प्राधिकरण लखनऊ, जबकि जिला जज मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदियों के फायदे के लिये जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आये आठ मामलों में पांच को स्कालर जज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वन्दना अग्रवाल ने अपनी बेहतरीन समझ बूझ और न्यायिक क्षमता के दम पर मौके पर ही बेहतरीन तरीके से सुलझा दिया गया। वहीं बाकी मामलों को भी जल्द सुलझाने के जिम्मेदारों को दिये निर्देश। जिसकी वहाँ मौजूद लोगों ने जमकर तारीफ की। लोक अदालत के दौरान प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य न्याय रक्षक आनन्द सक्सेना सहित सहायक मुख्य न्याय रक्षक फिरोज आलम मौजूद रहे।

## आज लगेगा पंजीकरण शिविर

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना के अंतर्गत नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट पोर्टल (एन.एफ.डी.पी.) पर पंजीकरण के लिए 31 जनवरी शनिवार को मऊ तहसील के बरिया गांव में पूर्वाह्न 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि इस शिविर में मछुवारे, नाविक, मत्स्याखेटक, मत्स्य समितियां, ग्राम समाज के प?ट्टेधारक व मत्स्य व्यवसायी पंजीकरण कराकर विभागीय योजनाओ का लाभ उठा सकते है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, जनपद में छह होल्डिंग एरिया चिन्हित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। जिसके तहत एक्सप्रेस–वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने तथा उनके सुरक्षित ठहराव के लिए होल्डिंग एरिया चिन्हित कर उन्हें क्रियाशील किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा संयुक्त निरीक्षण एवं सर्वेक्षण कर जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों, प्रमुख जिला मार्गों एवं अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर कुल छह पार्किंग/होल्डिंग स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें थाना बरगढ़ के कलचिहा में यूपीसीडा परिसर, राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर बरगढ़, कर्वी–राजापुर रोड पर बाजपेई तिराहा के बाईं ओर खाली भूमि, राजापुर से महेवा घाट रोड पर पेट्रोल पंप के बगल में पैठ मैदान, बेड़ी पुलिया–बांदा मार्ग में मत्स्यगजेंद्र नाथ धर्म कांटा के सामने खाली भूमि व खोह के पास पुलिस लाइन के निकट गेट नंबर 1 से गेट नंबर 2 तक दाईं ओर खाली भूमि को शामिल किया गया है। बताया कि इन चिन्हित होल्डिंग स्थलों का उद्देश्य सड़क किनारे खड़े रहने वाले बस, ट्रक, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर–ट्रॉली एवं अन्य वाहनों को सुरक्षित रूप से निर्धारित स्थानों पर खड़ा कराना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। उन्होंने समस्त वाहन स्वामियों एवं चालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने वाहनों को केवल चिन्हित होल्डिंग स्थलों पर ही खड़ा करें। चेतावनी दी कि एक्सप्रेस–वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग अथवा अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने

# डीएम ने किया अटल पार्क का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों व अटल पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने विभिन्न जगहों पर खाली पड़ी भूमि में विकास कार्य कराकर उन्हें उपयोग करने के लिए सम्बन्धितों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कहा कि विकास कार्यों के पूर्ण होने से नगर क्षेत्र का स्वरूप अधिक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित होगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने वार्ड नं 18 के धनुष चैराहा व पुरानी बाजार, वार्ड नं 20 रामपुरी के पुराना बस स्टैंड व पुरानी कोतवाली, वार्ड नं 23 गांधी गंज में धतुरहा चैराहा से धनुष चैराहा तक भ्रमण कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही डीएम ने अटल पार्क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने विभिन्न जगहों पर रिक्त पड़ी भूमि का निरीक्षण कर विकास एवं उपयोगिता के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया। जिसके तहत उन्होंने पुराने बस स्टैंड परिसर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए सम्बन्धितों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुरानी कोतवाली परिसर के समुचित विकास के लिए भी कार्ययोजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अटल पार्क में स्थित द्वितीय गेट को शीघ्र चालू करने को कहा। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारा जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बताया कि निरीक्षण मुख्य उद्देश्य नगर के सुव्यवस्थित विकास व सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने सहित नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वच्छ एवं सुन्दर नगर की अवधारणा को साकार करना है।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के सम्बन्ध में शुक्रवार को शिविर के नोडल अधिकारी अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील प्रथम ने समस्त न्यायिक अधिकारियों व शिविर की उपसमिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के नोडल अधिकारी अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने शिविर से सम्बन्धित आयोजित किये जाने वाले प्री-कैम्पों के बारे में उपसमितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर बताया गया कि जनपद में कार्यरत प्रशासनिक विभागों द्वारा इस विधिक सहायता शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जनहित के विषयों पर शिविर लगाकर आम जनता को जानकारी प्रदान की जा रही है। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी एक्ट राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज (सी.डि.) सचिन कुमार दीक्षित, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्णिका शुक्ला, अपर सिविल जज (सी.डि.) अंशुमान यादव, सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. अश्वनी कुमार उपाध्याय, सिविल जज (जू.डि.) सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अंजलिका प्रियदर्शिनी, सिविल जज (जू.डि.)/एफ.टी.सी. सृष्टि शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चैधरी आदि मौजूद रहे।

## सत्य व अहिंसा का नाम ही गांधी है: राजेश दीक्षित




जन एक्सप्रेस । बांदा

शनिवार को जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन कर कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने विचार प्रकट करते हुए गांधी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि सत्य और अहिंसा का ही नाम गांधी है, देश की आजादी के लिए असहयोग आंदोलन, विदेशी कपड़ों का बहिष्कार, नमक सत्याग्रह ,अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाए गए व देश प्रेम भावना बलवती करने के लिए भारत भ्रमण कर युवाओं के अन्दर क्रांति का संचार किया गया, देश की आजादी के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, 1929 में गांधी जी जे वी कृपलानी, महादेव देसाई, माता कस्तूरबा के साथ बांदा आए, कुंवर हरप्रसाद सिंह की कोठी पर रुके और यहां के प्रमुख क्रांतिकारियों से आजादी के लिए सलाह, मशवरा किया गया, साथ ही शहर में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें बंदे मातरम और भारत माता की जय का उदघोष किया गया। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता / पूर्व प्रधान खरौंद गज्जू फौजी के निधन पर कांग्रेस जनों द्वारा दिवंगत आत्मा की आत्म शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।इस अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, एआईसीसी सदस्य प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, रमेश चन्द्र द्विवेदी एडवोकेट, जिला महामंत्री / मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जितेन्द्र गौरव, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, जिला कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार गुप्ता, राजबहादुर गुप्ता, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, के पी सेन, गोविन्द नारायण, छेदीलाल धुरिया, संतोष कुमार रैकवार, सैय्यद वारिस अली, शब्बीर सौदागर, इस्लाम भाई, सुखदेव गांधी, अली बख्श, जगदेव प्रजापति, सेवक वर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिलाध्यक्ष बने ऋतुराज



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** क्षेत्र के अलिहा गांव निवासी राम प्रकाश खरे (ऋतुराज) राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर कर स्वागत किया।राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डा इंदेश कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा जारी लेटर पर बबेरू क्षेत्र अलिहा गांव के ऋतुराज खरे को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा गो सेवा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गो सेवा हमारी संस्कृति और वैदिक परंपरा का अभिन्न अंग है, उन्होंने कहा कि गाय का हमारे सनातन धर्म में बहुत ऊंचा स्थान है ये प्रकृति के द्वारा प्रदत्त अमूल्य धरोहर में से है इसलिए सभी को गौ सेवा में योगदान देना चाहिए।

# डकैतों के नाम पर ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले को सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

निर्माण कार्य में डकैतों के नाम पर चैथ वसूली करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायधीश ने आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि कर्वी के पुरानी बाजार निवासी भाजपा नेता रविप्रकाश त्रिपाठी ने कर्वी कोतवाली में बीती पांच जनवरी 2013 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह घुरेटनपुर गांव में मण्डी समिति बांदा से संबंधित गल्ला मण्डी का निर्माण करा रहे थे। इस दौरान बीती नौ दिसंबर 2012 से घुरेटनपुर निवासी भगवानदास पटेल एवं दस्यु सरगना स्वदेश पटेल उर्फ बलखड़िया ने मोबाइल पर उन्हें धमकाना शुरु कर दिया। धमकी दी गई कि गल्ला मण्डी का निर्माण कराना है, तो कुल लागत का पांच प्रतिशत यानी 10 लाख रुपये उन्हें दे जाओ, नहीं तो जान से मार दिए जाओगे और यहां से ठेकेदारों की लाशें ही जाएंगी। फोन पर उनके साथ दूसरे पार्टनर सुरेश पांडेय को भी भगवानदास व दस्यु बलखड़िया ने धमकी दी और घरेटनपुर में हो रहे निर्माण कार्य को बन्द करा दिया। जिसके बाद दोबारा काम शुरु होने पर भगवानदास ने घुरेटनपुर में मण्डी निर्माण स्थल पर आकर धमकी दी कि कार्य बंद न करने पर वह बलखडिया गैंग को लेकर आएगा। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कार्यस्थल पर पुलिस की सुरक्षा में काम शुरु कराया और निर्माण पूरा कराया।

# बुंदेलखंड कबड्डी लीग 2026 का धमाकेदार आग़ाज़! रोमांच से गूंज उठा मैदान

जन एक्सप्रेस । बांदा



बुंदेलखंड कबड्डी लीग 2026 सीजन-2 की शुरुआत पहले ही दिन ज़बरदस्त जोश और धमाकेदार मुकाबलों के साथ हुई।लीग का पहला मैच बांदा दबंग बनाम आल्हा योध्दा के बीच खेला गया, जिसमें बाँदा दबंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25-21 से जीत दर्ज कर लीग का आग़ाज़ जीत के साथ किया। दिन भर चले मुकाबलों में कबड्डी प्रेमियों को एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिले। छत्रसाल बुंदेला ने बेहद करीबी मुकाबले में बुंदेलखंड एक्सप्रेस को 30-29 से पराजित किया। पन्ना डायमंड्स ने ऊदल लायंस को 29-27 से हराया।मलखान राइडर्स ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए महाराजा खेत सिंह को 34-20 से शिकस्त दी।इसके बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेस ने आल्हा योध्दा को 34-20 से मात दी।बांदा दबंग ने अपने दूसरे मुकाबले में छत्रसाल बुंदेला को 24-17 से हराया,जबकि मलखान राइडर्स ने ऊदल लायंस को 34-16 से पराजित कर अपनी ताक़त का परिचय दिया।मैदान पर रेड, सुपर टैकल और आख़िरी पलों तक चले मुकाबलों ने दर्शकों को सीट से बांधे रखा। हर मैच के साथ रोमांच बढ़ता गया और दर्शकों की तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा।उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वंभर यादव विधायक, बबेरू उपस्थित रहे। उनके साथ मुमताज़ अली, ओम नारायण त्रिपाठी विदित,रामेंद्र शर्मा, शारदा निषाद ( अपर जिला सूचना अधिकारी), संध्या कुशवाहा (डायरेक्टर, भागवत प्रसाद) शब्बीर खान (जुगनू), शाहिद खान (अन्ना), आरिफ भाई प्रवीण पांडेय सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने मुकाबलों का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अंकित कुशवाहा,सचिव कमल यादव एवं कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना की उपस्थिति में आयोजन और भी गरिमामय बन गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अंकित कुशवाहा ने कहा कि ÷बुंदेलखंड कबड्डी लीग केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के युवाओं के सपनों का मंच है। पहले ही दिन खिलाड़ियों ने जिस जुनून और खेल भावना का प्रदर्शन किया है, वह यह साबित करता है कि हमारा क्षेत्र कबड्डी में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तैयार है।÷ पहले दिन के मुकाबलों ने यह साफ कर दिया कि बुंदेलखंड कबड्डी लीग 2026 आने वाले दिनों में और भी रोमांचक होने वाली है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 31 जनवरी, 2026






**'गांधी' एक सोच, जिसे नफरत नहीं मिटा...**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति का नाम नहीं है, बल्कि वे एक सोच और जीवन जीने का तरीका हैं। राहुल गांधी के अनुसार, इतिहास में कई बार साम्राज्यवादी ताकतों, नफरत... पढ़ें पेज 12 पर...

# गरीबों के मकानों पर अधिकारियों का डांका!

- 2500 करोड़ के भुगतान में 35% 'कट', सूडा में रातों-रात निकाले गए 200 करोड़
- सीएम की आपत्तियों को रौंदकर फाइलें फाड़ी गईं, नकद कमीशन की वसूली का आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जो गरीबों को पक्की छत देने का सपना लेकर आई उत्तर प्रदेश में कथित तौर पर भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी प्रयोगशाला बनती जा रही है। सूडा (राज्य नगरीय विकास अभिकरण) में बीते पांच वर्षों से जमे वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता पर हजारों करोड़ रुपये की खुली लूट, फर्जी भुगतान, फाइलें नष्ट करने और 35 प्रतिशत कमीशन सिस्टम चलाने जैसे सनसनीखेज आरोप लगे हैं। मामला लोकायुक्त तक पहुंच चुका है और सीबीआई-ईडी



संजीव गुप्ता, वित्त नियंत्रक

जांच की मांग तेज हो गई है।

## 2500 करोड़ के भुगतान में 'कमीशन राज'

शिकायत के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत चयनित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स (पीएमसी) को करीब 2500 करोड़ का भुगतान किया गया। आरोप है कि इस राशि में से करीब 35% कमीशन निकालकर अधिकारियों के बीच बांटा गया।

### अब सवालों से भागेगा कौन?

- जब मुख्यमंत्री ने आपत्ति लगाई, तब भुगतान कैसे हुआ?
- फाइलें किसके आदेश पर नष्ट की गईं?
- गरीबों के घर का पैसा किसकी तिजोरी में गया?
- मामले की शिकायत लोकायुक्त, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और केंद्रीय जांच एजेंसियों तक भेजे जाने की बात कही गई है।
- अब देखना यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का यह कथित महाघोटाला दबेगा या दोषियों तक पहुंचेगी जांच?
- प्रदेश की जनता जवाब चाहती है।

सवाल यह है कि गरीबों के मकान की रकम किसकी जेब में गई?

### निदेशक को गुमराह कर करोड़ों की मंजूरी

वर्तमान निदेशक अपूर्वा दुबे के कार्यकाल में बिना जानकारी ?2.75 करोड़ के भुगतान कराए जाने का आरोप भी सामने आया है। मामला उजागर होने पर निदेशक ने अधिकारियों को तलब कर एफआईआर की चेतावनी दी, फिर भी भुगतान की कोशिशें जारी रहीं।

### मुख्यमंत्री ने रोका, फिर भी 31 मार्च की रात लुट गए 200 करोड़

मार्च 2025 में पीएमसी भुगतान की ?200 करोड़ की फाइल मुख्यमंत्री तक पहुंची तो गंभीर आपत्तियां लगाई गईं। लेकिन आरोप है कि स्पष्टीकरण देने के बजाय मूल पत्रावली ही फाड़ दी गई और 20-20 करोड़ की कई नई फाइलें बनाकर 31 मार्च की रातभर भुगतान कर दिया गया। शिकायत में दावा है कि इसी रात नकद कमीशन की वसूली भी हुई।

### 500 का काम, 10,000 का भुगतान!

शिकायत में चौंकाने वाला खुलासा, जिलों में पीएमसी द्वारा प्रति आवास ?500 से अधिक का काम नहीं, जबकि भुगतान 10,000 प्रति आवास तक किया गया। तो सवाल सीधा है बाकी पैसा कहां गया?

### एसीपी और वेतन में भी वसूली का खेल

आरोप है कि सूडा कर्मचारियों को मिलने वाले एसीपी लाभ जानबूझकर रोके गए, उनसे अवैध वसूली की गई और आउटसोर्स कर्मियों के जरिए लेखा शाखा को पूरी तरह नियंत्रित किया गया।

### बंद योजना से वेतन भुगतान, खुली वित्तीय अनियमितता

एनयूएलएम योजना बंद होने के बावजूद कर्मचारियों को प्रशासनिक मद से वेतन, जनपदों से वसूली और शासन-निदेशक को गुमराह करने के आरोप भी लगे हैं जो सीधे वित्तीय अनियमितता के दायरे में आते हैं।

### आउटसोर्स कर्मी बना 'सिस्टम का मालिक'

आउटसोर्स लेखा कर्मी प्रशांत द्विवेदी को लेकर भी गंभीर सवाल हैं। आरोप है कि पूर्व संस्थानों में घोटालों के बाद उसे सूडा में पावर सेंटर बनाया गया और उसी के जरिए अरबों रुपये के लेन-देन को अंजाम दिया गया।

### आय से अधिक संपत्ति का शक

शिकायत में वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता की देवरिया और लखनऊ में करोड़ों की कोठी-फार्महाउस का उल्लेख है। दावा है कि निष्पक्ष जांच हुई तो आय से अधिक संपत्ति का पूरा जाल सामने आ सकता है।

# आलमबाग में व्यापारियों की ताकत का शंखनाद

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में 2 फरवरी को शपथ लेगा आलमबाग: चंदर नगर व्यापार मंडल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

व्यापारियों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। आलमबाग-चंदर नगर व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 2 फरवरी 2026 को चंदर नगर गेट, आलमबाग में आयोजित होगा। अपराह्न 2 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी अमरनाथ मिश्रा और पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी (गुड्डू भईया) विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी और क्षेत्र के व्यापारियों से जुड़े अतिक्रमण, सुरक्षा, टैक्स, प्रशासनिक उत्पीड़न और विकास जैसे ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर मंथन होगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमेश मिश्रा और वरिष्ठ महामंत्री मोहन खत्री ने साफ शब्दों में कहा कि अब व्यापारियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, 'व्यापारियों के हितों पर कोई समझौता नहीं होगा। प्रशासन से संवाद भी होगा और जरूरत पड़ी तो संघर्ष से भी पीछे नहीं हटेंगे।' नेताओं का कहना है कि आलमबाग-चंदर नगर क्षेत्र के हजारों व्यापारियों को एकजुट कर यह मंच उनकी आवाज को मजबूती के साथ सत्ता और प्रशासन तक पहुंचाएगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह है और इसे व्यापारिक एकता के नए दौर की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीपीओ पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को हजरतगंज जीपीओ पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद डॉक्टर महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान,महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, जया देवी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी गांधी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने महात्मा गांधी तथा देश की आजादी से से जुड़े तराने भी गाए। मुख्यमंत्री ने भी गांधी प्रतिमा के समक्ष कुछ देर बैठकर पाठ भी किया और बच्चों के तरानों को सुना। महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, सीता नेगी, अनुराग साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण मंडलों में सुना जायेगा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केंद्रीय आम बजट को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा व्यापक अभियान चलाया जायेगा। अभियान की योजना रचना के लिए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यालय पर आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की योजना के अनुसार प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बजट में शामिल जन कल्याणकारी योजनाओं की सही और स्पष्ट जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना है। बजट की खूबियों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रबुद्ध वर्ग और आम जनता के साथ संवाद कार्यक्रम, संगोष्ठी,प्रेस वार्ता, सोशल मीडिया पोस्ट व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि 1 फरवरी रविवार को केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सुनने के लिए मंडलो में सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की जाएगी।महानगर कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यक्रम संयोजक घनश्याम दास अग्रवाल, दीपक शुक्ला, योगेंद्र पटेल, सीता नेगी, अमित त्रिपाठी, मयंक बाजपेई, अनुराग साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आलमबाग में नशे का खेल बेनकाब, 750 ग्राम गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

- रेलवे लाइन के पास खुलेआम चल रहा था अवैध कारोबार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में नशे के खिलाफ पुलिस के अभियान के तहत थाना आलमबाग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रेलवे की छोटी लाइन के पास से अवैध गांजा की बिक्री कर रही महिला तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अभियुक्ता के कब्जे से 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है।
जानकारी के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को चौकी मवैया प्रभारी उप निरीक्षक धीरज यादव पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग में जुटे थे। इसी दौरान रेलवे की छोटी लाइन से कैब वे कट के पास एक



महिला की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। तलाशी लेने पर महिला के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ, जिससे क्षेत्र में चल रहे नशे के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ। गिरफ्तार महिला की पहचान रेनू रावत (उम्र लगभग 28 वर्ष), निवासी थाना बाजारखाला, लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्ता के खिलाफ मु0अ0सं0 19/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्ता चौकी मवैया और आसपास के इलाकों में घूम-घूम कर गांजा बेचती थी, जिससे युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेला जा रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक धीरज यादव, उप निरीक्षक अभिनन्दन अग्रहरि, कांस्टेबल मनजीत देशवाल, महिला कांस्टेबल अंजली सिंह और महिला कांस्टेबल रूपाली शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# कर्तव्य पथ पर चमकी उत्तर प्रदेश की झांकी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उन्नति की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रदेश की झांकी को पॉपुलर च्वॉइस केटेगरी में द्वितीय पुरस्कार मिला। लोगों द्वारा सराही गई इस झांकी में बुंदेलखण्ड की सांस्कृत विरासत और आधुनिक विकास यात्रा को केन्द्रित किया गया था। उत्तर प्रदेश ने लगातार सातवें वर्ष पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विशिष्ट सृजनात्मक पहचान कायम रखी। नई दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस परेड में 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ 13 मंत्रालयों व विभागों की कुल 30 झांकियां शामिल थीं, जिनमें लोकप्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला।समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित इस झांकी में उत्तर प्रदेश ने बुंदेलखण्ड की संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की झलक भी दिखाई थी। झांकी में बुंदेलखण्ड की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को प्रमुखता से दर्शाया गया। कालिंजर दुर्ग की शैल कला और एकमुख लिंग, क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते दिखाई दिए। झांकी में बुंदेलखंड की मृद्भांड कला, मनका शिल्प, पारंपरिक हस्तशिल्प, एक जनपद एक उत्पाद, ब्रह्मोस मिसाइल, एक्सप्रेस नेटवर्क और आधुनिक अवसंरचना की झलक भी शामिल थी, जिसने विकास और परंपरा का संतुलित चित्र प्रस्तुत किया।

# किसानों को एक समान जमीन के रेट ना मिलने पर किसानों ने की महापंचायत, जताई नाराज़गी

- किसान महापंचायत में कई किसानों ने जमीन के रेट में भेदभाव का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले एलडीए की नैमिष नगर योजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण में कथित भारी असमानता के विरोध में शुक्रवार को प्रभावित किसानों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। लगभग दस (10) ग्राम सभाओं के किसानों ने किसान महापंचायत कर प्रशासन पर खुला भेदभाव करने का आरोप लगाया और तहसीलदार हेमचंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपकर सभी ग्रामों के लिए समान सर्किल रेट पर मुआवजा तय करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि नैमिष नगर योजना, क्षेत्र, भूमि की प्रकृति और उपयोग एक समान होने के बावजूद प्रशासन ने मुआवजा निर्धारण में दोहरा मापदंड अपनाया है, जहां 8 ग्राम सभाओं के लिए 1



करोड़ 25 लाख का सर्किल मूल्य तय किया गया,तो वहीं 10 ग्राम सभाओं के किसानों को केवल 81 लाख देकर खुली असमानता बरती गई हैं। किसानों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। वही किसान महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि किसान विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन समान भूमि के लिए समान मुआवजा उनका कानूनी और संवैधानिकअधिकार है। पिछले 6-7 महीनों से किसान संबंधित विभागों और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, परंतु अब तक न तो कोई ठोस निर्णय हुआ और न ही कोई लिखित जवाब दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्यायोचित निर्णय नहीं लिया गया तो जल्द ही नैमिष नगर योजना कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और कानून के दायरे में रहेगा, लेकिन इसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। तहसीलदार हेमचंद्र तिवारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। इस दौरान सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी मय पुलिस बल मौजूद रहे। किसान महापंचायत में भानु रावत, आनंद त्रिपाठी, भानु लोधी, मंसाराम वर्मा, राजन पांडेय, हरिओम लोधी, लल्लन राजपूत, शिवपाल लोधी, अभिमन्यु द्विवेदी, अवध बिहारी मिश्रा, शिव बिहारी मिश्रा, भगौती रावत, विनोद प्रजापति, राहुल सिंह, खुशीराम यादव अन्य किसान मौजूद थे।

# इटौंजा के बेलवा पास ट्रेन हादसे में अज्ञात बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक दर्दनाक रेल हादसे में अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस के अनुसार लखनऊ सीतापुर हाईवे स्थित बेलवा क्रॉसिंग के पास इज्जतनगर गोरखपुर एक्सप्रेस सीतापुर की ओर से लखनऊ जा रही थी। इसी दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया,लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# कौशल विकास के साथ अब 'अपडेट' भी होंगे युवा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी नागरिक बनाने की दिशा में लगातार नए नवाचार कर रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने एक अभिनव निर्णय लेते हुए प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर दैनिक समाचार-पत्र पठन को अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर वर्तमान में एक लाख से अधिक प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अब ये युवा कौशल विकास के साथ-साथ देश-दुनिया की घटनाओं, समसामयिक विषयों और सामान्य ज्ञान से भी नियमित रूप से जुड़ेंगे।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश का युवा केवल तकनीकी रूप से दक्ष ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक परिदृश्य की समझ रखने वाला भी बने। इस निर्णय का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों की एम्प्लॉयबिलिटी रोजगार-क्षमता बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास, संवाद कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना है।नए निर्देशों के अनुसार स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और प्रोजेक्ट प्रवीण सहित सभी योजनाओं के अंतर्गत संचालित बैचों में कक्षा की शुरुआत समाचार-पत्र पठन से होगी।

# दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के निर्देशों के क्रम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता 29-30 जनवरी का लखनऊ में समापन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जया देवी कौशल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद कौशल किशोर सहित कार्यक्रम में अनुपमा मौर्य, उपनिदेशक, निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, राजेश मिश्र, उपनिदेशक, लखनऊ मंडल, शशांक सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण खेल समन्वयक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजट खर्च पर वित्त मंत्री ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज विधानसभा नवीन भवन स्थित पारिजात कक्ष में विभिन्न विभागों के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट व्यय की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार द्वारा जारी किए गए बजट का समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग किया जाये तथा योजनाओं का कार्यान्वयन सुचारू रूप से धरातल पर हो। 18 विभागों प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, लोकनिर्माण, सिंचाई, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, भारी एवं मध्यम उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नगर विकास, सूडा, कृषि, आवास, पर्यटन, सहकारिता, महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के व्यय की समीक्षा की।वित्त मंत्री ने विभागों द्वारा बजट व्यय कम किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया। बजट 2025-26 में विभागों को आवंटित बजट का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'बजट आवंटन का उचित उपयोग प्रदेश के समग्र विकास में निर्णायक भूमिका निभाता है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं को समय पर पूर्ण करना ही प्राथमिकता है विभाग अपने बजट का खर्च समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं और विकास कार्यों में और अधिक तेजी आए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार एवं अन्य विभागों के प्रमुख सचिव तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री केशव ने कपिलवस्तु में बौद्ध भिक्षुओं को दिया जीर्णोद्धार का आश्वासन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिद्धार्थनगर का भ्रमण किया। उन्होंने धार्मिक. सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।उप मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध की क्रीड़ास्थली कपिलवस्तु में बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की। श्री मौर्य ने आश्वस्त किया कि प्राचीन स्थलों के जीर्णोद्धार और विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। विपश्यना केंद्र का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांति व सद्भाव का संदेश दिया। साथ ही भन्तेगणों में कम्बल वितरण किया गया।श्री मौर्य ने प्रसिद्ध कपिलवस्तु महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसे



महोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत को संजोने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।दिव्याजनों को ट्राई साइकिल वितरण की गयी।दृष्टिवाधितों को दिव्याजनों को स्मार्ट छडी वितरण की गयी।विकासखंड नौगढ़ के अंतर्गत आयोजित ग्राम चौपाल में उप मुख्यमंत्री ने सीधे ग्रामीणों से संवाद किया, स्वयं सहायता समूहः उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु तकनीकी व आर्थिक मदद का भरोसा दिया। श्री मौर्य ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण त्वरित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण भारत को संपत्ति अधिकारों का उपहार, एक करोड़ घरौनियों का वितरण

- स्वामित्व योजना से गांव-गांव मजबूत हुए कानूनी अधिकार
- भूमि विवादों में कमी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला संबल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों को लेकर उपलब्धि दर्ज की है। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए प्रदेश में अब तक एक करोड़ से अधिक घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। यह पहल न केवल ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति पर कानूनी अधिकार प्रदान कर रही है बल्कि दशकों से चले आ रहे भूमि विवादों के समाधान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।स्वामित्व योजना के तहत गांवों की आबादी भूमि में रहने वाले परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिक प्रमाण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से अब तक 72,961 ग्रामों में प्रपत्र-10 डिजिटाइज्ड जारी किए जा चुके हैं, जो सर्वे योग्य ग्रामों का लगभग 80.59 प्रतिशत है। इससे ग्रामीणों को पहली बार अपने मकान और भूमि पर स्पष्ट कानूनी स्वामित्व प्राप्त हुआ है। यह दस्तावेज अब बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं और अन्य वित्तीय सुविधाओं के लिए भी मान्य आधार बन गया है।राजस्व विभाग द्वारा सहमति के आधार पर अब तक 1,14,43,688 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं, जिनमें से 1,01,31,232 घरौनियों का वितरण ग्रामीण परिवारों को किया जा चुका है। घरौनी केवल स्वामित्व का प्रमाण नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। इसके जरिए ग्रामीण परिवार अब औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे हैं, स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों के लिए ऋण ले पा रहे हैं तथा सामाजिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# पुरानी परती की जमीन पर अवैध निर्माण, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस | अंबेडकरनगर**



जनपद के बरियावन क्षेत्र में पुरानी परती की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरियावन-किछौछा संपर्क मार्ग पर बंसराज बालिका इंटर कॉलेज के सामने तथा हिंदुस्तान लाइब्रेरी बरियावन के बगल स्थित साढ़े तीन बिस्वा पुरानी परती की भूमि पर कथित तौर पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पूरा मामला राजस्व विभाग की जानकारी में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त भूमि पर पहले भी असौवापार निवासी प्रदीप कुमार आदि द्वारा टीन शेड लगाकर कब्जा किया गया था, जिसे कानूनगो और लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में अवैध बताया था। अब उसी भूमि पर असमान पट्टी के सेवानिवृत्त राजस्व लेखपाल राम बहादुर अन्य लोगों के साथ मिलकर जमीन को निजी बताते हुए निर्माण करा रहे हैं। दूसरी ओर प्रदीप कुमार द्वारा बार-बार भूमि की पैमाइश कर सीमांकन कराने की मांग की जा रही है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। ग्राम प्रधान शिवम चौधरी ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में यह भूमि स्पष्ट रूप से साढ़े तीन बिस्वा पुरानी परती के रूप में दर्ज है। उन्होंने मांग की कि तत्काल पैमाइश कराकर सीमांकन कराया जाए और अवैध निर्माण रोका जाए। प्रधान का कहना है कि जब पहले राजस्व विभाग स्वयं इस भूमि को पुरानी परती बता चुका है, तो अब निर्माण कैसे कराया जा रहा है, यह समझ से परे है।

इस संबंध में नायब तहसीलदार सिकंदरपुर रमेश चंद्र पांडे ने कहा, ÷पुरानी परती की भूमि पर अवैध निर्माण कराए जाने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।÷अब देखना यह है कि जांच के बाद प्रशासन कब तक ठोस कदम उठाता है।

## अमेठी स्टेडियम में आधुनिक शूटिंग रेंज तैयार,अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा संचालन

**अमेठी।** खेल प्रतिभाओं को निखारने और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अमेठी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक शूटिंग रेंज तैयार की गई है,जिसका संचालन जल्द शुरू किया जाएगा।शूटिंग रेंज के तैयार होने से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा।स्टेडियम में बनाई गई शूटिंग रेंज में 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 25 मीटर रेंज में अलग-अलग लेन बनाई गई हैं,जो प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण दोनों के लिए उपयुक्त हैं। वहीं,10 मीटर एयर पिस्टल के लिए आधुनिक इंडोर शूटिंग रेंज विकसित की गई है,जिसमें सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है।शूटिंग रेंज में इलेक्ट्रॉनिक टारगेट सिस्टम लगाया गया है,जिससे खिलाड़ियों को सटीक स्कोरिंग और तुरंत परिणाम देखने की सुविधा मिलेगी।इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का आकलन करने और तकनीकी सुधार करने में मदद मिलेगी।इंडोर रेंज में पर्याप्त रोशनी,वेंटिलेशन और सुरक्षित फायरिंग जोन की व्यवस्था की गई है,ताकि अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिला खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार,शूटिंग रेंज का निर्माण प्रदेश सरकार की खेल प्रोत्साहन योजना के तहत कराया गया है। लइसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## बाल श्रम पर सख्ती: 'ऑपरेशन रक्षा' के तहत संयुक्त टीम की छापेमारी, तीन बालिकाएं कराई गईं मुक्त

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

बाल श्रम से जुड़े अपराधों पर रोक लगाने के लिए जनपद में संचालित 'ऑपरेशन रक्षा' अभियान के तहत शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की गई।अभियान के अंतर्गत अमेठी बाजार में छापेमारी कर बालश्रम में लिप्त तीन बालिकाओं को मुक्त कराया गया।कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार 16 जनवरी से 30 जनवरी तक जनपद में 'ऑपरेशन रक्षा' अभियान चलाया गया।इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर उप जिलाधिकारी एवं प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अमेठी के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।इस दौरान पुलिस विभाग,बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम मौजूद रही।टीम द्वारा अमेठी बाजार का निरीक्षण किया गया,जहां कुछ दुकानों और प्रतिष्ठानों पर नाबालिग बालक-बालिकाओं से कार्य कराए जाने की पुष्टि हुई।जांच के दौरान तीन बालिकाएं बाल श्रम में संलिप्त पाई गईं,जिन्हें तत्काल मुक्त कराकर उनके परिजनों को सौंपा गया।कार्रवाई के दौरान बालिकाओं के माता-पिता को सख्त हिदायत दी गई कि वे भविष्य में बच्चों से श्रम न कराएं और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें।अभिभावकों से इस संबंध में लिखित संकल्प भी कराया गया।इसके साथ ही संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि किसी भी प्रतिष्ठान पर बाल श्रम कराए जाने की पुष्टि होती है, तो बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि 'ऑपरेशन रक्षा' अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि जनपद में बाल श्रम पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## सोशल मीडिया पर बिना साक्ष्य खबर चलाने का आरोप,वेब न्यूज़ चैनल को नोटिस

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

सोशल मीडिया पर बिना साक्ष्य के खबर प्रसारित करने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपजिलाधिकारी गौरीगंज की ओर से एक वेब न्यूज़ चैनल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।आरोप है कि चैनल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो, रील के माध्यम से तथ्यों के विपरीत खबर चलाई गई,जिससे प्रशासनिक अधिकारी की छवि धूमिल होने की आशंका जताई गई है।नोटिस के अनुसार उनतीस जनवरी को सोशल मीडिया पर एक खबर प्रसारित की गई थी,जिसमें उपजिलाधिकारी गौरीगंज के आवास से उनके ड्राइवर के निकलने और कथित तौर पर सलामी लेते हुए सरकारी वाहन में प्रवेश करने का दावा किया गया। प्रशासन का कहना है,कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार वीडियो में दिख रहा व्यक्ति न तो उपजिलाधिकारी का अधिकृत ड्राइवर है,और न ही कोई अन्य स्टाफ।साथ ही जिस वाहन, होमगार्ड अथवा आवास का उल्लेख किया गया है,वह भी उपजिलाधिकारी से संबंधित नहीं पाया गया।प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया है कि संबंधित वीडियो,रील को अब तक करीब एक हजार लोग लाइक कर चुके हैं, जिससे गलत सूचना के व्यापक प्रसार की संभावना बनी है।इसे गंभीर मानते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय ने चैनल से पूछा है कि उक्त खबर के समर्थन में उनके पास क्या साक्ष्य उपलब्ध हैं।नोटिस में स्पष्ट किया गया है,कि नोटिस प्राप्त होने के तत्काल बाद समस्त साक्ष्य एवं स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। समय से जवाब न देने अथवा संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में इसे अधिकारी की छवि धूमिल करने का प्रयास मानते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा सकता है,जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी चैनल की होगी।इस नोटिस की प्रतिलिपि जिलाधिकारी अमेठी,पुलिस अधीक्षक जिला सूचना अधिकारी तथा कोतवाली गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है। मामले के

# वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शुक्रवार को वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी के साथ मुख्य अतिथि डॉ0 राजीव रंजन विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एमएलके पीजी कालेज ने मां सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्जवलित करके पुष्प अर्पित किया। प्रबन्ध निदेशक, प्रधानाचार्य एवं कोषाध्यक्षा ने मुख्य अतिथि को बुके देकर, बैज लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। समारोह में स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कक्षा 2, 4 एवं 5 के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती के समक्ष बड़ा ही मनमोहक सरस्वती वन्दना (या कुन्देंदु तुषार हार) प्रस्तुत किया जिसमें इफरा, नैनसी, काव्या, स्नेहा, दिव्यांसी ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात् कक्षा-2, 4 व 5 की छात्राओं ने स्वागत नृत्य में गीत-सांसो की सरगम सुस्वागतम पर मरियम, श्रृष्टि, श्रेया, मोहनी, आकृति ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रदर्शनी समारोह के अतिथियों में वीपी सिंह प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर, हेमन्त तिवारी प्रधानाचार्य मार्डन इंटर कालेज बलरामपुर, डॉ. शिवानंद पाण्डेय, डा0 सदगुरू प्रकाश, डॉ. जे0पी0 तिवारी डॉ0 आशीष कुमार लाल, डॉ0 लवकुश पाण्डेय, डॉ0 आलोक कुमार शुक्ला एमएलके पीजी कालेज, दिलीप कुमार श्रीवास्तव डीएवी इंटर कालेज, इंदु भूषण जायसवाल आयकर अधिवक्ता बलरामपुर, अखिलेश्वर तिवारी लाइव टू डे इंडिया टी0वी0 एवं जन एक्सप्रेस समाचार बलरामपुर, वेद प्रकाश मिश्रा क्राइम जंक्शन बलरामपुर, राम कुमार मिश्रा डी0डी0 न्यूज बलरामपुर का विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक, प्रधानाचार्य एवं कोषाध्यक्षा ने बुके देकर, बैज लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। साथ ही प्राइमरी ग्रुप के अनुभवी पैनल के जजों में प्राइमरी ग्रुप अंग्रेजी विषय में सलमा खान, आफरीन, हिन्दी विषय में स्वर्णा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, गणित विषय में अंकिता श्रीवास्तव, वीएन तिवारी, विज्ञान विषय में अंकिता श्रीवास्तव, रूबी दास, सामाजिक विषय में स्वर्णा मिश्रा, सौम्या मिश्रा, कम्प्यूटर विषय में प्रतिमा सिंह, कुंवर सिंह। जूनियर ग्रुप में हिन्दी विषय में स्वर्णा मिश्रा, गणित विषय में अमिता श्रीवास्तव, विज्ञान विषय में सारिका श्रीवास्तव, सामाजिक विषय में स्वर्णा मिश्रा, सौम्या मिश्रा, कम्प्यूटर में प्रतिमा सिंह, उमेश तिवारी। सीनियर ग्रुप में हिन्दी विषय में सौम्या मिश्रा गणित विषय में डॉ0 लवकुश पाण्डेय, कम्प्यूटर विषय में प्रतिमा सिंह, जीव विज्ञान विषय में डॉ0 राजीव रंजन, डा0 सदगुरू प्रकाश, रसायन शास्त्र विषय में हेमन्त तिवारी, भौतिकी शास्त्र विषय में डॉ0 लवकुश पाण्डेय, अर्थशास्त्र विषय में डॉ0 आशीष कुमार लाल, डॉ0 आलोक कुमार शुक्ला, इतिहास विषय में डॉ0 आशीष कुमार लाल, सौम्या मिश्रा बलरामपुर, वाणिज्य विषय में डॉ0 आशीष कुमार लाल, डॉ. शिवानंद पाण्डेय, डॉ0 आर0बी0 सिंह बलरामपुर का विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बुके देकर, बैज लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी में प्राइमरी ग्रुप कक्षा-1 से संज्ञा, कम्प्यूटर के भाग, सांची का स्तूप, आकार, मौसम के प्रकार, परिवहन के प्रकार, कक्षा-2 से संज्ञा, कम्प्यूटर के भाग, सांची का स्तूप, आकार, मौसम के प्रकार, परिवहन के प्रकार, कक्षा-3 से संज्ञा, सोशल नेटवर्किंग, सांची का स्तूप, रोमन अंक, संचार का साधन, पौधो का भाग, कक्षा-4 से विशेषण और संपीड़न की डिग्री, सोशल नेटवर्किंग, उपसर्ग, विभिन्न आकृतियों की परिधि और क्षेत्रफल, परिवहन के साधन, ग्रीन हाउस का प्रभाव, कक्षा-5 से विशेषण, और संपीडन की डिग्री, कम्प्यूटर उपकरण, डेटा प्रबंधन, पृथ्वी बचाओ, ज्वालामुखी विस्फोट, कक्षा-6 से लाइव वेबसाइट बनाना, एचटीएमएल का उपयोग करके वेबसाइट बनाना, संज्ञा, पूर्वसर्ग का कार्यशील मॉडल, ज्यामितीय आकृतियों का उपयोग करके शहर का मॉडल, पृथ्वी का घूर्णन, सजीव जगत में विविधता, कक्षा-7 से एचटीएमएल का उपयोग करके वेबसाइट बनाना, समास, पूर्वसर्ग का कार्य मॉडल, पाइथागोरस प्रमेंय का कार्य मॉडल, वायुमंडल की परतें, भूकंप अलार्म, कक्षा-8 से एचटीएमएल का उपयोग करके वेबसाइट बनाना, लेख का पेड़, दो बैलों की कथा, वर्गाकार मशीन मॉडल, मृदा प्रोफाइल, प्रदूषण कार्यशील मॉडल, कक्षा-9 से न्यूरॉन (तंत्रिका कोशिका), रूथर फोल्ड फॉइल प्रयोग, पायनियर पब्लिक स्कूल की लाइव वेबसाइट , लाइव कौशल उद्धरण और तकनीक, लालकिला, चतुर्भुज, कार्यशील माडल हरित ऊर्जा, कार्यशील मॉडल पृथ्वी की भौतिक विशेषताएं, कक्षा-10 से न्यूरान, उद्योगों के लिए कार्बन शुद्धिकरण, पायनियर पब्लिक स्कूल की लाइव वेबसाइट, लाइव कौशल उद्धरण और तकनीक, कबीरदास, त्रिकोणमति का अनुप्रयोग, वर्षा सेंसर का कार्यशील मॉडल, सतत विकास, कक्षा-11 से वायु प्रदूषण का जैव प्रौद्योगिकी नियंत्रण, सीएजी, वाल्ट व्हाइटमैन, कार्यशील माडल, शंकु खंड, खाद्य आधारित प्रबंधन, नए संसद भवन का मॉडल, कक्षा-12 से उन्नत जल प्रबंधन, परमाणु ऊर्जा संयंत्र, शेयर बाजार, तुलसीदास, त्रिकोणमिति पार्क, प्रदूषण नियंत्रण एवं आर0बी0आई0 आदि आकर्षक का केन्द्र रहा।



अनुभवी पैनल के जजों नें बच्चों से उनके द्वारा बनाये गये माडलों पर विभिन्न प्रश्नों को पूछा एवं बच्चों ने

# वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के सिटी मांटेसरी इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार की शाम धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 29 जनवरी की शाम विशुनापुर स्थित सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्मी गीतों की धुन पर थिरकते नौनिहालों ने अतिथियों के दिल में अमिट छाप छोड़ी। तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश यादव व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों के साथ प्रबंध निदेशक शाश्वत जोशी ने विद्यालय के प्रबंधक स्वर्गीय पटमेश्वरी प्रसाद जोशी व संस्थापिका स्वर्गीय मंजूलता जोशी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। शिक्षिका अंजली पाठक के निर्देशन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना व महजबीन बानो के निर्देशन में स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। इसके बाद केजी व पहली कक्ष के नन्हे-मुन्नों ने धड़क-धड़क गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने माता-पिता को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। कक्षा तीन व चार की छात्राओं ने सौगंध मुझे इस मिट्टी की गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों में देशप्रेम का जज्बा भर दिया। कक्षा पांच की छात्राओं ने गर्ल्स क्रिकेट थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने कहब ता लग जाई धक से गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद राम नाम का टिकट कटा लो, सांस्कृतिक एकता, हरियाणवी मैशअप, पंजाबी मैशअप, डार्लिंग मैशअप, धुरंधर मैशअप पर समूह नृत्य की दर्शकों की तालियां बटोरी। पोंगा पंडित बहरी बीवी, इंटरनेट मीडिया पर नाटक ने दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। संचालन कर रहे प्रधानाचार्य केपी यादव ने अतिथियों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सहप्रबंधक मायाशंकर जोशी, अध्यक्ष जावेद सईद, डिग्री कालेज प्राचार्य सुरेंद्र कुमार मिश्र, तुलसीपुर के प्रधानाचार्य एबी गुप्त, उतरौला प्रधानाचार्य विजय बहादुर वर्मा, प्रधानाचार्य गोंडा एसपी पाठक, बहराइच प्रधानाचार्य आरपी पांडेय, शिक्षक रवींद्र सिंह, दिनेश आचार्य, अखिलेश गुप्त, उस्मान, अनवर, मयंक, सत्येंद्र मिश्र, सिद्धार्थ सिंह, अनिल श्रीवास्तव, आशीष का विशेष योगदान रहा।

## पंचायत चुनाव: मतगणना सामग्री किट तैयार/क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजू लता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत मतगणना सामग्री किट तैयार/क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर कस्टम बिड संख्या लश्वस्/2026/क्ष/7159107 तिथि 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बीड बंद होने की तिथि 12 फरवरी 2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 12 फरवरी 2026 को समय अपरान्ह 03:30 बजे है तथा मतगणना सामग्री किट कुल अनुमानित लागत रु0 2,87,200/- (मु0 दो लाख सत्तासी हजार दो सौ मात्र) है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत निशुल्क हेलमेट का हुआ वितरण

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट एवं मिझौड़ा चीनी मिल द्वारा सीएसआर कोष से प्राप्त हेलमेटों का वितरण समस्त तहसीलों में उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में किया गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 30वें दिन शुक्रवार को टाण्डा के सम्हरिया चौराहे पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर एवं उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अयोध्या राजकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 2000 हेलमेटों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी टाण्डा, क्षेत्राधिकारी टाण्डा, सौरभ सिंह (अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग), एनटीपीसी एवं अल्ट्राटेक सीमेंट टाण्डा के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, जय बहादुर यादव यातायात उप निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हेलमेट वितरण के दौरान आमजन से अपील की गई कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, क्योंकि दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट जीवन रक्षक सिद्ध होता है। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, रेड लाइट जम्पिंग व ओवरलोडिंग से बचने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा सड़क पार करते समय बच्चों, नेत्रहीनों व दिव्यांगजनों को सुरक्षित रास्ता देने की अपील की गई।

# महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, बलिदान और आदर्शों से परिचित कराने के उद्देश्य से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गांधी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया, तत्पश्चात् छात्र मलय अग्रहरि ने महात्मा गांधी के रूप में मंच पर उपस्थित होकर उनके जीवन, विचारों और देश के लिए किये गए संघर्ष को दर्शाया।

कार्यक्रम में छात्र अविरल श्रीवास्तव के देशभक्ति गीत ने भावविभोर किया तो वहीं छात्रा काव्यांशी द्वारा प्रस्तुत कविता ने सभी का मन मोह लिया। छात्र मणिकांत मिश्रा ने गांधी जी के आदर्शों और आज के समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए जीवन भर संघर्ष किया,और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उन्होंने सर्वधर्म समभाव, समानता और सादगी का संदेश दिया। पूरा विश्व उनके आदर्शों से प्रेरणा लेता है।

प्रधानाचार्य प्रजापति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर ही सशक्त, शांतिपूर्ण और नैतिक समाज का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शुभी सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शहीदी दिवस पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**रायबरेली** 30 जनवरी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शहीदी दिवस पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर ऽबापू% के चित्र पर मार्त्यापण कर उन्हें याद किया गया, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि महात्मा गांधी इण्टर कालेज परिसर स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद के सभी ब्लाक में महात्मा गांधी जी के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा व चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि देश की आजादी में महात्मा गांधी जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, देश की एकता और प्रेम-सौहार्द को बचाने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहूति दे दी। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने गांधी जी के विचारों को अमर बताया, उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व गांधी विचार-धारा, सत्य और अहिंसा का सम्मान करता है और गांधी जी के बताये रास्ते पर चलने की हिमायत

## आशा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल 46 वे दिन जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन के राज्य व्यापी आह्वान पर आशा कर्मी भारी संख्या में विकास भवन में जुटी

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष गीता मिश्रा ने प्रदर्शनकारी आशा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार 45/46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू कर कर्मचारी का दर्जा देने ,न्यूनतम वेतन , ईपीएफ , ईएसआई और ग्रेच्युटी की सुविधा देने में कोई रुचि नहीं दिखाई । पिछले 12 वर्षों से सरकार की खुद की सिफारिशें धूल फांक रही हैं। 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 श्रम संहिताओं को लागू करने की मोदी सरकार की कवायत भविष्य में इस संभावना पर ही पूर्ण विराम लगाने की तरफ बढ़ा हुआ कदम है। इसलिए आज उत्तर प्रदेश में जारी आंदोलन ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। सरकार को पीछे धकेलना होगा।

जिला सचिव गीता सिंह ने कहा की रात दिन स्वास्थ्य अभियानों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वालीआशा कर्मियों को मिलने वाली बेहद शर्मनाक प्रोत्साहन राशियों का भुगतान नहीं किया जा सका। कुल 1.5 लाख करोड़ रु से अधिक के बकाये की अदायगी के सम्बन्ध में सरकार चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व निर्धारित की गई प्रोत्साहन राशियों का दशकों बाद भी कोई पुनरीक्षण तक कर उसकी नई दरें निर्धारित भी निर्धारित नहीं की जा सकी । जबकि मंहगाई में अब तक 100त्न या इससे भी ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। काम के असीमित बोझ और भूख से जूझती प्रदेश की आशाकर्मियों के सवालों को सुनने के बजाय उनसे बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जा रहा है।अब यह नहीं चलेगा और बिना मांगे पूरी हुए आंदोलन वापस नहीं होगा। ऊंचाहार अध्यक्ष ममता पाल ने कहा कि श्रम और पारिश्रमिक की शर्मनाक लूट के बीच सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कुछ पिट्ठू सचेतन आशा कर्मियों को बदनाम करने का भी निरंतर अभियान चलाकर सामाजिक रूप से अलगाव में डालने की कोशिश और अपने काले चेहरे को उसी की ओट में छिपाने में लगी रहती है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरीजों ,तीमारदारों से उगाही के अड्डे बन गए हैं। गर्भवतियों से तागा , धागा, दवाएं बाहर से खरीदवाने के अलावा 3000 रु से 5000 तक देने के लिए बाध्य किया जाता है। जन्म प्रमाण पत्र देने तक के वसूली होती है और बदनामी आशा कर्मियों की होती है। यह प्रदेश भर में तय फीस की तरह हैं। इसका विरुद्ध करने पर निकाल देने का धमकी वाला बज्र हमेशा तैयार रहता है। हजारों पत्र ,शिकायतें, वीडियो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन , सरकार को भेजने के बाद भी सभी वर्षों से एक ही पटल पर जमे बैठे लूट का साम्राज्य चला रहे हैं। नारी सुरक्षा और सम्मान की बात करने वाले राज्य में आशाकर्मियों को एक दिन का मातृत्व अवकाश तक नहीं मिलता । स्वास्थ्य नारी , स्वस्थ्य परिवार का नारा घर घर तक ले जाने वाली आशा कर्मी खुद ही कुपोषित हो गईं।

सरेनी उपाध्यक्ष रेखा ने कहा कि सरकार ने आशा कर्मियों से वादा खिलाफी की है। हम फिर 9 फरवरी को राजधानी जाएंगे।सरकार की दमन और प्रताड़ना के बल पर आंदोलन को कुचलने की हर कोशिश विफल होगी।

## पीएम ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में रायबरेली विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत शमन मानचित्रों एवं ओबीपीएएस पोर्टल पर भवन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु समाधान दिवस कैंप का आयोजन रायबरेली विकास प्राधिकरण के सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस में आए हुवे जन मानस की समस्याएं सुनीं गई तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

आज के आयोजित समाधान दिवस में शमन एवं ओ0बी0पी0ए0एस0 से सम्बन्धित 25 मानचित्रों का निस्तारण किया गया है, जिसके अन्तर्गत धनराशि रू0 01 करोड़ 34 लाख प्राधिकरण को प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त रूपये 02 करोड़ 25 लाख की 18 आर0सी0 जारी की गई। समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनवरी माह में 41 प्रवर्तन की कार्यवाही की गई है, जिलाधिकारी ने प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

# चौबेपुर ब्लॉक में डीएम का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर सख्त रुख

## बीडीओ व एडीओ पंचायत के वेतन पर लगी रोक, अधिकारियों से मांगा जवाब





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**चौबेपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार अपराह्न विकास खंड कार्यालय चौबेपुर का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, खराब शौचालय, प्रेरणा कैंटीन का बंद होना और अधिकारियों की अनुपस्थिति जैसी गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई।निरीक्षण में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अतुल शुक्ला, बीटीए कन्हैया लाल एवं सहायक अभियंता (आरईएस) विवेक सिंह अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका में अनियमितता मिलने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी यशवीर सिंह को दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की सुनवाई का भी जायजा लिया, जहां फार्म-6 की कमी की शिकायत सामने आई। इस पर उप जिलाधिकारी बिल्हौर और खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी सुनवाई स्थलों पर फार्म-6 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि लेखा कक्ष में पिछले 15 दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है, जबकि कार्यालय परिसर एवं सामुदायिक शौचालयों में गंदगी और जलापूर्ति की समस्या बनी हुई है।

पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद सुधार न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ा कदम उठाते हुए खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के जनवरी माह के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी। इसके अलावा कार्यालय कक्षों तक रैम्प की व्यवस्था न होने तथा कई कंप्यूटर और प्रिंटर खराब पड़े होने की जानकारी भी सामने आई। जिलाधिकारी ने सभी कमियों का शीघ्र निस्तारण कर फोटो सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को एक सप्ताह बाद पुनः निरीक्षण कर सुधार की स्थिति की रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए।

डीएम के इस सख्त रुख से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है और ब्लॉक कार्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जगी है।

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने रचा सहयोग का कीर्तिमान

# कानपुर नगर के दो दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को एक करोड़ की सहायता

**प्रदेशभर के 20 परिवारों तक पहुँचे कुल दस करोड़ रुपये, हजारों शिक्षकों की सहभागिता से मजबूत हुई मानवीय मिसाल**



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर। टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ने एक बार फिर शिक्षक समाज की एकजुटता और मानवीय संवेदना का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। इस माह प्रदेश के 20 दिवंगत सदस्यों के परिवारों को कुल दस करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसमें कानपुर नगर के दो शिक्षकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की मदद दी गई।टीएससीटी के जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आवास विकास-3 निवासी, प्राथमिक विद्यालय तिलकनगर द्वितीय प्रेम नगर में कार्यरत रहे शिक्षक स्वर्गीय संजय कुमार तथा कल्याणपुर निवासी, प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर (जनपद कन्नौज) में कार्यरत रहीं शिक्षिका स्वर्गीय नीतू सिंह पाल टीम की सक्रिय सदस्य थीं। दोनों के निधन के मात्र 11 दिनों के भीतर उनके नामितों को यह सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई। इस सहयोग में कानपुर नगर के 4050 सदस्यों ने सहभागिता निभाई।उन्होंने बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग, डायट, शिक्षक-शिक्षिकाएं, लिपिक, अनुचर, शिक्षामित्र, अनुदेशक और खंड शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न संवर्गों के कर्मचारी सदस्य हैं। टीम न केवल आकस्मिक निधन के मामलों में, बल्कि सदस्यों के गंभीर इलाज और बेटियों के विवाह में भी समय-समय पर सहयोग करती है।कानपुर मंडल संयोजक जितेंद्र यादव ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के 3 लाख 20 हजार 800 से अधिक सदस्यों ने मात्र 15 रुपये 50 पैसे का ऑनलाइन योगदान कर 20 दिवंगत सदस्यों के परिवारों तक कुल दस करोड़ रुपये पहुँचाए। किसी भी सदस्य के निधन की सूचना मिलने पर टीम के संस्थापक/अध्यक्ष विवेकानंद आर्य, महामंत्री सुधेश पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष संजीव रजक को अवगत कराया जाता है। अध्यक्ष के निर्देश पर जिला टीम आवश्यक दस्तावेज और बैंक विवरण एकत्र कर प्रदेश टीम को भेजती है, जिसके बाद सहायता प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ होती है। जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार यादव ने बताया कि टीएससीटी अब तक उत्तर प्रदेश में 396 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 217 करोड़ 40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। प्रतिमाह 20 परिवारों को यह सहयोग दिया जाता है। इससे पूर्व कानपुर नगर के विभिन्न विकास खंडों में स्वर्गीय अनिल कुमार (सरसौल), शिक्षिका मधु गौतम (बिधनू), शिक्षक चंद्र प्रकाश (सदर बाजार), शिक्षक शरद कुमार एवं शिक्षिका सीमा गौर (ककवन) के नामितों को भी 50-50 लाख रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है।टीचर्स सेल्फ केयर टीम की यह पहल न केवल आर्थिक संबल है, बल्कि शिक्षक समाज की एकजुटता, विश्वास और मानवीय मूल्यों की सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है।

### खेत तालाब योजना से मछली पालन को दी नई दिशा

# घाटमपुर ब्लॉक के कोरियां गांव के किसान ने पेश की मिसाल

- प्रगतिशील किसान देवेन्द्र वर्मा कम लागत और सही तकनीक से कमा रहे बड़ा मुनाफा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

खेती के साथ आय बढ़ाने के लिए किसान अब परंपरागत तरीकों से हटकर नए विकल्प अपना रहे हैं। कानपुर नगर के घाटमपुर ब्लॉक स्थित कोरियां गांव के किसान देवेंद्र वर्मा ने योगी सरकार की खेत तालाब योजना के तहत अपने खेत में तालाब बनवाकर मछली पालन शुरू किया है। सही प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी और सरकारी योजनाओं के सहारे उन्होंने कम समय में मछली पालन को लाभकारी व्यवसाय बना दिया है। आज मछली पालन से उन्हें सालाना लाखों रुपये की आमदनी हो रही है और वे अन्य किसानों को भी इस ओर प्रेरित कर रहे हैं।

देवेंद्र वर्मा ने वर्ष 2023 में मछली पालन की शुरुआत की। शुरुआती समय में उन्हें 1 से 1.5 लाख रुपये तक का मुनाफा हुआ, लेकिन अनुभव, प्रशिक्षण और तकनीक के सही उपयोग से आज वे 5 लाख रुपये से अधिक का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं। कुल लागत को जोड़ने पर मछली पालन से सालाना करीब 12 लाख रुपये की आमदनी हो रही है।

देवेंद्र वर्मा बताते हैं कि मछली पालन में सफलता के लिए जानकारी और प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से हैदराबाद प्रशिक्षण लेने गए, जहां उन्होंने मछलियों का बीज अपने स्तर पर तैयार करने की तकनीक सीखी। उनका कहना है कि वर्तमान में एक बार मछली पालन की पूरी प्रक्रिया में करीब 7 महीने का समय लगता है। यदि अपनी नर्सरी तैयार हो जाए, तो एक ही सीजन में दो बार मछली उत्पादन संभव है, जिससे आय और बढ़ाई जा सकती है।

### मछली पालन के लिए क्या जरूरी है

- खेत या खाली जमीन उपलब्ध हो
- पानी की व्यवस्था सालभर बनी रहे
- मत्स्य विभाग में पंजीकरण
- तकनीकी प्रशिक्षण या मार्गदर्शन
- बाजार से जुड़ाव (बिक्री के लिए)
- सरकारी योजनाओं की सही जानकारी

### मछली पालन करते समय इन बातों का रखें ध्यान

- तालाब में पानी की गहराई और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें
- भरोसेमंद स्थान से ही मछलियों का बीज (फिंगरलिंग) लें
- तालाब में एक साथ जरूरत से ज्यादा मछलियां न डालें
- समय-समय पर चूना व जरूरी दवाइयों का प्रयोग करें
- मछलियों को संतुलित आहार दें, अधिक दाना नुकसानदायक होता है
- पानी का रंग और मछलियों की गतिविधि रोज देखें
- प्रशिक्षण लेकर ही काम शुरू करें, इससे नुकसान की आशंका कम होती है।

### खेत तालाब योजना क्या है

- किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए चलाई जा रही सरकारी योजना
- खेती योग्य भूमि में तालाब निर्माण के लिए अनुदान दिया जाता है
- तालाब का आकार मीटर में तय किया जाता है
- तालाब निर्माण लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान मिलता है
- तालाब का उपयोग सिंचाई, मछली पालन और पशुपालन में किया जा सकता है
- योजना का लाभ कृषि एवं मत्स्य विभाग के माध्यम से मिलता है।

### तालाब का आकार और उत्पादन

देवेंद्र वर्मा के पास खेत तालाब योजना के अंतर्गत बने लगभग 22м35 मीटर आकार के दो तालाब हैं। इन्हीं तालाबों में वे मछली पालन कर रहे हैं। देवेन्द्र बताते हैं, शुरुआत में छोटी मछलियां प्रति 15 रुपए मछली के हिसाब से खरीदी और जब मछलियां पूरी तरह तैयार होजाएंगी तो उनकी बिक्री कुंतल के हिसाब से करेंगे। इस साल काफी अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है।मछलियों की खरीद उन्नाव, कौशांबी और अकबरपुर से की जाती है। बाजार में मांग अच्छी होने के कारण बिक्री में कोई परेशानी नहीं आती

### किसानों के लिए संदेश

देवेंद्र वर्मा कहते हैं कि यदि किसान खेती के साथ-साथ मछली पालन जैसे विकल्प अपनाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ लें, तो कम जमीन में भी अच्छी आमदनी संभव है। वे अपने क्षेत्र के किसानों को भी इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# बेटी की शादी के लिए होटल बुक करने के नाम पर पिता से 11.50 लाख रुपए हड़पने का होटल मालिक पर लगा आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर थाना क्षेत्र में बेटी की शादी के लिए होटल बुक कराने के नाम पर 11.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने होटल मालिक, उसकी पत्नी और स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि रकम वापस मांगने पर उसे धमकाया गया और साफ कह दिया गया कि न तो समारोह होगा और न ही पैसा लौटाया जाएगा।

रावतपुर के विनायकपुर निवासी अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने बेटी के विवाह समारोह के लिए केशवपुरम स्थित होटल नेगी ग्रैंड को 15 और 16 नवंबर 2025 के लिए बुक कराया था। इसके लिए 31 मार्च 2025 को होटल मालिक गजेन्द्र नेगी को 3.50 लाख रुपये अग्रिम दिए गए थे। बाद में होटल और उसके मालिक से जुड़े विवादों की खबरें सामने आने पर उन्होंने होटल मालिक की पत्नी प्रीति बाजपेयी से संपर्क किया। आरोप है कि प्रीति बाजपेयी ने पूरे प्रबंधन की जिम्मेदारी लेने और विवाह समारोह धूमधाम से कराने का भरोसा दिलाया।

पीड़ित के अनुसार, इस भरोसे पर 3 नवंबर 2025 को 1.50 लाख और 7 नवंबर 2025 को 2.50 लाख रुपये नकद जमा कराए गए, जिनकी रसीद भी दी गई। इसके बाद भोजन व्यवस्था और अन्य खर्चों के नाम पर 4 लाख रुपये कैटरिंग के लिए लिए गए, लेकिन इसकी कोई रसीद नहीं दी गई और बाद में देने का आश्वासन दिया गया।

अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि 13 नवंबर 2025 को उन्हें जानकारी मिली कि होटल नेगी ग्रैंड में विवाद के चलते कुछ लोगों ने लॉन पर कब्जा कर लिया है और तोड़फोड़ भी हुई है। जब इस संबंध में प्रीति बाजपेयी से संपर्क किया गया तो उन्होंने साफ कह दिया कि अब होटल में विवाह समारोह नहीं हो सकता। जमा धनराशि वापस मांगने पर आरोप है कि प्रीति बाजपेयी, होटल के मैनेजर और स्टाफ ने धमकाते हुए कहा कि न तो कार्यक्रम होगा और न ही कोई पैसा लौटेगा। पीड़ित का आरोप है कि होटल मालिक गजेन्द्र नेगी, उसकी पत्नी प्रीति बाजपेयी और होटल स्टाफ ने मिलकर छलपूर्वक कुल 11.50 लाख रुपये हड़प लिए। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी के 6 दिन बाद ही घर में रखी नकदी ज्वेलरी लेकर दुल्हन फरार, मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर में शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन घर में रखी ज्वेलरी और नकदी लेकर फरार हो गई। परिजनों का आरोप है कि दुल्हन किसी व्यक्ति के साथ रात में फरार हो गई। परिजनों कि तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। रावतपुर के कैलाश नगर निवासी सीतेश सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी बिहार के समस्तीपुर जिले की रहने वाली पूजा के साथ बिना दहेज के बीते 25 नवम्बर को रावतपुर के कुशवाहा गेस्ट हाउस में हुई थी।शादी के बाद ही पत्नी पूजा अलग रहने की जिद करने लगी और छह दिन बाद ही रात में बिना बताए घर में रखे 63 हजार रुपए और ज्वेलरी लेकर किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई।घटना की जानकारी सुबह हुई तो पीड़ित ने ससुरालियों को घटना की बारे में बताया जिस पर सास सरस्वती, ससुर किशन दास और साले अमर ने गाली गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस पीड़ित परिजनों कि तहरीर पर मुकदमा दर्जकर मामले कि जाँच शुरु कर दी।

### क्या बोले ऐसीपी कल्याणपुर

एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि पति पत्नी का किसी बात क़ो लेकर विवाद हुआ था शादी के 6 दिन बाद ही वह घर से नगदी और ज्वेलरी लेकर चली गई है। पीड़ित परिजनों ने तहरीर दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

# कल्याणपुर राह चलते बाइक सवारो ने लूटा युवक का मोबाईल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कल्याणपुर में राह चलते बाइक सवारो ने एक युवक का मोबाईल लूट कर फरार हो गए। युवक चौकी गया तो उससे ऑनलाइन शिकायत करने की पुलिस ने सलाह दे डाली। लेकिन पुलिस ने क्षेत्र में लगे कैमरो के फुटेज़ खंगालने की जहमत नहीं उठाई।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर निवासी हर्ष एक परचून की दुकान पर काम करता है। हर्ष ने बताया की वह रात करीब दस बजे दुकान बंद होने के बाद घर जा रहा था। तभी किसी का फोन आ गया और वह फोन पर बात करने लगा। वह जैसे ही पनकी रोड पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था। तभी स्प्लेंडर बाइक से दो युवक आये और झपट्टा मारकर उसका फोन छीन ले गए। वह भागता वह चौकी पर गया तभी वहाँ मौजूद दरोगा ने बाइक से पीछा करने का प्रयास किया मगर वह घटना क़ो अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। तभी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा लिखने की बजाय ऑनलाइन शिकायत करने की नसीहत दे डाली। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई लेकिन पीड़ित का कहना है की पुलिस ने अभी तक क्षेत्र में लगे कैमरो की फुटेज़ तक चेक नहीं किया।

### क्या बोले ऐसीपी कल्याणपुर

कल्याणपुर ऐसीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना उनकी संज्ञान में आई है। पीड़ित कि तहरीर पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई कि जायेगी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज़ खंगाले जायेंगे। जल्द शातिरों क़ो गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रहीमपुर में भागवत समापन भंडारे के दौरान बाइक चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील के थाना ककवन क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी रहीमपुर में मोटरसाइकिल चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्राम परसादपुरवा, पोस्ट रहीमपुर विषधन निवासी राम बाबू ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित के अनुसार, ग्राम पंचायत रहीमपुर विषधन के मजराग्राम सभा में आयोजित भागवत महापुराण के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी दौरान उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल ब्रह्मदेव स्थान के पास खड़ी की थी। कार्यक्रम समाप्त होने पर लौटने पर वाहन वहां से गायब मिला।चोरी हुई पीड़ित ने पुलिस से मौके पर पहुंचकर जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त को और मजबूत किया जाना चाहिए।पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही वाहन बरामद कर आरोपियों को पकड़ने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

### व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल से 5.31 लाख की ठगी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के राधापुरम निवासी अनूप बाजपेयी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से एपीके फाइल आई थी, जिसे उन्होंने अनजाने में डाउनलोड कर लिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनके बैंक खाते से कुल 5,31,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। घटना की जानकारी मिलते ही अनूप बाजपेयी ने तत्काल साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल द्वारा मामले की जांच के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर करीब तीन महीने बाद कल्याणपुर पुलिस ने प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि साइबर सेल की रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। अज्ञात ठगों की पहचान और रकम की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### फर्जी लिंक से खाते से उड़ाए गए पांच लाख, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास-1 निवासी कप्तान सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगों ने फर्जी लिंक के जरिए पांच लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कप्तान सिंह के मुताबिक 7 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल फोन पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने से संबंधित एक लिंक आया था, जिसे उन्होंने क्लिक कर दिया। अगले दिन 8 नवंबर को उसी लिंक से जुड़े नंबर से कॉल आया और कॉल करने वाले ने लाइफ सर्टिफिकेट के नाम पर जानकारी मांगी। इस दौरान पीड़ित ने आधार सहित जरूरी जानकारियां फोन पर साझा कर दीं। यह बातचीत करीब सुबह 11:30 बजे हुई। पीड़ित ने बताया कि उसी दिन शाम करीब 4 बजे उनके खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के मैसेज आने लगे, जिनमें पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपये निकाले जाने की सूचना थी। किसी तरह की कार्रवाई करने से पहले ही सभी मैसेज डिलीट हो गए। बाद में खाते की जांच करने पर तीन लाख और दो लाख रुपये की रकम वापस आ गई, लेकिन बाकी बचे पांच लाख रुपये नहीं मिल सके। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष पर किया विशाल भण्डारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अडबेनियाग्रण्ट में प्रमुख समाज सेवी व जायसवाल सभा के तहसील अध्यक्ष महेश जायसवाल के द्वारा आयोध्या में राम प्रतिष्ठा की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम पंचायत के महेश्वरनाथ मंदिर मुस्तफाबाद में राम चरित मानस पाठ का विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र शफक्ला द्वारा श्रीराम जी के चित्र का पूजन कर महेश्वरनाथ मंदिर का पूजन कर कन्याभोज कराकर विशाल भण्डारे का प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर महेश जायसवाल ने कहा कि प्रभू श्रीराम एक लम्बे समय से टेण्ट में विराजमान थे बीते वर्ष प्रभू श्रीराम टेण्ट से भव्य मंदिर में विराजमान हुए हम सब देश प्रदेश वासियों को चाहिए कि हर वर्ष प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को महा पर्व की तरह मनाये। उक्त अवसर पर श्रीराम के नारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और सभी ने प्रभू श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसाद ग्रहण किया।

उक्त अवसर पर पियूष जायसवाल, मुकेश जायसवाल, धीरेन्द्र यादव, रामनरेश पाण्डेय, तीरथ राम जायसवाल, राम कुमार जायसवाल, मनोज तिवारी, आदित्य सिंह, अर्जुन सिंह फौजी, वंश मलिक, आदि प्रभू श्री राम भक्त व क्षेत्रवासी माजूद रहे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इंडियन बैंक बैंक की प्रगति खराब दिये गये निर्देश

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमा अनुपात सुनिश्चित करें। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक सहित अन्य खराब प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे सी0एम0 युवा उद्यमी योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, एन0आर0एल0एम0 सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। अस्वीकृत किये गये आवेदनों की पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाये। लम्बित आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान डी0सी0एन0आर0एल0एम0 चन्दन देव पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

### अधिकारी करेगे निर्माण में गुणवत्ता की जांच

जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सम्पन्न कराये जायें तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। विलम्ब से चल रही योजनाओं में नियमानुसार कटौती प्रस्तावित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय की जांच कराते हुये 05 कार्यदिवस के भीतर फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत की जाये। उन्होंने डी0बी0टी0 के माध्यम से देय राशि समय से अन्तरित की जाये।

विद्यालयों में छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने हेतु प्रेरित किया जाये। वाटर बेल हेतु समय निर्धारित करते हुये इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों को प्रेषित समस्त प्रकार की धनराशि का व्यय समय से सुनिश्चित कराया जाये। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ईरान सिर्फ बहाना : ट्रंप की धमकी के पीछे छिपा बड़ा खेल

**ट्रंप का यह बयान उसी मानसिक और मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा प्रतीत होता है। एक ही वाक्य वैश्विक बाजारों में भूचाल ला सकता है, तेल की कीमतों को आसमान पर पहुंचा सकता है और निवेशकों के भरोसे को डगमगा सकता है। आज शब्द मिसाइलों जितने ही घातक हो चुके हैं, और ट्रंप इस ताकत का इस्तेमाल करना भली-भांति जानते हैं। ट्रंप की इस रणनीति को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में 'ब्रिंकमैनशिप' कहा जाता है—यानी दुनिया को जानबूझकर कगार तक ले जाना, ताकि सामने वाला पहले पीछे हट जाए। यह रणनीति दिखने में प्रभावी लग सकती है।**

*वॉशिंगटन की जमी हुई राजनीतिक हवा में जब यह वाक्य उछला 'अगला हमला बहुत भयानक होगा 'तो वह महज़ चेतावनी नहीं रहा, बल्कि भविष्य के अंधेरे की ओर फेंका गया एक साया बन गया। डोनाल्ड ट्रंप के शब्द कभी सामान्य नहीं होते; वे संकेत होते हैं, इशारे होते हैं, और कई बार इतिहास की धुरी मोड़ देने वाली घोषणाएँ भी, जैसे जनवरी 2026 में ट्रूथ सोशल पर उनकी पोस्ट में 'द नेक्स्ट अटैक विल बी फ़ार वर्स!' का उद्घोष। 2026 की दहलीज़ पर खड़ी दुनिया, जो महामारी की थकान, जलवायु आपदाओं और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, इस वाक्य को सुनकर सिहर उठी। यह बयान युद्ध की औपचारिक घोषणा भले न हो, लेकिन उसकी गंध साफ महसूस होती है। यह डर भी पैदा करता है, भ्रम भी रचता है और पूरी मानवता को इस बेचैनी में डाल देता है कि अगली तबाही किस दिशा से आएगी। स्वाभाविक है कि इस धमकी की सुई सबसे पहले ईरान पर जाकर टिकती है। अमेरिका और ईरान के संबंध दशकों से अविश्वास, प्रतिबंधों और टकराव की आग में जलते रहे हैं। परमाणु महत्वाकांक्षाएँ, इज़रायल के साथ छद्म युद्ध और फारस की खाड़ी में बढ़ती सैन्य गतिविधियाँ पहले ही हालात को बारूद बना चुकी हैं। ऐसे माहौल में ट्रंप का यह बयान, और उसके साथ क्षेत्र में बढ़ती अमेरिकी सैन्य मौजूदगी, किसी संकेत से कम नहीं। यह साफ झलक देता है कि ईरान को चेताया जा रहा है कि अगर परमाणु डील नहीं हुई, तो अगला हमला पिछले (जून 2025 के स्ट्राइक्स) से 'फ़ार वर्स' होगा। ईरान की भीतरी हालत इस धमकी को और भी भयावह बना देती है। आर्थिक बदहाली, मुद्रा का गिरता मूल्य, बेरोजगारी और युवाओं के बीच पनपता असंतोष—इन सबके बीच सत्ता का कठोर रवैया समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है। ट्रंप की भाषा मानो यह संदेश देती है कि अमेरिका इन दरारों को रणनीतिक अवसर की तरह देख रहा है। लेकिन इतिहास बार-बार यही सवाल उठाता है—क्या बाहरी सैन्य दबाव किसी देश को सुधार सकता है, या वह केवल अराजकता को और गहरा करता है? अनुभव बताता है कि ऐसे हमलों का सबसे भारी बोझ हमेशा सत्ता पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के कंधों पर ही टूटता है। फिर भी ट्रंप की इस धमकी को केवल ईरान तक सीमित मानना एक गंभीर भूल होगी। उनकी राजनीति की सबसे पहचानने योग्य विशेषता यही है कि वह जानबूझकर अस्पष्ट रखी जाती है। रूस, जो यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से सीधे टकराव की स्थिति में है, आज भी अमेरिकी रणनीतिक सोच के केंद्र में बना हुआ है। चीन, जो ताइवान और दक्षिण चीन सागर में अपनी शक्ति का खुला प्रदर्शन कर रहा है, वॉशिंगटन के लिए एक दीर्घकालिक और निर्णायक चुनौती बन चुका है। वहीं उत्तर कोरिया का परमाणु कार्यक्रम किसी भी क्षण हालात को विस्फोटक बना सकता है। हालांकि ट्रंप का यह स्पेसिफिक बयान ईरान पर केंद्रित है, लेकिन उनकी समग्र नीति (जैसे एनडीएस 2026) में चीन मुख्य थ्रेट है, और रूस/उत्तर कोरिया भी रडार पर बने हुए हैं। ऐसे परिदृश्य में 'अगला हमला' एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक खुला संदेश बन जाता है—जो भी अमेरिकी लाल रेखाएं पार करेगा, उसके लिए परिणाम सुरक्षित नहीं होंगे। आज के समय में युद्ध की परिभाषा पूरी तरह बदल चुकी है। अब लड़ाइयां केवल रणभूमि या सीमाओं तक सीमित नहीं रहीं। आर्थिक प्रतिबंध, साइबर हमले, सूचना युद्ध और कूटनीतिक दबाव आधुनिक युद्ध के सबसे प्रभावी हथियार बन चुके हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे।**

# अजित पवार : आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'



ललित गर्ग

**शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं।**

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी। 1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं,



**अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं।**

बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। 'अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें?' जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए। शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला 'दादा' का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है। अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 08:25 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 13:34 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | विष्कुम्भ, 13:33 |
| सूर्योदय: | 07:11 |
| सूर्यास्त: | 18:09 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 09:55-11:17 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:18-13:02 |

## जन एक्सप्रेस

### यूजीसी नियमावली !


*आखिरकार कोर्ट ने ।*
*रोक है लगाई ।।*
*हुए प्रफुल्लित सारे ।*
*बांट रहे मिठाई ।।*
*ना हो भेदभाव और ।*
*किसी से अन्याय ।।*
*कोर्ट अब सुप्रीम ।*
*उनको हुआ सहाय ।।*
*तरह तरह की बातें ।*
*खबर रही है तैर ।।*
*लगता जानबूझकर ।*
*चले बढ़ाने बैर ।।*
*यूजीसी नियमावली ने ।*
*शोर था मचाया ।।*
*पर कुछ देर कोर्ट ने ।*
*है थोड़ा बैठाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या कम नींद लेना बढ़ा सकता है हार्ट अटैक का रिस्क?



**आजकल** की लाइफ में स्ट्रेस इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। इसका असर सुबह उठने पर महसूस होता है, लेकिन लोग इसके बावजूद इसे सीरियसली नहीं लेते। धीरे-धीरे इसका असर शरीर पर पड़ने लगता है और इसमें सबसे ज्यादा असर हार्ट पर पड़ता है।

**कम नींद लेना स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने का रिस्कः** डॉ. सुकृति भल्ला कहती हैं, 'नींद में शरीर खुद ही रिपेयर करने लगता है और खासकर हार्ट रिपेयर होता है, इसलिए सभी को 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए क्योंकि इस दौरान हार्ट बीट धीमी होती है, ब्लड प्रेशर कम होने से ब्लड वेसेल्स को आराम मिलता है। अगर यही इंसान की नींद 5 से 6 घंटे की रह जाए, तो शरीर इसे स्ट्रेस की तरह लेता है और स्ट्रेस हार्मोन जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालिन का लेवल लगातार बढ़ता रहता है। इससे हार्ट बीट बढ़ने लगती है और हार्ट पर लगातार प्रेशर बनने लगता है। लगातार नींद पूरी न होने के कारण हार्ट अटैक का रिस्क भी बढ़ सकता है। '

**नींद पूरी न होने के कारण ब्लड प्रेशर बढ़नाः** डॉ. सुकृति के अनुसार, आमतौर पर नींद में ब्लड प्रेशर कम हो जाता है, जिसे नाइट-टाइम डिप कहते हैं। यह टाइम हार्ट के लिए जरूरी होता है क्योंकि इस दौरान ही हार्ट को एक ब्रेक मिलता है। अगर नींद पूरी नहीं होती, तो हाई ब्लड प्रेशर बनने से ब्लड वेसेल्स को धीरे-धीरे नुकसान होने लगता है और यही नुकसान हार्ट में प्लाक जमने और ब्लॉकेज की वजह बन सकता है।

**कम नींद से डायबिटीज का रिस्कः** डॉ. सुकृति ने कहा, 'नींद की कमी के कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ता है और ब्लड शुगर कंट्रोल नहीं हो पाता, जिससे टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ता है। आमतौर पर लोग डायबिटीज को हार्ट से जोड़कर नहीं देखते, लेकिन सच्चाई यह है कि डायबिटीज हार्ट अटैक का बड़ा रिस्क फैक्टर है क्योंकि डायबिटीज के कारण हार्ट वेसेल्स को ज्यादा नुकसान पहुंचता है। '

**नींद पूरी न होने से शरीर में सूजन होने का रिस्कः** डॉ. सुकृति के मुताबिक नींद कम होने के कारण शरीर में क्रॉनिक सूजन बढ़ती है और इस सूजन से वेसेल्स की अंदरूनी परत को नुकसान पहुंचता है। कई मामलों में एथेरोस्क्लेरोसिस यानी ब्लॉकेज बनने का प्रोसेस काफी तेज हो जाता है। कई केस ऐसे भी देखे हैं, जिसमें मरीज लगातार थकान, बेचैनी और नींद न आने का इग्नोर कर देता है, जो हार्ट अटैक आने से पहले के लक्षण होते हैं।

**नींद पूरी करने के तरीके क्या है?:** डॉ. सुकृति भल्ला कहती हैं, 'मेरे पास ऐसे लोग भी आते हैं, जो कहते हैं कि काम ज्यादा होने के कारण नींद कम ले पाता हूं, रात को कम सोने की आदत बन गई है या फिर देर रात तक मोबाइल देखे बिना नींद नहीं आती, लेकिन ये आदतें धीरे-धीरे हार्ट को नुकसान पहुंचाने लगती है। आमतौर पर लोग हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और एक्सरसाइज पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन नींद को इग्नोर कर देते हैं। इसलिए हार्ट को हेल्दी रखने के लिए सभी को कुछ टिप्स जरूर फॉलो करने चाहिए। '

### एक्सप्रेस विशेष



उमेश चतुर्वेदी

**बीजेपी विरोधी राजनीतिक ताकतों ने बीजेपी पर हमले के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था तो बीजेपी समर्थकों का मानना था कि इस मामले को बेवजह भेदभाव की राजनीति का रूप दिया गया था।**

# कहीं भारी न पड़ जाए गाइडलाइन पर गुस्सा

**यूजीसी का तर्क है कि उसने ये नियम उस आंकड़े के बाद लागू किए हैं, जिनके तहत पता चलता है कि उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव की शिकायतों में 2019 की तुलना में 2023 में 118.4 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। वैसे हकीकत यह भी है कि यह निर्णय हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला की आत्महत्या की 10वीं वर्षगांठ और सर्वोच्च न्यायालय के 2025 के निर्देश के बाद आया है।**

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है। दरअसल नए नियमों में 'जातिगत भेदभाव' का मतलब केवल अनुसूचित जाति यानी एससी, अनुसूचित जनजाति यानी एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी के खिलाफ भेदभाव बताया गया है। विवाद इसी को लेकर है । सामान्य वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों का आरोप है कि यह परिभाषा एकतरफा है और इसमें 'सामान्य वर्ग' के खिलाफ भेदभाव या झूठी शिकायतों का कोई जिक्र नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026' यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है। इस मामले में जारी विवादों पर चर्चा से पहले नए नियमों को भी देख लेना चाहिए। नए नियमों में भेदभाव को पूरी तरह अनुचित, पक्षपाती व्यवहार माना गया है। इसके तहत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ही नहीं, जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, जन्मस्थान, या विकलांगता जैसे आधार पर भी भेदभाव ग़लत माना गया है। इस नियम में शिक्षा में समानता को बाधित करने वाले या मानवीय गरिमा का उल्लंघन करने वाले हर काम को ग़लत माना गया है। इस गाइडलाइन के तहत हर उच्च शिक्षण संस्थान को समान अवसर केंद्र यानी ईओसी स्थापित करना जरूरी होगा। इस केंद्र का उद्देश्य संस्थान में समता, सामाजिक समावेशन एवं समान पहुँच को बढ़ावा देना तो होगा ही, साथ ही शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव से संबंधित शिकायतों का समाधान करना भी होगा। इस गाइडलाइन के अनुसार, हर संस्थान को ईओसी के तहत एक समता समिति बनानी होगी, जिसका अध्यक्षता संस्थान का प्रमुख होगा । समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग व्यक्ति और महिला का प्रतिनिधित्व जरूरी होगा , ताकि समावेशी निर्णय-प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। सामान्य वर्ग की आशंका की वजह है, पहले से लागू एससी और एसटी कानून, जिसके गलत इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है। उसके तहत बिना वजह झूठे आरोपों के चलते सामान्य जीवन ही नहीं, बल्कि सरकारी दफ्तरों तक में सामान्य वर्ग के लोगों के ख़िलाफ़ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं और उन्हें बिना वजह प्रताड़ना और गिरफ्तारी तक झेलनी पड़ी है। उसी आलोक में यूजीसी के इस नए नियम का विरोध हो रहा है ।आलोचकों का मानना है कि इस नियम के मुताबिक़ जो इक्विटी कमेटियां' यानी समानता समितियां बनेंगी, वे शायद ही निष्पक्ष रहे। यह भी कहा जा रहा है कि समानता समितियों को इस नियम के तहत जो शक्तियां दी गई गई हैं, उन्हें सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। विरोध कर रहे छात्रों का यह भी कहना है कि अगर कोई गलत शिकायत दर्ज करता है, तो उसे सजा देने का प्रावधान नहीं है, इससे सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए असुरक्षित माहौल बन सकता है। सामान्य वर्ग के बड़ा तबका इस नियम के दुरूपयोग को लेकर आशंकित हो उठा है। इसी आशंका ने वह विक्षुब्ध हो चुका है। उसका मानना है कि ये नियम शिक्षा सुधार के बजाय परिसरों में ना सिर्फ जातिवाद को बढ़ावा देगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# संघ के नेतृत्व में बरखेड़ा में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज

# मतदाता जागरूकता को भी मिली गति

- समाज की एकता और लोकतांत्रिक सहभागिता पर जोर, 8 फरवरी को होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**





**पीलीभीत।** नगर पंचायत बरखेड़ा में आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पंचायत में आयोजित हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य और आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह सम्मेलन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित होगा। बैठक में 128 विधानसभा बरखेड़ा के विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज को संगठित होकर इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाना चाहिए। उनका कहना था कि जब समाज एकजुट होता है, तभी राष्ट्र सशक्त और विकसित बनता है। नगर संचालक दिनेश ने भी समस्त हिंदू समाज से अपील की कि वे जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर 8 फरवरी को होने वाले सम्मेलन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। उन्होंने कहा, जब हिंदू समाज संगठित होकर एक दिशा में कार्य करेगा, तभी राष्ट्र विकास की ओर तेज़ी से अग्रसर होगा। बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता 'पप्पन', राजू पाठक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार गंगवार, कृष्ण, बर्फी, अमित गंगवार सहित हिंदू समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर सहमति जताई। बीसलपुर जिले के जिला प्रचारक अशोक ने भी सम्मेलन के लिए सभी नागरिकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि हिंदू समाज एक रहेगा और एकजुट होगा, तभी हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा। लोकतंत्र मजबूत बनाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान भी साथ-साथ हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के साथ ही नगर पंचायत बरखेड़ा में लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए नवीन मतदाता पंजीकरण को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। शहर विभाग के भद्रावल के नेतृत्व में नगर पंचायत बरखेड़ा के वार्ड संख्या-4, बूथ संख्या-319 पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि जिन पात्र नागरिकों के मतदाता पहचान पत्र अभी तक नहीं बने हैं, वे अधिक से अधिक संख्या में आवेदन पत्र भरकर जमा करें, ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस बैठक में पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता 'पप्पन', अमित गंगवार, अभिषेक गंगवार, मयंक गंगवार, देवदत्त गंगवार, रामसेवक मौर्य, कमलेश गंगवार, सभासद राधेश्याम भोजवाल सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का समापन समाज की एकता, जागरूकता और सक्रिय लोकतांत्रिक सहभागिता के संकल्प के साथ किया गया। बरखेड़ा में हिंदू सम्मेलन और मतदाता जागरूकता अभियान दोनों ही घटनाएं समाज में सक्रिय भागीदारी और संगठन की आवश्यकता को दर्शाती हैं। समाजिक और सांस्कृतिक एकता के साथ-साथ लोकतांत्रिक अधिकारों की जानकारी देने के प्रयास यह संदेश देते हैं कि जनता की सहभागिता ही राष्ट्र को मजबूत बनाती है। 8 फरवरी का सम्मेलन न केवल हिंदू समाज की एकता का प्रतीक होगा, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच सक्रिय संवाद और जनभागीदारी की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## गैर-जमानती वारंट के बाद पीलीभीत में कार्रवाई, निकाह के गवाह को लखनऊ पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



शादी का झांसा देकर यौन शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद लखनऊ पुलिस ने पीलीभीत में दबिश दी। बृहस्पतिवार शाम की गई इस कार्रवाई में निकाह के दौरान गवाह बने एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसे बाद में लखनऊ ले जाया गया।

### छात्रा की शिकायत से शुरू हुआ था मामला

यह प्रकरण दिसंबर माह का है, जब केजीएमयू (किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय) में पढ़ने वाली एक छात्रा ने लखनऊ की चौक कोतवाली में तहरीर दी थी। शिकायत में रेजीडेंट चिकित्सक डॉ. रमीज मलिक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

### जांच में पीलीभीत से जुड़े सुराग आए सामने

विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी चिकित्सक का पैतृक मकान पीलीभीत के थाना न्यूरिया क्षेत्र में स्थित है। लखनऊ पुलिस द्वारा वहां पहले नोटिस भी चस्पा किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पहली पत्नी का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराया था, जिसमें पीलीभीत के एक काजी और एक स्थानीय युवक के गवाह बनने की जानकारी मिली।

### पहले ही जेल जा चुका है मुख्य आरोपी

इस मामले में मुख्य आरोपी डॉ. रमीज मलिक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पूछताछ के बाद अन्य लोगों की भूमिका भी प्रकाश में आई, जिसके आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

### मोहल्ला पंजाबियान से हुई गिरफ्तारी

न्यायालय से गैर-जमानती वारंट मिलने के बाद लखनऊ की चौक कोतवाली पुलिस ने पीलीभीत पुलिस के सहयोग से शहर के मोहल्ला पंजाबियान में छापेमारी की। यहां से सारिक खान पुत्र अजहर खान को गिरफ्तार किया गया, जिस पर निकाह में गवाह बनने का आरोप है।

### लखनऊ ले जाया गया आरोपी

शहर कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लखनऊ पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई है।

मामले में विवेचना और विधिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### युवती को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 20 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गए। रात्रि के दौरान गांव निवासी एक युवक अपने साथी की मदद से उसकी पुत्री को घर में घुसकर बहला फुसलाकर कर ले गए। आरोप है कि घर मैं रखे एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का मंगल सूत्र एक, सोने का नाक का फूल और बीस हजार रुपये की नगदी भी ले गए। भागते हुए पीडित ने देख लिया। जब वह अपनी पुत्री को वापस लेने युवक के घर गई तो आरोपी की मां टाल मटोल करने लगी। और एक-दो दिन में लड़की वापस करने की बात कही। लेकिन अभी तक उसकी पुत्री वापस नहीं आई। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने वताया कि युवती की तलाश की जा रही है।

## देवहा नदी पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी, बीसलपुर क्षेत्र को बड़ी सौगात

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

### सांसद जितिन प्रसाद के प्रयास से 11.09 करोड़ रुपये की स्वीकृति, जल्द शुरू होगा निर्माण

बीसलपुर क्षेत्र के लिए वर्षों से लंबित चली आ रही बड़ी समस्या का समाधान अब साकार होने जा रहा है। बीसलपुर के कितनापुर और भौरुआ के मध्य देवहा नदी पर पुल, सड़क एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण को उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए शासन द्वारा 1109 लाख रुपये की धनराशि भी आवंटित कर दी गई है।

यह स्वीकृति पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के निरंतर प्रयासों से संभव हो सकी है। धन आवंटन के बाद सांसद जितिन प्रसाद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि पुल के निर्माण से बीसलपुर क्षेत्र की जनता को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बीसलपुर क्षेत्र की जनता की यह समस्या बीते कई दशकों से बनी हुई थी, जिसका समाधान कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पीलीभीत को विकसित बनाने का संकल्प अब धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से बीसलपुर से बरेली की दूरी कई किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे आमजन को समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इस पुल से राजूपुर, कुंडरी, भौरुआ, महादेव, मीरपुर, वाहनपुर, चेना, अभयपुर, मुसेली, भैंसटा, जलालपुर सहित वे सभी गांव लाभान्वित होंगे, जो देवहा नदी की बाढ़ के कारण लंबे समय से पिछड़े हुए थे। पुल बनने से इन गांवों का विकास तेज होगा और खेती-बाड़ी से जुड़े कार्यों को भी सीधा लाभ मिलेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा बीसलपुर क्षेत्र के व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता एवं आम नागरिकों को बरेली महानगर और कमिश्नरी से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह पुल न केवल यातायात का साधन बनेगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती प्रदान करेगा। बीसलपुर भाजपा परिवार एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश परिवार की ओर से तथा देवतुल्य जनता की ओर से सांसद जितिन प्रसाद के प्रति विकास कार्यों को गति देने के लिए आभार व्यक्त किया गया है।

## शराब पीने से रोका तो पिता ने कुल्हाड़ी से बेटे पर किया हमला, हालत नाजुक



**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के थाना आंवला इलाके के पालमपुर गौंटिया निवासी युवक सत्येंद्र पर उसके पिता ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना के बाद आरोपी पिता भाग निकला। परिजनों ने सत्येंद्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सत्येंद्र की मां कमला देवी ने बताया कि उनके पति राजेंद्र शराब पीने के आदी हैं।

इस लत में उन्होंने परिवार की जमीन व अन्य संपत्ति बेच दी है जिससे घर में आर्थिक संकट बन गया है। उनके बेटे सत्येंद्र ने जब पिता के शराब पीने का विरोध किया तो पिता ने गुस्से में उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सत्येंद्र की गर्दन और सिर पर गहरे घाव हो गए।

उसे वह लोग तत्काल आंवला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कमला देवी ने बताया कि बेटे की गर्दन में 14 टांके लगे हैं। बताया कि उनके चार बेटे हैं और पति अक्सर शराब की वजह से झगड़ा फसाद करते हैं। महिला ने थाना आंवला में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी ने तालाब चौराहा ओवरब्रिज के नीचे चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों एवं यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। हाथरस**



जिलाधिकारी अतुल वत्स ने आज तालाब चौराहा स्थित ओवरब्रिज के नीचे चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं यातायात सुधार से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ओवरब्रिज के नीचे कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य मानकों के अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाएं। साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने हेतु वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू एवं सुव्यवस्थित किया जा सके। इसी क्रम में तालाब चौराहा क्षेत्र में यातायात दबाव को देखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने तालाब चौराहा के पास स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया तथा ओवरब्रिज के नीचे कराए जा रहे कार्यों की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में यह भी देखा गया कि क्षेत्र में अवैध रूप से ई-रिक्शा एवं अन्य वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग व्यवस्था विकसित करने हेतु निर्धारित पार्किंग स्थल विकसित किए जाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने तालाब चौराहा के पास स्थित ड्रीम प्रोजेक्ट का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में कराए गए कार्यों तथा उस पर व्यय धनराशि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद हाथरस को निर्देशित किया कि परियोजना को नगर पालिका द्वारा अथवा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से विकसित किए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि यह स्थल जनपद की जनता के लिए उपयोगी, मनोरंजन एवं आजीविका का साधन बन सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हाथरस आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता दक्ष शर्मा पाराशर पैरालंपिक कमेटी के चेयरमैन बने

## दिल्ली के जैसलमेर हाउस में ग्रहण किया नया पदभार

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



केंद्रीय आयुष मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता दक्ष शर्मा पाराशर के राजनीतिक कद में एक और बढ़ोत्तरी हुई है। उनको पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी और मेंबर एडवाइजर कमेटी का चेयरमैन नामित किया गया है। शुक्रवार को नई दिल्ली के जैसलमेर हाउस स्थिति कार्यालय में उनको पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन सत्यनारायण, सार्क एशियन गेम के चेयरपर्सन सत्या जी और वाइस प्रेसिडेंट एफपी सागवान ने नए पद पर ज्वाइनिंग कराई। पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी में चेयरमैन पद की नई जिम्मेदारी मिलने पर बरेली के तमाम भाजपा नेताओं ने खुशी जताते हुए दक्ष शर्मा पाराशर को बधाई दी है।

### आरएसएस के सेवा कार्यों में लबे समय से जुड़े वरिष्ठ

भाजपा नेता दक्ष शर्मा पाराशर को खेल के क्षेत्र में पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन और सलाहाकार परिषद के सदस्य नामित किया गया है। नए पद पर उनका कार्यकाल दो साल तक रहेगा। दक्ष शर्मा पाराशर की भूमिका भारत और एशियाई देशों में आगामी वर्षों में होने वाले ओलंपिक खेलों में अत्याधिक महत्वपूर्ण होगी। पैरा-स्पोर्ट्स के विकास में उनके विशिष्ट योगदान और अटूट प्रतिबद्धता ने आपको इस प्रतिष्ठित पद के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया है। अध्यक्ष के रूप में दक्ष शर्मा पाराशर ओलंपिक खेल की रणनीतियों को नया आकार देने, समावेशिता को बढ़ावा और राष्ट्रव्यापी स्तर पर पैरा-स्पोर्ट्स के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन की तरफ से बताया गया है सलाहकार समिति के सदस्य के रूप मे दक्ष शर्मा पाराशर की अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन यह सुनिश्चित करने में अमूल्य होंगे। वह भारतीय पैरालंपिक समिति में पारदर्शिता और एथलीट-केंद्रित विकास के उच्चतम मानक स्थापित करेंगे। बता दें कि दक्ष शर्मा पाराशर को वर्ष 2025 में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया था। इससे पहले उनको उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण विभाग हाफेड में वाइस प्रेसिडेंट भी बनाया गया था। दक्ष शर्मा पाराशर को नई जिम्मेदारी मिलने पर बरेली से भाजपा नेता डॉ नरेंद्र गंगवार, मनोज थपलियाल, सुधाकर शुक्ल, तरुण गंगवार, विहिप नेता राहुल गुप्ता, मनोज यादव, अंकित यादव, मनीष शर्मा, आकाश पुष्कर, योगेश बंटी, शिबम शर्मा समेत तमाम नेताओं ने बधाई दी और उनकी सफलता को बरेली के लिए गौरव बताया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक 28 उपकेंद्रों पर दवाओं के वितरण की तैयारी



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद पूरनपुर कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों द्वारा पूरनपुर ब्लॉक के 28 उपकेंद्रों पर फाइलेरिया की दवाइयों का वितरण सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।इस बार फाइलेरिया की दवाओं में एक नई दवा इवरमेक्टिन (द्ध1द्गह्वद्रष्ह्लद्बठ्ठ) को भी शामिल किया गया है। इस दवा का वितरण आयु वर्ग के अनुसार तीन श्रेणियों में किया जाएगा। 2 से 5 वर्ष, 5 से 15 वर्ष तथा 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को निर्धारित मात्रा में दवा दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, अधिशासी अभियंता एजाज अहमद एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नगर पालिका के समस्त सभासद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि श्याम सचिन, पीसीआई से अनुराग एवं स्वीटी, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे, प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार तथा जिले से दीपेश चौधरी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया। बताया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस दौरान घर-घर जाकर दवाइयों का वितरण किया जाएगा, ताकि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से लोगों को सुरक्षित किया जा सके।

## विधायक ने सचिवों के साथ बैठक कर एसआईआर पर की चर्चा



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

शुक्रवार को विकास खंड पूरनपुर कार्यालय पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने बिकास खंड के सभी क्षेत्रीय सचिवों साथ बैठक की,बैठक में एसआईआर को लेकर जानकारी की। उन्होंने एसआईआर के नवीन मतदाता पहचान पत्र बनवाने के विषय को लेकर क्षेत्रवासियों को फॉर्म (प्रपत्र) भरकर क्क्ह के पास जमा करने, मतदाता कार्ड बनवाने हेतु संबधित फॉर्म, मतदाता सुधार प्रपत्र भरने की आवश्यकता एवं उसका महत्व विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए प्रपत्र अवश्य भरें एवं दूसरों को भी प्रेरित कर कार्य को समय पर सम्पन्न करें। इस दौरान भाजपा विधायक वाबूराम पासबान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह सहित सभी सचिव मौके पर मौजूद रहे।

### महिला और दिव्यांग पति पर चाकू से किया हमला

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। रास्ता के विवाद को लेकर महिला और उसके दिव्यांग पति को मार पीट कर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस से शिकायत करने जाते समय गांव के बाहर रास्ते में घेरकर फिर पीटा तो लोगों ने बमुश्किल उनको बचाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर का है।गांव निवासी रामवती ने बताया कि गांव के छोटे लाल, तिलकराम व रोशन लाल ने उसका निकास बंद कर रखा है। निकास खोलने बात पर अक्सर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। रास्ते के विवाद का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। 12 अगस्त 2025 को रास्ता खोलने की बात पर छोटे लाल, रामकुमार, रोशन लाल, दरबारी ने घर में घुसकर लात घूसों से मारा पीटा। उसके दिव्यांग बीमार पति को पीटा। कार्रवाई के शिकायत करने जाते समय रास्ते में घेरकर पीटने का आरोप लगाया। गांव के बाहर तालाब के आरोपितों ने दोबारा लात घूसों से मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर घायल कर दिया। देवर व कुछ लोगों ने बमुश्किल बचाया। आरोपित धमकी देते हुए भाग गए। एक अन्य मामले में गांव महंद खास की लक्ष्मी देवी पत्नी राम सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी मासूम बेटी मुहल्ले मे छोटे बच्चों के साथ खेल रही थी। वह ओमकार के घर बेटी को धक्का देने की बात पूछने गई। आरोप है कि इसेस नाराज होकर ओमकार, अनमोल, जगदेई पत्नी ने मारपीट की। बेटी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### महिला से जबरन छेंडछांड, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। शौच को गई महिला को गन्ने के खेत में खींच कर छेंडछांड की। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। हजारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि 27 जनवरी को उसकी भाभी घर के पीछे गन्ने के खेत में शौच करने गई थी। आरोप है कि पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के एक युवक ने गलत तरीके से महिला को पीछे से पकड लिया। आरोप है कि युवक ने गन्ने के खेत में खींच कर जबरन महिला के निजी अंगों के साथ छेंडछांड की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। घर पहुंची महिला ने घटनाक्रम की जानकारी अपने परिवार को बताई। जिससे उनके होश उड गए। थाने पहुंच कर महिला के देवर ने तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने महिला के देवर की ओर से गांव निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया मामले की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### श्री बिष्णु महायज्ञ में परिक्रमा कर भक्तों ने मांगी मन्नतें

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। श्री विष्णु महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ आचार्य ने यजमानों से विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डलवाईं। बड़ी संख्या में लोग व महिलाएं यज्ञ की परिक्रमा करने पहुंच रहे है। रात्रि में भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में सात दिवसीय बिष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।जिसके चौथ के दिन चार दिन यज्ञ आचार्य ने गांव के मुख्य यजमान के अलावा अन्य लोगों से यज्ञ में वैदिक रीति रिवाज के साथ आहुतियां डलवाकर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्ति में हो गया। देखने के लिए गांव के अलावा दूर-दराज के गांवों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाईं जा रहीं हैं।जिन्हे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।गांव में यज्ञ के आयोजन से वातावरण भक्तिमय है। सुवह लोग व महिलाएं यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए पहुंच रहीं हैं। यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर चढ़ावा चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना कर रहे हें।गांव में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

### मौसम बिगडते ही आए दिन हो रहे बिजली फाल्ट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मौसम बिगड़ने के साथ ही एक बार फिर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आए दिन फाल्ट से लोग परेशान है। घुंघचाई बिजली उपकेंद्र से जुडे गांवो में बिजली आपूर्ति दी जा रही है। लोगों का आरोप है कि हल्की बरसात और मामूली मौसम खराब होते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। शुक्रवार की रात करीब तीन बजे से 33 केवीए बिजली लाइन में फिर फाल्ट आ गया। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना पर बिजली कर्मचारी फाल्ट सही करते रहे। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। शुक्रवार की रात तीन बजे अचानक फिर मौसम बदला,फिर से बिजली गुल हो गई। शुक्रवार की सुवह तीन बजे लेकर शुक्रवार को दो बजे तक बिजली ठप रही। हालांकि बिजली कर्मचारी फाल्ट ठीक करते रहे।जिसके चलते विद्युत चलित सारे काम धाम ठप पड़े रहे। आए दिन उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। इससे पहले बुधवार को भी मौसम के चलते करीब 22 घंटे बिजली बाधित रही थी। उपभोक्ताओं का कहना है कि आए दिन बिजली फाल्ट हो जाता है और कई घंटे बिजली गायब रहती है। उसके बावजूद बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं की जा रही है।

# चोरी के ट्रैक्टर ट्राली, कार व बाइकों सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सिरसा कला थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से चोरी का ट्रैक्टर ट्राली बाइके सहित तमंचे कारतूस बरामद किए।

सिरसा कलार पुलिस रोज की तरह गुरुवार रात को क्षेत्र की गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर दबिश देकर दो संदिग्धों की घेराबंदी कर दी।इस दौरान पुलिस बल को देखकर दोनों ने अचानक फायर झोंक दिए। जिस पर पुलिस बल द्वारा बचते-बचाते उनको आत्मसमर्पण करने की हिदायत दी गई। जिस पर दोनों संदिग्धों ने अपनी गलती मानते हुये पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के द्वारा की गई पूछताछ में एक ने अपना नाम बड़े सिंह दोहरे निवासी बेनीपुरा थाना माधौगढ़ और दूसरे ने अपना नाम सुमित कुमार निवासी ग्राम अकबरपुरा थाना माधौगढ बताया। पुलिस ने दोनों बदमाशों से चोरी में इस्तेमाल होने वाली कार के साथ चोरी के सामान (ट्रैक्टर ट्राली, मोटरसाईकिल, दो तमंचा व चार जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया कि जो ट्रैक्टर बरामद किया गया है, उसे दो दिन पहले ही ऊमरी रोड़ कस्बा माधौगढ़ से ट्रैक्टर ट्राली चोरी किया था। इसके अलावा 25 जनवरी को चुंगी नं. 04 के सामने कस्बा जालौन से मोटरसाइकिल चुराई थी, जिसे छुपाकर बेचने के उद्देश्य से यहाँ लाकर खड़ा कर दिया था।

# सड़क हादसे में सीओ कार्यालय के फॉलोअर की मौत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई निवासी 30 वर्षीय राहुल पुत्र राजेंद्र ओमरे कालपी स्थित सीओ कार्यालय में प्राइवेट तौर पर फालवर का काम करता था। जो गुरुवार की रात को काम निपटाकर बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 10 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में गांव के पास पहुंचते ही टक्कर मार दी। जिससे वह सिर के बल सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। कुछ देर बाद वहां से निकले राहगीरों ने जब उसे घायल पड़ा देखा तो जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहुल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बल्कि घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए चालक व अज्ञात वाहन की तलाश शुरु कर दी है।फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी मधु, दो बेटी व एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेगा विधिक सेवा शिविर से आमजन को मिलेगा न्याय व योजनाओं का लाभ

## 22 फरवरी को मेडिकल कॉलेज उरई में एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी कई सुविधाएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



आम नागरिकों को न्यायिक सहायता के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मेगा शिविर के माध्यम से गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद वर्ग के लोगों को विधिक परामर्श, विवाद समाधान, लोक अदालत संबंधी जानकारी तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। इसके लिए जनपद के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अपनी योजनाओं की अद्यतन सूची समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं, ताकि शिविर को व्यवस्थित, सुचारु एवं जनोपयोगी बनाया जा सके।।बैठक में अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी प्रथम सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कक्षा 9 की छात्र के साथ 11 वीं में पढ़ने वाले छात्र ने किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

कस्बा के एक इंटर कॉलेज की कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा के साथ 11 वीं में पढ़ने वाले छात्र ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

माधौगढ़ कस्बा के एक इंटर कॉलेज के कक्षा 9 में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा दादी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रह रही थी। बताया गया कि गुरुवार को घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे और घर में अकेली छात्रा थी। तभी घर में अकेली छात्रा की जानकारी होने पर विद्यालय में 11वीं में पढ़ने वाले छात्र कोतवाली क्षेत्र के गांव जमरेही अब्बल निवासी आकाश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने कमरे में अंदर घुस आया, और उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। इतना ही नहीं विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। देर रात घर पहुंचे परिजनों को छात्रा ने आप-बीती बताई। जानकारी होने पर पुत्री के साथ कोतवाली पहुंचे पिता ने छात्र के नामजद तहरीर पुलिस को दी। मामले में कोतवाल विकेश बाबू का कहना है पिता की तहरीर पर जमरेही अव्वल निवासी 18 वर्षीय आकाश कुमार के खिलाफ दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट एससी एसटी के तहत मामला दर्जकर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 31 को अभियान दिवस

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 31 जनवरी 2026 (शनिवार) को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे तथा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा, जिससे मतदाता अपने नाम की स्वयं पुष्टि कर सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि वाचन के दौरान उन मतदाताओं के नाम भी पढ़कर सुनाए जाएंगे, जिनके नाम मृत्यु, स्थानांतरण, अनुपस्थिति, दोहरी प्रविष्टि अथवा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण आलेख्य मतदाता सूची से हट गए हैं। विशेष अभियान दिवस के अवसर पर पात्र नागरिकों से फॉर्म-6, फॉर्म-8 (घोषणा पत्र सहित) एवं फॉर्म-7 भी प्राप्त किए जाएंगे। अभियान की निगरानी हेतु जनपद स्तरीय अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आयोजन का पर्यवेक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है। आवेदन पत्र में आवेदक का नाम व पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो तथा वर्तमान मोबाइल नंबर अंकित किया जाना आवश्यक होगा। आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल/इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र, भारतीय पासपोर्ट अथवा जन्म तिथि से संबंधित अन्य वैध अभिलेख प्रस्तुत किए जा सकते हैं। अभिलेख उपलब्ध न होने की स्थिति में 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के आवेदकों को माता-पिता अथवा गुरु के हस्ताक्षरयुक्त शपथ पत्र के साथ संबंधित अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि माता-पिता जीवित न हों तो ग्राम प्रधान या नगर निकाय के सक्षम सदस्य द्वारा प्रदत्त आयु प्रमाण पत्र मान्य होगा। 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के आवेदक केवल स्व-घोषणा पत्र के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। निवास प्रमाण के लिए पानी, बिजली या गैस कनेक्शन का बिल, आधार कार्ड, बैंक या डाकघर की पासबुक, भारतीय पासपोर्ट, भूमि स्वामित्व अभिलेख, पंजीकृत किरायानामा अथवा विक्रय विलेख मान्य होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनसामान्य के अवलोकन हेतु आलेख्य मतदाता सूची की पीडीएफ जनपद जालौन की वेबसाइट https://jalaun.nic.in तथा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नागरिक [illegible] मोबाइल ऐप एवं आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी सभी प्रकार के आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे विशेष अभियान दिवस का अधिकाधिक लाभ उठाते हुए मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

# लिवर ट्रांसप्लांट से मिलती है लाइलाज समझी जाने वाली बीमारी में राहत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

लिवर ट्रांसप्लांट अब कोई अनजान मेडिकल शब्द नहीं रह गया है, बल्कि भारत में यह एक स्थापित और प्रभावी इलाज का विकल्प बन चुका है। देश में गंभीर लिवर बीमारियों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। इसके पीछे मोटापे से जुड़ा फैटी लिवर, क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी और सी, शराब से होने वाला लिवर डैमेज, कुछ जेनेटिक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर और बच्चों व बड़ों दोनों में अचानक होने वाला एक्यूट लिवर फेल्योर जैसे कारण प्रमुख हैं। जब लिवर उस स्टेज पर पहुंच जाता है जहां दवाओं से सुधार संभव नहीं होता, तब लिवर ट्रांसप्लांट ही जीवन बचाने का एकमात्र असरदार तरीका रह जाता है। लिवर ट्रांसप्लांट में खराब हो चुके लिवर को एक स्वस्थ डोनर लिवर से बदला जाता है। यह डोनर ब्रेन-डेड व्यक्ति हो सकता है, जिसके अंग कैडेवरिक ऑर्गन डोनेशन के जरिए मिलते हैं, या फिर कोई जीवित रिश्तेदार जो अपने लिवर का एक हिस्सा दान करता है। इंसानी लिवर की सबसे खास बात यह है कि उसमें खुद को दोबारा विकसित करने यानी रीजनरेट करने की क्षमता होती है। इसी वजह से एक स्वस्थ डोनर के लिवर का हिस्सा रिसीवर के लिए पूरी तरह काम कर सकता है। भारत में कैडेवरिक डोनर्स की सीमित उपलब्धता के कारण लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट अधिक व्यावहारिक विकल्प बन गया है।

# 7 को होगा बार एसोसिएशन का चुनाव

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



बार एसोशिएसन के 2026 के चुनाव को लेकर इस समय तहसील में गहमा गहमी का माहौल है। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। शनिवार को नामांकन पत्रों की जाँच और नामांकन वापसी का दिन रहेगा। सात फरवरी को मतदान और परिणाम की घोषणा की जाएगी। बार एसोसिएशन शाहाबाद के वार्षिक चुनाव वर्ष 2026 हेतु नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हुई जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष आनंद वीर श्रीवास्तव व सदस्य गण ज्ञानप्रकाश पाल ,अनिरुद्ध कुमार मिश्रा ,राकेश कुमार, सैय्यद रईसअली की कमेटी द्वारा नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। कई पदों हेतु आज 30 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी एवं उमेश कुमार एडवोकेट व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संत कुमार सिंह व खुर्शीद अली, गिरंद प्रकाश मिश्रा, महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वर्मा व हसनैन वारसी व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिनाम सिंह यादव, संयुक्त मंत्री पद पर दुर्गेश कुमार अवस्थी व आशीष पांडे, वरिष्ठ सदस्य पर श्रीकृष्ण शर्मा व कृष्ण कुमार पांडे, घनश्याम द्विवेदी नीरज दीक्षित, चंद्रपाल सिंह, विमल कुमार पांडे, कनिष्ठ सदस्य पद पर धीरेंद्र कुमार सिंह , प्रदीप कुमार शर्मा, मणींद्र कुमार रंजन, नीरज कुमार शुक्ला, शेरसिंह, सुधीश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी, उमेश कुमार के बीच काटे की टक्कर होने की प्रबल संभावना है। महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित के बीच सीधा मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु संत कुमार सिंह , गिरेंद्र प्रकाश मिश्रा और खुर्शीद आलम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी व प्रमोद कुमार वर्मा के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है शेष सभी पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होना तय हैं।

# अतिक्रमणकारी ने जान माल की धमकी दी

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** सड़क पर मोरंग और गिट्टी डालकर अतिक्रमण करने वाले एक दबंग ने शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक को गाली गलौज कर जान माल की धमकी दी। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला पठकाना निवासी राजीव नयन दीक्षित भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक हैं और एक संस्थान में प्रधानाचार्य हैं। शुक्रवार को वह कॉलेज से वापस अपने घर जा रहे थे तो दिलेर गंज पठकाना मोहल्ले की सीमा पर लखनऊ निवासी मयंक त्रिपाठी ने निर्माण सामग्री मौरंग और गिट्टी डालकर पूरी रास्ता बंद कर दी। राजीव नयन दीक्षित ने जब अतिक्रमण करने के लिए नाराजगी प्रकट की तो दबंग मयंक त्रिपाठी ने गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी दी। शिक्षक नेता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।स्वामी विवेकानन्द सभागार में डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के सम्बन्ध मे शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके क्रम मे डीएम ने पुनः अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश दियें।डीएम ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीएसएन कालेज के सामने की सीसी रोड बनाने के सम्बन्ध मे प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब विद्युत पोलों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। प्रत्येक शिकायत या आवेदन का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण किया जाए।डीएम ने अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर उनकी व्यावहारिक समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि जिले में औद्योगिक विकास की गति को और बल मिल सके। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के दृष्टिगत 4.30 बजे तक खुले रहेगें मतदेय स्थल के विद्यालय

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए को निर्देशित किया है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 हेतु विशेष अभियान की तिथि 31 जनवरी (शनिवार) निर्धारित की गयी है। उपरोक्तानुसार विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक पदाभिहित स्थल पर पदाभिहित अधिकारी की उपथिति सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान दिवसों में पदाभिहित स्थलों का भ्रमण/निरीक्षण किया जायेगा। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि ऐसे विद्यालय अथवा अन्य भवन (मतदान केन्द्र) जहां पर मतदेय स्थल स्थापित हैं उन विद्यालयों/भवनों को प्रत्येक दशा में प्रातः 10.30 बजे से सायं 04.30 बजे तक खुलवाये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

# किसी भी समय ब्लॉक में हो सकती है बड़ी घटना,सचिवों ने बीडीओ को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर एक प्रधान द्वारा लगातार सचिव को पीटना और गाली-गलौज करना आम बात हो गई है। सचिवों को आशंका है कि किसी भी समय कोई भी बड़ी घटना घट सकती है लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है। गुरुवार को फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे द्वारा सचिन हर्षित सिंह के साथ हाथापाई करने और जान माल की धमकी देकर गंदी-गंदी गालियां देने से सचिवों के अंदर भय व्याप्त हो गया है। सचिवों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक करके बीडीओ को 24 घंटे के अंदर हर्षित सिंह का तबादला अन्यत्र करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। ब्लॉक शाहाबाद की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के ग्राम प्रधान विवेक पाण्डेय ने दूसरी बार 29 जनवरी को सचिव हर्षित सिंह को गाली गलौज करते हुए हाथ पाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विवेक पाण्डेय ने इससे पहले 11 नवंबर 2025 को ब्लॉक पर हर्षित सिंह से हाथापाई की थी जिसके विरोध में ब्लॉक शाहाबाद के सभी सचिवों ने विरोध दर्ज कराया। उसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।लेकिन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी प्रधान के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही न होना यह दर्शाता है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, जब कि प्रधान ने पहले से ही हर्षित सिंह को जान से मारने की धमकी दे रखी है। क्या घटना होने बाद ही प्रशासन की नींद टूटेगी ? हर्षित सिंह लगातार मानसिक प्रताड़ित हो रहे हैं। सचिव हर्षित सिंह के अन्यत्र तबादले को लेकर सभी सचिवों ने एक बैठक की और यह निर्णय लिया कि 24 घंटे के अंदर अगर बीडीओ यहां से ट्रांसफर नहीं करवाते हैं तो सभी सचिव कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### एफआईआर पर कार्रवाई क्यों नहीं ?

सरकारी कार्य में बाधा डालने और सचिव से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज होने के बाद शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने एक भी बार प्रधान विवेक पांडे को बुलाना मुनासिब नहीं समझा। आखिर वजह क्या है ? जिससे प्रधान विवेक पांडे के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और वह आए दिन सचिव को शराब पीकर मारपीट और गाली गलौज कर रहा है।

### राजनैतिक दबाव में नहीं हो रही कार्रवाई

सचिवों का मानना है प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी राजनैतिक दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे प्रधान के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और सचिवों को मारपीट और गाली गलौज कर बेइज्जत किया जा रहा है ?

### राजनैतिक संरक्षण में खुलेआम घूम रहा है प्रधान

सचिवों का मानना है राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने की वजह से प्रधान खुलेआम घूम रहा है और गुंडई कर रहा है, अगर प्रधान पर पिछली एफ आई आर दर्ज होने के बाद कार्रवाई हो गई होती तो शायद उसके हौसले बुलंद नहीं होते और दोबारा यह घटना नहीं होती।

# जन सुनवाई मे डीएम ने सुनी 77 शिकायतें




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 77 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने खराब प्रगति वाले सचिवों के विरूद्ध कार्यवाही के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ डा. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में विकास खण्ड कुण्डा की समीक्षा में पाया गया कि प्रभुनाथ प्रसाद सचिव द्वारा ई-केवाईसी में मात्र 22 प्रतिशत व फैमिली आईडी में 220 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 38 की पूर्ति सुनिश्चित की गयी है। सम्बन्धित सचिव को प्रतिकूल प्रवष्टि प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। विकास खण्ड बाबागंज की समीक्षा के दौरान पाया गया कि धीरेन्द्र शुक्ला, संजय कुमार जायसवाल व सुनील कुमार सचिव अनुपस्थित रहे तथा इनकी प्रगति भी प्रत्येक बिन्दु पर अत्यन्त न्यून पायी गयी। तत्क्रम में खण्ड विकास अधिकारी बाबागंज को सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार विकास खण्ड बिहार की समीक्षा के दौरान अनुराग यादव सचिव की प्रगति खराब पाये जाने पर इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये। गौआश्रय स्थलों में पूलिंग की धनराशि के अन्तरण की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मनोज कुमार श्रीवास्तव सचिव पट्टी द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी पट्टी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सचिव का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी गौरा द्वारा अवगत कराया गया कि रणजीत एवं पूनम यादव सचिव विकास खण्ड गौरा द्वारा फैमिली आईडी बनवाये जाने में रूचि नहीं ली जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी गौरा को निर्देशित किया गया कि दोनो सचिवों का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया जाय। बैठक में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये कि नियमित सचिववार समीक्षा करते हुये एक सप्ताह के भीतर योजनान्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें अन्यथा प्रगति न करने वाले सचिवों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अन्त में समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया गया कि नियमित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करें तथा खराब प्रगति करने वाले सचिवों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करायें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार सन्तोष कुमार सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं में विकास खण्ड के खराब प्रगति करने वाले पांच-पांच सचिव उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में पर्यावरण व गंगा समिति की बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वृक्षारोपण अभियान-2026 को लेकर व्यापक चर्चा की गई। प्रभागीय निदेशक द्वारा शासन से प्राप्त वृक्षारोपण लक्ष्य एवं तैयारियों की जानकारी दी गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र स्थल चयन एवं अग्रिम मृदा कार्य पूर्ण कर उसकी सूचना प्रभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि वृक्षारोपण अभियान को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सम्पन्न किया जा सके। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक के नियंत्रण एवं ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण व अंतिम निस्तारण को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग के अभिनव प्रयास के तहत नदी, तालाब एवं धार्मिक स्थलों पर जल में तैरते कचरे को रोकने हेतु फ्लोटिंग ट्रेश बैरियर लगाने के प्रथम प्रयास पर चर्चा की गई। इस संबंध में जिला पंचायतीराज अधिकारी एवं संबंधित नगर निकायों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ जल एवं हरित भविष्य के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकारियों ने जनसहभागिता को भी महत्वपूर्ण बताया। बैठक में प्रभागीय निदेशक आशुतोष गुप्ता (पर्यावरण सदस्य सचिव), डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति सलाखों के पीछे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के संग्रामगढ़ थाना इलाके के पूरे कुंदन फतेह शाहपुर की रहने वाली एक युवती बीते बुधवार को किसी काम से घर से निकली थी जो गुरुवार सुबह लालगंज थाना इलाके के प्राथमिक विद्यालय पूरे जगन्नाथ परिसर में मरनासन्न अवस्था मे मिली। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। जहां पर हालत गम्भीर देख उसे स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पर जानलेवा हमला करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका पति शिवा सरोज ही था। जिसे पुलिस ने संग्रामगढ़ थाना इलाके के पुनहरी पुलिया के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से डंडा भी बरामद किया है जिससे उसने युवती पर हमला किया था। पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। एसओ संग्रामगढ़ मनोज तोमर ने बताया कि पति-पत्नी दोनों अलग रह रहे थे। बुधवार को पति ने पत्नी को फोन करके बुलाया। दिनभर दोनों साथ रहे और देर शाम किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई फिर पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया और विद्यालय परिसर में ही घायल अवस्था में पत्नी को छोड़कर फरार हो गया। आरोपी पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

## सरकारी योजनाओं में ऋण प्रवाह बढ़ाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।**
जिले में बैंकिंग क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय ऋण समीक्षा समिति (ष्टरुक्रष्ट) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने की। इस दौरान वार्षिक ऋण योजना 2025-26 के तहत बैंकों की उपलब्धियों और लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले का क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात 72.60 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जिसे संतोषजनक माना गया। वहीं कुल अग्रिम प्रगति 105.83 प्रतिशत रही, जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। प्राथमिक क्षेत्र, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई तथा स्वयं सहायता समूहों (स.ा्र) को दिए गए ऋणों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर भूपेंद्र मिश्र, भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ जितेंद्र मोरे, नाबार्ड के डीडीएम कृष्ण कुमार तथा जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक प्रियदर्शी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण में तेजी लाई जाए।

# अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले के कुण्डा कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा थाने की पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से खनन किया जा रहा है और उसे ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद कुण्डा थाने पर तैनात एसआई निर्मल कुमार शर्मा द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर फरेंदूपुर में मनगढ़ रोड पर चेकिंग के दौरान अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। जांच के दौरान संबंधित वाहन चालक कोई वैध खनन या परिवहन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसके बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया। अवैध खनन व परिवहन की पुष्टि होने पर तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया गया है। एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को एमवी एमवी एक्ट में सीज कर दिया गया है। अन्य वैधानिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित विभाग को जानकारी दी गई है। प्रतापगढ़ पुलिस ने साफ कहा है कि अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन कानूनन अपराध है, जिससे पर्यावरण, सार्वजनिक संसाधनों एवं आमजन की सुरक्षा को गंभीर क्षति पहुँचती है। ऐसे कृत्यों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध खनन अथवा बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन जैसे कार्यों में संलिप्त न हों। यदि कहीं भी अवैध खनन या खनिज परिवहन की सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# कुष्ठ रोग पर वार, पनियरा में चला जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महाराजगंज**



पनियरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अधिदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का संदेश पढ़कर लोगो को सुनाया गया। कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता, समय पर पहचान एवं उपचार पर विशेष बल दिया गया। इसके पश्चात उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव समाप्त करने और प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान व गरिमा के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों को कंबल वितरित किए गए। जिलाधिकारी के संदेश में कहा गया कि महराजगंज जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं जनपदवासी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। कुष्ठ रोग साध्य है और इसकी पहचान आसान है, इसलिए समय पर रोगियों की खोज और उपचार अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारजनों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने का आह्वान किया गया।
इस मौके पर डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. हसन अंसारी, एनएमए अवधेश सिंह, नियमतुल्लाह खान, बीसीपीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह, वार्ड बॉय शमशेर खान, फार्मासिस्ट सुनील कुमार उपाध्याय सहित सभी एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## सामाजिक चेतना को जागृत करना राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य

**देवरिया।** बब्बन सिंह इंटर कॉलेज रतसिया कोठी के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्त दिवसीय शिविर का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राकेश रंजन प्राचार्य ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य लक्ष्य सामाजिक चेतना को जागृत करना एवं अंतर्निहित शक्तियों के नेतृत्व क्षमता का विकास करना होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार तिवारी ने सामाजिक बुराइयों का समूह नष्ट करने का माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना को बताया। राधेश्याम चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र प्रेम एवं सद्भावना प्रदान करता है। दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहाकि इससे महिला सशक्तिकरण व दहेज जैसी सामाजिक बीमारी समाप्त हो सकती है। दिलीप कुमार प्रजापति ने कहा कि इससे व्यक्तित्व निर्माण व राष्ट्र निर्माण होता है। इससे पूर्व साक्षी, खुशबू, सनम खातून, आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले की अंतू थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद किया है। बता दें कि बीते बुधवार को अंतू थाना इलाके के सिरखोरी गांव में अभिषेक पांडेय के भाई के साथ पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा धारदार कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड और डंडे से मारकर घायल कर दिया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी अन्तू अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में एसआई सुरेश कुमार यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को अन्तू थाना क्षेत्र अन्तर्गत पतुलकी कब्रिस्तान बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त नवदीप पाण्डेय व ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उर्फ महन्थे थाना इलाके के सिरखोरी गांव के रहने वाले हैं।
एसएचओ अभिषेक सिरोही ने बताया कि पुरानी रंजिश में आरोपियों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने विकास भवन का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों की उपस्थिति पंजिकाओं को मंगवाकर सीडीओ कक्ष में गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया, जबकि शेष सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित मिले। डीएम ने कार्यालयों की समयबद्धता एवं अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। फाइलों के निस्तारण, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जनसामान्य से संबंधित मामलों में कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दायित्व है। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक नियमित रूप से जनता दर्शन आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान शासन के निर्देश के क्रम में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में डीएम शिव सहाय अवस्थी, सीडीओ डा. दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विकास भवन परिसर में दो मिनट का मौन धारण किया गया।

## नहर की पटरी खोदवाने का आरोप, आक्रोश

**कुशीनगर।** क्षेत्र के जगदीशपुर बरडीहा चौराहे के पास किसानों ने सिल्ट सफाई कार्य में हो रही अनियमितता के खिलाफ विरोध किया। किसानों ने नहर की सिल्ट सफाई के नाम पर नहर की पटरी खोदवाकर गड्ढा करने का आरोप लगाया। किसानों का आरोप है कि नहर की पटरी की खोदाई होने से नहर का बंधा कमजोर होने के साथ नहर की पटरी के किनारे लगे पेड़-पौधों की जड़ें कमजोर हो गई हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि अनिल सिंह, पप्पू सिंह, राजीव कुमार, संतोष सिंह, रामरक्षा आदि ने कहा कि बसंतपुर रजवाहा मंसुरगंज पुलिस चौकी से बरडीहा रेलवे क्रासिंग से एक किलोमीटर आगे तक नहर की पटरी पर रखे सिल्ट की उठान का ठेका करीब 25 लाख रुपये में ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार सिल्ट के उठान के नाम पर करीब 100 मीटर तक नहर की पटरी खोदकर तीन फीट तक गड्ढा बना दिया हैं।

# भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरु

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महाराजगंज**



पनियरा के अकटहिया धाम में आयोजित श्री श्री प्रथम रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भक्ति, आस्था और उत्साह के वातावरण में हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन गाजे-बाजे, हाथी-घोड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।
कलश यात्रा यज्ञ स्थल अकटहिया धाम से प्रारंभ होकर शांति नगर चौराहा, दुर्गा मंदिर मार्ग होते हुए मुजरी रास्ते से भौराबारी पुल के समीप रोहीन नदी के तट तक पहुंची। इस दौरान 501 कन्याओं ने पीले (केसरिया) वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर श्रद्धा के साथ पदयात्रा की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रोही नदी के पावन तट पर विधि-विधान से जल भरा गया, जिसके पश्चात यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर लौटकर संपन्न हुई।
कलश यात्रा में सजे-धजे हाथी-घोड़े, भव्य झांकियां और ढोल-नगाड़ों की थाप आकर्षण का केंद्र रहीं। वही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन उपस्थित था। यज्ञ समिति के अनुसार श्री श्री प्रथम रुद्र महायज्ञ 30 जनवरी से विधिवत प्रारंभ हो चुका है, जिसका समापन 9 फरवरी को विशाल महाभंडारे के साथ होगा। इस अवसर पर सतीश सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष, प्रधान संघ), संजय निषाद (सभासद), राजेश पाल, शैलेश पाल, राजेश्वर निषाद, सुभाष प्रजापति, चंदू प्रजापति, शिव शर्मा, पिंटू प्रजापति, आनंद शर्मा, रामदुलारे गुप्ता, सत्येंद्र प्रजापति, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वर्षों पुराने प्रकरण का जिलाधिकारी ने मात्र 01 घंटे में कराया निस्तारण

## प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फरियादी ने शासन प्रशासन का जताया आभार

- नाम संशोधन संबंधी प्रकरण में जनसुनवाई के दौरान ही फरियादी को उपलब्ध कराई गई खतौनी



**जन एक्सप्रेस जौनपुर**

जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के जनसुनवाई के दौरान नकटुपुर, हवेली, सदर निवासी रवि शंकर पुत्र शिवबरन उपस्थित हुए और प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि वर्ष 2012 में उनके पिता की मृत्यु के उपरान्त निर्विवाद वरासत के आधार पर राजेन्द्र प्रसाद, रविशंकर और अरविन्द कुमार पुत्र शिवबरन का नाम अभिलेखों में दर्ज हुआ, तत्समय से ही कुछ खाते में उनका नाम रविशंकर के स्थान पर शिव शंकर दर्ज हो गया था जिसके कारण वे विगत 13-14 वर्षों से अभिलेखों में अपना नाम संशोधित कराने हेतु परेशान थे और प्रयासरत थे। आज प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने तहसीलदार सदर को बुलाया इस प्रकरण को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिये जिसके क्रम में तहसीलदार सदर के द्वारा मात्र 1 घंटे में अभिलेखों में नाम त्रुटि में सुधार करा दिया गया इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा आज ही जनसुनवाई कक्ष में रविशंकर को खतौनी उपलब्ध करा दी गई। जिलाधिकारी ने रविशंकर को खतौनी उपलब्ध कराते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि जनसुनवाई के दौरान आम जनमानस की समस्याओं को सुनते हुए उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिसके क्रम में आज वर्षों पुराने इस प्रकरण का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। उन्होंने कहा कि माननीय

- जिलाधिकारी का सख्त निर्देश, तहसीलों में ऐसे प्रकरणों का तत्काल कराया जाए निस्तारण, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से ऐसे व्यक्ति जो मामूली सी त्रुटि के कारण समस्याओं का सामना कर रहे है उन्हें त्वरित और गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सख्त निर्देश दिये गए कि किसी भी तहसील में इस प्रकार के मामूली त्रुटि वाले प्रकरण संज्ञान में आने पर शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाए, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। खतौनी प्राप्त होने पर रविशंकर के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मा0 मुख्यमंत्रीजी और जिलाधिकारी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, बैरकों की सघन तलाशी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डा.दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की बैरकों की सघन तलाशी ली, जिसमें कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। अधिकारियों ने पाकशाला का भी निरीक्षण कर बन्दियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल अस्पताल का भ्रमण कर बन्दियों के स्वास्थ्य की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रभात को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बन्दियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यकतानुसार समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जेल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा खत्म किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन


## मनरेगा खत्म कर मजदूरों के अधिकार पर डाका डाल रही है मोदी सरकार: राकेश मिश्रा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



खुटहन केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा खत्म किये जाने के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटहन के अध्यक्ष विपिन शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी को सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा और संघ महात्मा गांधी के नाम से नफरत करते हैं, दुर्भावना से प्रेरित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम मिटाने के लिए मनरेगा कानून को खत्म किया गया है, पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों, गरीबो, महिलाओं को गारंटी के तहत गांव में ही वर्ष में सौ दिन रोजगार पाने का अधिकार दिया था किंतु नरेन्द्र मोदी की सरकार मनरेगा खत्म कर उनके अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के इशारे पर मनरेगा कानून को खत्म कर ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को गांव से पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है। ने संकल्प लेते हुए कहा कि मनरेगा कानून को बहाल करने तक कांग्रेस पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान होगा। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव परवेज अहमद, शैलेन्द्र यादव, यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष रत्नेश यादव, सुरेश यादव, सैयद रुमान, मुहम्मद सिराज, राजमणि यादव,छोटू, संजय उपाध्याय, नरेन्द्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जौनपुर में जिला प्रशासन, फायर विभाग व एनडीआरफ वाराणसी की टीम ने मॉकड्रिल का आयोजन किया गया





मनोज कुमार शर्मा, डीआईजी एनडीआरएफ


**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर नगर के गोमती नदी किनारे गोपिघाट पर जिला प्रशासन के सहयोग से एनडीआरएफ के डीआईजी मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि आपातकाल या किसी भी आपदा के दौरान कैसे बचा जा सकता है और अन्य लोगो को कैसे बचाया जा सकता है।उसको लेकर एनडीआरएफ की टीम ने नदी के किनारे अपना कैंप बनाकर मेडिकल की टीम व पूरे इंस्ट्रूमेंट साथ नदी के अंदर मॉक ड्रील करके बताया। आपदा से निपटने के लिए हर तरह की व्यवस्थाएं की गई थी फायर विभाग की टीम भी एनडीआरएफ टीम के साथ मॉकड्रिल में लगी रही।नदी में फंसे लोगों को कैसे बचाया जा सकता है। घटना का रिहर्सल करके दिखाया गया। एनडीआरफ के डीआईजी मनोज शर्मा ने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम या बचाव राहत बल कैसे कार्य करती है। उसको लेकर एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू किस तरह कर सकती है उसके बारे में लोगों को जागरूक किया गया। हालांकि एनडीआरएफ की टीम जौनपुर में न होने पर की बात पर डीआईजी मनोज कुमार ने कहा कि चूंकि जौनपुर वाराणसी से सटा हुआ है, इसलिए एनडीआरएफ की टीम किसी भी हादसे से निपटने के लिए 1 घंटे के अंदर मौके पर पहुंचकर लोगों को बचाने का काम करती है।

# इलाज के लिए गई वृद्ध विधवा का मकान ढहाया, दबंगों पर एफआईआर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



सरपतहां थाना क्षेत्र के रसोली गांव में दबंगों की दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव की एक 80 वर्षीय असहाय वृद्ध विधवा महिला का मकान दबंगों ने ताला तोड़कर ध्वस्त कर दिया। घटना के बाद पीड़िता बेघर हो गई है और खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर है। पीड़िता के अनुसार उनके पति का कई वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उनका कोई पुत्र नहीं है। इलाज के लिए वह कुछ समय के लिए अपनी बेटी के घर गई थीं। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक आदेश के उनके मकान का ताला तोड़ दिया, घर में रखा सामान निकाल लिया और पूरे मकान को गिरा दिया। इलाज के बाद जब वृद्धा वापस लौटीं तो उनका मकान पूरी तरह टूट चुका था। विरोध करने पर दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को थाने ले जाकर तहरीर दिलाई गई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का कहना है कि वृद्धावस्था और असहाय स्थिति के कारण वह दोबारा मकान बनवाने में असमर्थ हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, मकान का पुनर्निर्माण कराया जाए और हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए।

## युवक की हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली खास गांव में 24 वर्ष पहले हुई युवक की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ऋचा जोशी ने दो दोषियों गुड्डू और ताज मोहम्मद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 61200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन अधिकारी एडीजीसी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नौ मई 2002 को अदलहाट थाना क्षेत्र के भुईली खास निवासी राजकुमार ने तहरीर देकर बताया कि परिवार में शादी थी। गांव का एक युवक साइकिल लाकर परिवार के एक बच्चे के पैर पर चढ़ा दिया। इस पर उनके साले विकास ने उस युवक को मना किया। इस पर विपक्षी रात को घर पर आए और धमकी देते हुए मड़ई में आग लगा दी थी। साले विकास की पत्थर से मारकर हत्या कर दी थी।पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। गवाहों के बयान और साक्ष्य को अदालत में प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनकर न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ऋचा जोशी ने दोषी गुड्डू उर्फ छोटे व ताज मोहम्मद निवासी भुइली खास थाना अदलहाट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# जनसुनवाई में दिखी सख्ती और संवेदनशीलता

## पुलिस अधीक्षक डॉ0कौस्तुभ ने सुनी फरियादियों की समस्याएँ



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा आज पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा दूरसंचार माध्यम से संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों से वार्ता कर मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा लम्बित एवं संवेदनशील मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा पीड़ितों को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय दिलाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव एवं संबंधित थानों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्र हितों के लिये जारी रहेगा संघर्ष-दीनदयाल तिवारी



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शुक्रवार को मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, सदस्यों और नागरिकों ने बापू प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया। दीनदयाल तिवारी ने कहा कि बापू के देश में 7 दशक बाद देश एक बार फिर नाजुक मोड पर खड़ा है। वोट के सौदागर लोगों को हिन्दू-मुसलमान में विभाजित करने का कुचक्र जारी रखे हुये हैं और अब तो श्रीकृष्ण, सुदामा के देश में छात्रों को भी जातियों में विभक्त करने का सियासी षड़यंत्र चल रहा है। मेधा प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी ने कहा कि यूजीसी का नया नियम छात्रों को कई जातियों में बांट देने का राजनीतिक कुचक्र है। सर्वोच्च न्यायालय ने नियम पर रोक लगाकर देश को बड़े खतरे से बचा लिया किन्तु खतरा अभी पूरी तरह से बटा नही है। कहा कि वोट के लिये युवा शक्ति को विभाजित करने वाले कभी सफल नहीं होंगे। छात्र राजनीतिक षड़यंत्र को समझ चुके हैं। छात्रों की एकता के आगे सरकारों को झुकना पड़ा है और झुकना पड़ेगा। कहा कि सरस्वती के पावन मंदिर की पवित्रता को बचाये बनाये रखने, स्कूलों में कमीशनखोरी और जातिवादी राजनीति के विरूद्ध मेधा का संघर्ष जारी रहेगा। पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन् करने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय 'मुन्ना', संजय पाण्डेय, बृजेश द्विवेदी, गिरीश चन्द्र गिरि, नागेन्द्र मिश्र गुड्डू, प्रतीक मिश्र, अंशु चौरसिया, अमरनाथ यादव आदि शामिल रहे।

# दो माह की बच्ची को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराकर भाग गए परिजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिला महिला चिकित्सालय में एक अज्ञात नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार शाम को एक नवजात लड़की को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। शुक्रवार दिन के लगभग 9:00 बजे उसकी मौत हो गई। जिला महिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। कोतवाली पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में महिला कल्याण विभाग के कर्मी विकास कुमार बेनुवंशी ने बताया कि इस नवजात बच्ची को मां और पिता द्वारा शाहगंज कस्बे में नई सब्जी मंडी के स्थित चाइल्ड केयर सेंटर में तीन दिन पूर्व में भर्ती कराया गया था। नवजात घर के लोग छोड़ कर फरार हो गए। प्रतीक्षा करने के बाद जब घर के लोग नहीं आए तो अस्पताल संचालक डॉक्टर महफूज द्वारा चाइल्ड केयर सेंटर को या सूचना दी गई। बच्ची की हालत अधिक नाजुक होने के कारण इसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूसरी तरफ जांच में जुटी पुलिस को यह जानकारी मिली कि घर के लोगों ने जो नाम पता लिखाया गया था वह भी फर्जी निकला। अब प्रश्न इस बात का उठता है कि लगभग दो माह की इस बच्ची को परिवार के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराकर कहां गायब हो गए। इसे लेकर चर्चा है कि अस्पताल की फीस अदा न करने के कारण परिजन उसे छोड़कर भाग गए। यह भी अनुमान लगाया जाता है कि मां-बाप काफी गरीब रहे होंगे इसलिए उन्होंने अपने इस कलेजे के टुकड़े को यही छोड़कर चले गए। फिलहाल यह मामला अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रख दिया है। जिला महिला अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि जब यह बच्ची आई थी तभी से उसकी हालत काफी खराब थी।

# गन्ना उतरवाई नाम पर किसानों से अवैध वसूली, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



हर्रैया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट हर्रैया तहसील अध्यक्ष हरिप्रसाद चौधरी की अगुवाई में शुक्रवार को बभनान चीनी मिल क्षेत्र गन्ना क्रय केंद्र महादेवा बी पर गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर किसानों साथ एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से गन्ना उतरवाई के नाम पर शोषण बंद करने तथा क्रय केंद्र पर गन्ना तौल की समय सीमा बढ़ाया मांग किया। इन सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए हर्रैया एसडीएम सत्येन्द्र सिंह व जिला गन्ना अधिकारी अंगद सिंह से समस्याओं निस्तारण मांगकिया, लेकिन शाम तक कोई भी अधिकारी किसानों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे नाराज किसानों ने क्रय केंद्र पर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों ने दिनभर नारे बाजीकर अपनी आवाज को बुलंद किया। तहसील अध्यक्ष हरिप्रसाद चौधरी ने कहा कि गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कोई किसानों की समस्या सुनने वाला नहीं है। क्रय केंद्र पर गन्ना उतरवाई के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। जिससे किसान काफी परेशान है। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं किया जाता तब तक किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इस दौरान हरी लाल यादव,हरिश्चंद्र यादव, सूर्य प्रकाश यादव, राम भवन चौहान, बाबूराम, राजेश चौधरी, माता प्रसाद, पारस गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद है।

# अमहट घाट पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था की मांगः सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



डा.अम्बेडकर भगवान बुद्ध सामाजिक विकास मिशन समिति के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के साथ नागरिकों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि आगामी 1 फरवरी रविवार को कुंआनो नदी के अमहट घाट के निकट स्थित बाबा रमधनदास कुटी पर लगने वाले मेले के लिये विशेष साफ-सफाई कराया जाय। ज्ञापन में कहा गया है कि बाबा रमधनदास कुटी के सामने प्रति वर्ष रविदास जयन्ती पर मेला लगता है इसे देखते हुये कुटी और आस पास सड़क के किनारे साफ सफाई के साथ ही पथ प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय जिससे लोगों को असुविधा न होने पाये। जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ओम प्रकाश, अर्जुन, अमन राव, रामचन्द्र मौर्य, ब्रम्हानन्द, सौरभ गौतम, एडवोकेट ऋतुराज पाल, रन्धावा, जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने हत्या का खुलासा करने के लिए थाने पर किया धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

ड्रमंडगंज। देवहट गांव निवासी श्रमिक का जंगल में दफनाया शव मिलने के दो दिन बाद भी मामले का खुलासा नहीं हुआ। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे मृतक की पत्नी और पुत्रों के साथ ड्रमंडगंज थाने पर धरना-प्रदर्शन किया। लोगों ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर मामले का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर दो घंटे बाद दोपहर 12 बजे धरना समाप्त हुआ। देवहट गांव निवासी श्रमिक छोटकऊ कोल (56) 22 जनवरी की रात घर से तीन सौ मीटर दूर खेत की रखवाली करने गए थे। वे घर नहीं लौटे। 27 जनवरी को पांच दिन बाद सजहवा बाउली जंगल में उनका दफनाया शव मिला था। बुधवार की रात श्रमिक का शव घर पहुंचा। ड्रमंडगंज पुलिस के अलावा हलिया और लालगंज पुलिस की मौजूदगी में देर रात दाह संस्कार किया गया। बृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे परिजन और ग्रामीणों ने थाने पर धरना-प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि शव मिलने के दो दिन बाद भी हत्या का आरोपी नहीं पकड़ा नहीं गया। थानाध्यक्ष ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर लोगों ने दो घंटे बाद 12 बजे धरना समाप्त किया। सीओ लालगंज अमर बहादुर मौके पर जांच करने पहुंचे। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में श्रमिक के कनपटी और पसलियों में चोट के निशान पाए गए हैं। मृतक के पुत्र पिंटू कोल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## पीडब्लूडी एक्सईएन के अकाउंटेंट की चैंबर में लात घूसों से पिटाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पीडब्लूडी के अकाउंटेंट राममिलन यादव की एक्सईएन के चैंबर में लात घूसों से पिटाई का मामला जिले में चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि दोपहर तकरीबन ढाई बजे लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडब्लूडी के एक्सईएन ऑफिस में एक्सईएन के सामने ही कुछ ठेकेदारों द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई। सूत्रों से पता चला है कि साइन करने को लेकर विवाद बढ़ा और अकाउंटेंट को कमरा बंद करके पिटाई कर दी गई। मीडिया को दिये बयान में अकाउंटेंट ने एक विधायक के करीबियों पर आरोप मढ़ा है। इस पूरे मामले को लेकर हड़कंप मच गया। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदारों का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है जांच में सहयोग करेंगे।

## रोजमर्रा की चीजें और खाद्य पदार्थ सस्ते हों

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

एक फरवरी को केंद्र सरकार की तरफ से प्रस्तुत किए जाने वाले बजट को लेकर समाज के विभिन्न तबके के लोगों में उत्सुकता बनी है। आम जनता को उम्मीद है कि बजट ऐसा हो जिससे महंगाई न बढ़े। वो चाहते हैं कि रोजमर्रा की चीजें और खाद्य पदार्थ सस्ते हों। कोई शिक्षा पर विशेष पैकेज की चाहत रख रहा है। बृहस्पतिवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी महिलाओं ने अपनी राय दी है। महिलाओं का कहना है कि सरकार या तो उच्च वर्ग वाले लोगों पर ध्यान देती है अथवा निम्न आय वर्ग के लोगों पर ध्यान देती है। मध्यम आय वर्ग वाले परेशान होते हैं, इसलिए उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। ताकि मध्यम आय वर्ग के लोगों की समस्याएं कम हो सकें। बजट हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार को ध्यान में रखकर बनाना चाहिए, ताकि मध्यम वर्ग को परिवार का भरण-पोषण कर सके और उनके बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। नीलू सिंह। बजट ऐसा हो जिससे सब की जरूरतें पूरी हो। नियमित खर्च, तय बचत और सीमित खुशियों का संतुलन ही सशक्त गृहस्थी की पहचान है। शुभा खंडेलवाल, वाइस प्रेसिडेंट इनरव्हील क्लब। बजट में वर्किंग महिलाओं को आयकर में पुरुषों की अपेक्षा अधिक छूट मिलनी चाहिए। ताकि बढ़ती महंगाई में भी वे अपना घर आसानी से चला सकें।-रश्मि अग्रवाल, श्री कृष्णा अलंकार मंदिर।

# हैदराबाद थाना क्षेत्र मे हुई दो लाख पचास हजार की लूट का हुआ खुलासा

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी अमित कुमार राय व क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में विगत दिनांक 19.जनवरी.2026 को समय रात्रि करीब 8.30 बजे गोला बाकेगंज रोड पर राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र रामेश्वर दयाल अग्रवाल नि0ग्रा0 बाकेगंज ,थाना मैलानी, जिला-खीरी जो कस्बा गोला स्थित अपनी दुकान से वाहन संख्या क्क 31ञ्ज 7476 ञ्जञ्ज-ष्टश्व (छोटा हाथी ) में अपने तीन अन्य स्टाफ के लोगो से साथ बाकेगंज जा रहे थे, रास्ते में सरकारपुर चौराहे के समीप अज्ञात कार सवार बदमाशो द्वारा वादी के वाहन छोटा हाथी के आगे गाडी लगाकर मारपीट करते हुए ढाई लाख रुपये से भरा बैग लूट कर इमलिया रोड की तरफ सडक से होकर भाग गये

जिसके सम्बन्ध में वादी राजेन्द्र अग्रवाल उपरोक्त द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 17/ 2026 धारा 127(2)/ 309(6)/ 324(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिसके पश्चात घटना के अनावरण हेतु उच्चाधिकारियो के निर्देशानुसार थाना स्तर पर टींम का गठन किया गया था तथा घटना के खुलासे हेतु जनपदीय स्वाट एंव सर्विलांस टीम को लगाया गया था, जो कि दिनांक 30.01.2026 को थाना हैदराबाद पुलिस टीम व स्वाट एंव सर्विलांस टीम के द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में प्रयुक्त की गयी कार में सवार 05 अभियुक्तगणों 1. अंकित गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मो0 सर्वोद्य नगर थाना गोला जनपद खीरी 2. हरिओम गुप्ता पुत्र रामसागर निवासी कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद खीरी हाल पता 206/4 शास्त्री नगर थाना नौचन्दी जनपद मेरठ उम्र 27 वर्ष 3.आकाश वाल्मिकी पुत्र ओमपाल निवासी रुकनपुर थाना भावनपुर जनपद मेरठ उम्र 26 वर्ष 4. विकास उर्फ लालू कसाना पुत्र गजेन्द्र निवासी जन्देडी थाना मवाना जनपद मेरठ उम्र 22 वर्ष 5.अमान पुत्र जरीफ निवासी ग्राम नंगली साधारणपुर थाना इंचोली जनपद मेरठ उम्र 21 वर्ष को घटना में प्रयुक्त की गयी मारुती एस प्रेसो कार संख्या ॥क्र३४ष्ठ9696 सहित घटना में लूटे गये रुपयो में से एक लाख नौ हजार आठ सौ रुपयो व दुकान के नगद कूपन एंव वादी के आधार कार्ड की प्रति की बरामदगी करते हुए घटना करने में प्रयोग किये गये डन्डो एंव एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया है। अभियोग की घटना को गिरफ्तार अभि0गणो के द्वारा अपने फरार साथियो अंकुर गुर्जर पुत्र मदन व पियूष पुत्र सुनील बैंसला की सहायता से कारित किया गया है घटना को कारित किये जाने का घटना क्रम मे गिरफ्तार अभियुक्त अंकित गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता नि0मो0 सर्वोदयनगर बांकेगज रोड थाना गोला जनपद खीरी पूर्व में वादी मुकदमा राजेन्द्र अग्रवाल की दुकान पर अपने टैम्पो से समान ढोने का काम करता था

अंकित गुप्ता को मालूम था कि वादी मुकदमा राजेन्द्र अग्रवाल का मोटा व्यापार है जो बांकेगंज के रहने वाले है तथा रोजाना शाम को 10-12 लाख रुपये दुकान से अपने घर लेकर जाते है अंकित गुप्ता के द्वारा वर्तमान में मेरठ में रहने वाले अपने साढू हरिओम गुप्ता पुत्र रामसागर गुप्ता नि0 कस्बा मैगलगंज जनपद खीरी हाल निवासी मकान 206/4 शास्त्रीनगर मेरठ के साथ मिलकर राजेन्द्र अग्रवाल के साथ घटना करने की योजना बनायी गयी हरिओम गुप्ता द्वारा अपनी योजना में अभि0गण 1 . आकाश वाल्मिकी पुत्र ओमपाल 2. विकास उर्फ लालू कसाना पुत्र गजेन्द्र 3. अमान पुत्र जरीफ 4. अंकुर गुर्जर पुत्र मदन नि0ग्रा0 कस्बा बुगरासी थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर 5. पियूष पुत्र सुनील बैंसला नि0ग्रा0 सैथली थाना जारचा जनपद गौतम बुद्धनगर को भी शामिल किया गया तय योजनानुसार दिनांक 19.01.2026 को दिन में कार संख्या ॥क्र३४ष्ठ9696 एस प्रेसो द्वारा अभि0गण मेरठ से चलकर खुटार होते हुए गोला आये जहाँ पर दिन में मोहम्मदी रोड पर राईस मिल के पास अंकित गुप्ता कार सवार अभियुक्तो से मिलने के लिये आया जहाँ पर सभी की आपस में बातचीत होकर शाम के समय बांकेगंज जाते समय राजेन्द्र अग्रवाल के पैसे छीनने की योजना तैयार हो गयी अभि0 अंकित गुप्ता के द्वारा रैकी करते हुए वादी मुकदमा राजेन्द्र अग्रवाल के अपनी दुकान से निकलने की सूचना कार सवार अभि0गणो को देने का काम किया गया जैसे ही समय करीब 8.15 बजे वादी राजेन्द्र अग्रवाल अपने घर जाने के लिये अपने छोटे हाथी से निकले अंकित गुप्ता द्वारा अपने साढू हरिओम गुप्ता को सूचना दे दी गयी सूचना पर अभियुक्तो द्वारा कार को सरकारगढ चौराहे के पास छोटा हाथी के पास लगाकर कार सवार वादी मुकदमा एवं चालक के साथ डन्डो से छोटा हाथी के शीशे तोडकर मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया गया तथा घटना करने के पश्चात इमलिया रोड से होते हुए खुटार रोड पर संसारपुर की तरफ से होते हुए अभि0गण मेरठ भाग गये थे सभी अभियुक्तगणो के हिस्से में लूटी गयी रकम मे से 33-33 हजार रुपये हिस्से में आये थे अंकित गुप्ता के हिस्से के पैसे हरिओम गुप्ता के पास थे जिसके द्वारा 13 हजार रुपये आनलाइन पैमेन्ट किये गये थे। अभियुक्तो के द्नारा कारित की गयी लूट की इस घटना का अनावरण करने में जनपदीय स्वाट टीम तथा सर्विलांस टीम एंव थाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज एंव टैक्निकल सर्विलांस तथा सटीक मुखबिरी के सहायता से घटना का शीघ्र तथा सफल अनावरण किया गया है तथा अभियुक्तो द्वारा लूटी गयी धनराशि एंव घटना में प्रयुक्त कार एंव प्रयुक्त किये गये डन्डे व तमंचा कारतूस तथा दुकान से सम्बन्धित नकद कूपन व वादी का आधार कार्ड की एक प्रति आदि की बरामदगी की गयी है। अभियुक्तो की गिरफ्तारी एंव बरामदगी का विवरण निम्नवत है

1.हरिओम गुप्ता पुत्र रामसागर निवासी कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद खीरी हाल पता 206/4 शास्त्री नगर थाना नौचन्दी जनपद मेरठ उम्र 27 वर्ष से 44500 रुपये व रेडमी कम्पनी का मोबाईल 2.आकाश वाल्मिकी पुत्र ओमपाल निवासी रुकनपुर थाना भावनपुर जनपद मेरठ उम्र 26 वर्ष से 17400 रुपये अदद ओप्पो कम्पनी का मोबाईल

3.अमान पुत्र जरीफ निवासी ग्राम नंगली साधारणपुर थाना इंचोली जनपद मेरठ उम्र 21 वर्ष से 21600 रुपये व अदद ओप्पो कम्पनी का मोबाईल

4.विकास उर्फ लालू कसाना पुत्र गजेन्द्र निवासी जन्देडी थाना मवाना जनपद मेरठ उम्र 22 वर्ष से 20200 रुपये व रेडमी कम्पनी का मोबाईल काले रंग व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर अंकित गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मो0 सर्वोद्य नगर थाना गोला जनपद खीरी से करीब 6100 रुपये व कीपैड मोबाईल हीरो कम्पनी अभियुक्तगणो का आपराधिक इतिहास- 1.आकाश बाल्मिकी पुत्र ओंमपाल 1.मु0अ0सं0 224/ 2024धारा 147/ 148/ 149/ 323/ 324/ 504/ 506 भा0द0वि0 थाना मेडिकल जनपद मेरठ 2.मु0अ0सं0 301/ 2024 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना मेडिकल जनपद मेंरठ 3.मु0अ0सं0 327/ 2024 धारा 303(2)/ 317(2)/ 318(4)/ 336(2) बीएनएस थाना भवाना जनपद मेरठ 2.अभियुक्त विकास उर्फ लालू पुत्र गजेन्द्र, 1.मु0अ0सं0 252/2025 धारा 281/351(2) बीएनएस थाना मवाना जनपद मेरठ 3 अभियुक्त हरिओंम गुप्ता पुत्र रामसागर 1.253/2025 धारा 13 जी एक्ट थाना मैगलगंज जनपद खीरी 4. अभियुक्त पीयूष पुत्र सुनील - 1.मु0अ0सं0 268/ 2025 धारा 304/ 317(2) बीएनएस थाना दादरी जनपद गौतम बुद्धनगर 2. मु0अ0सं0 269/2025 धारा 109/ 3(5) बीएनएस 3/35 आयुध अधि0, 4/ 27 आयुध अधि0 थाना दादरी जनपद गौतम बुद्धनगर घटना के अनावरण में शामिल रही स्वाट टीम व सर्विलान्स टीम मे उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव प्रभारी स्वाट टीम आरक्षी मनीष यादव, सत्यप्रकाश,

ओम मिश्रा, गोल्डन, सिकन्दर चौधरी, विकास चौहान, अरुण कुमार, मेहताब आलम, शरद शुक्ला व हेड कांस्टेबल संजय कुमार व हैदराबाद पुलिस टीम उप निरीक्षक सन्तपाल सिंह राठौर, हेमन्त कटियार, जयनरायण यादव व आरक्षी दीपक वर्मा, नीरज कुमार, आकाश यादव, प्रेमशंकर रवि कुमार, धर्मेन्द्र कुमार थाना हैदराबाद प्रमुख रूप से खीरी सामिल रहे।

# पुलिस चौकी के पास से जा रहे गन्ने के ओवरलोड ट्रक के पलटने से एक की मौत

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर-सीतापुर रोड पर शुक्रवार दोपहर बाद ओयल चौकी के निकट पिंक टायलेट के सामने एक ओवरलोड ट्रक पलट गया। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि सड़क किनारे ट्रैक्टर बनवा रहा एक व्यक्ति व मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और आस पास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हादसा होते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा होते ही लंबा जाम लग गया। गौरतलब शुक्रवार दोपहर 3 बजे खीरी थाना क्षेत्र के ओयल पुलिस चौकी के पास हुई। पनयौर गांव निवासी कुलदीप कुमार अपना ट्रैक्टर बनवाने के लिए ओयल आए थे जो पुलिस चौकी के निकट एक मिस्त्री की दुकान पर ट्रैक्टर बनवा रहे थे। उसी समय ट्रक ने पहले ट्रैक्टर में टक्कर मारी उसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक व मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस हदासे में बाइकसवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो कुलदीप और मोहित गंभीर घायल हो गए। हादसा होते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तत्काल पलटे ट्रक की ओर दौड़े। हादसे के बाद घटनास्थल पर दोनों घायल कराहते रहे। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन दोनों को अस्पताल पहुंचाया। ओयल पुलिस ने घायलों को ई-रिक्शा के माध्यम से जिला अस्पताल मोतीपुर में भर्ती कराया। पुलिस चौकी प्रभारी पटेल राठी ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। दो लोग घायल हैं। हादसे के कारण ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। गौरतलब है कि इससे पहले मोहम्मदी में भी गन्ने के ट्रक पलटने से इसी तरह का हादसा हुआ था।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल

## 50 मूकबधिर युवाओं को कंबल, चेहरे पर खिली मुस्कान



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेह और संवेदनशील निर्देश पर तहसील लखीमपुर में प्रशासन ने 50 मूकबधिर युवाओं को गर्म कंबल वितरित किए। ठंडी हवाओं में जब कंबल उनके हाथों में पहुंचे, तो हर चेहरा खुशी और राहत की मुस्कान से जगमगा उठा। छोटे-छोटे हाथों में गर्म कंबल देखकर वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की आंखों में भी संतोष की चमक दिखी।

मूकबधिर युवाओं ने इशारों में डीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम केवल ठंड से राहत नहीं, बल्कि उन्हें अपनापन, सुरक्षा और आत्मसम्मान का एहसास भी दिलाता है। कुछ युवाओं ने अपने कंबल को गले लगाकर खुशी जताई, तो वहीं कई ने यह अनुभव अपने साथियों को दिखाते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसील अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन प्रशासन का लक्ष्य है कि समाज का हर सदस्य सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जी सके। ठंड में किसी को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। यह सिर्फ मदद नहीं, बल्कि स्नेह और अपनापन का संदेश भी है।

# एमएनसीयू वार्ड की तैयारियों का सीएमओ ने लिया जायजा



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** कस्बा स्थित सीएचसी के एनबीएसयू को एमएनसीयू में अपडेट किया जा रहा है। जिसका जल्द ही उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया जाना है। इसकी तैयारियों का जायजा लेने प्रभारी सीएमओ डॉ हरिनन्दन प्रसाद शुक्रवार को नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। उन्होंने सीएचसी पर प्रसूताओं और नवजातों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ पंकज वर्मा से जानकारी ली। उन्होंने एमएनसीयू का निरीक्षण किया। साफ सफाई एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डॉ राजेश कुमार, बीपीएम मलखान सिंह, स्टाफ नर्स वर्षा समेत अन्य मौजूद रहे।

# 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में शहीद दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं अनुशासन के साथ मनाया गया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शुक्रवार को 70वीं वाहिनी,सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को शहीद दिवस पूर्ण श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजन कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट के दिशा-निर्देश एवं गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इसके उपरांत वाहिनी के समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी सहित देश की आज़ादी, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर अपने संबोधन में कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद दिवस केवल स्मरण का दिवस नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन एवं संकल्प का अवसर भी है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, संयम एवं राष्ट्रसेवा के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बलकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं साहस के साथ करने का आह्वान किया ।कमांडेंट ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा, नागरिक सहायता एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में शहीदों के आदर्शों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों के सपनों को साकार करने, बल की गरिमा बनाए रखने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# नगर पालिका परिषद गंगाघाट के कर्मचारियो ली कुष्ठ उन्मूलन की शपथ



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर पालिका परिषद गंगाघाट के प्रांगण में आज कुष्ठ जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार विकसित भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 30 दिसंबर, 2026 को कार्यालय परिसर में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंगाघाट कौमुदी पाण्डेय एवं अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा द्धारा पालिका कर्मियों को हाथ उठा कर कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई और घोषणा करते हुए उद्घघोष किया की हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोडेंगे कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिये हर संभव प्रयास करेंगे हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले में उपलब्ध सभी संशाधनो का उपयोग करेंगे इसके साथ हम कुष्ठ से प्रभावित ब्यक्ति से कोई भेदभाव नही करेंगे और न ही किसी दूसरे ब्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित ब्यक्ति और उसके परिवार से भेदभाव करने देंगे हम ब्यक्तिगत एंव सामूहिक रूप से कुष्ठ प्रभावित ब्यक्तियो से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उसको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये अपना पूर्ण योगदान देंगे हम सभी कलंक एंव भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करने की प्रतिज्ञा लेते है इस मौके पर सभी पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# श्रीमदभागवत कथा पंडाल में पत्रकार बन्धुओं का स्वागत सम्मान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत पोनीरोड में श्री भगवती यज्ञ सेवा समिति के तत्वाधान में सत्रहवां श्री शतचण्डी महायज्ञ 24 जनवरी 2026 रविवार से 31 जनवरी 2026 तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा दिन में 2 बजे से शाम 6 बजे तक व कथा प्रवक्ता श्रीहित आकाश जी महराज श्रीधाम वृंदाबन द्वारा वाचन की जा रही जिनकी कथा के बहुत सुन्दर और मार्मिक कथा प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो जाते है 01 फरवरी 2026 दिन रविवार को न पूर्ण आहुति के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया जायेगा पंडित अशोक कुमार दुबे और अध्यक्ष उमेश तिवारी व रामलीला -समिति के सुरेश चंद्र शुक्ला ने कथा में आये श्रोताओं का अभिनन्दन करते हुए पत्रकार बन्धुओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वही श्री शतचण्डी महायज्ञ में सभी को अपनी आहुतियां देने का परम् सौभाग्य प्राप्त हो रहा है जहाँ प्रिय भक्तजन अखण्ड ब्रम्हाण्ड नायक दीनजन हितकारी युगुल सरकार श्री राधा कृष्ण जी की परम कल्याणकारी कृपा से उन्ही के चरित्रों की भक्तिमयी झाँकी का रसपान करने हेतु नगर शुक्लागंज में सोलह वर्षों के पश्चात इस सत्रहवें वर्ष के अवसर पर अपने धर्म प्रिय भक्तों के दैहिक दैविक भौतिक तापो को शमन कर श्री हरि का सानिध्य प्राप्त करने हेतु महायज्ञ के द्वारा श्री जगदम्बाँ को प्रसन्न करने के साथ ही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के माध्यम से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के अन्तिम परम सोपान तक पहुँचकर श्री हरि की शरण प्राप्त करने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है जिसको पुण्य प्राप्त करना हो आप एवं आपके प्रिय परिजनों को अति श्रेयश्कर होगा प्रिय भक्तजनों से अनुरोध है ऐसे पुनीत अवसर पर तन, मन, धन से सहयोग कर पुण्य के भागी बनें।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। राजमार्ग स्थित सीएचसी में शुक्रवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुरू इस अभियान में डॉ राजेश कुमार ने कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षणों जैसे त्वचा पर सफेद धब्बे, सुन्नता व नसों की कमजोरी के बारे में बताया। उन्होंने रोग उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई, जिसमें कुष्ठ पीड़ितों से भेदभाव न करने व समय पर इलाज कराने का संकल्प लिया गया।स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक नवाबगंज ब्लॉक में विशेष पखवाड़ा चलेगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा बहुएं व कुष्ठ कर्मी घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे पोस्टर व पैंफलेट बाटेंगे। वे रोग की भ्रांतियां दूर करेंगे तथा संदिग्ध मरीजों की जांच कर सीएचसी पर




इलाज सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता ने स्वच्छता व कुष्ठ रोकथाम के संबंध पर बोले। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार व विजय कुमार, पीएमडब्ल्यू राम नरेश सिंह, चंद्र प्रकाश वर्मा, स्वयंबर सिंह, आशुवेंद्र सिंह, सरवन कुमार, नीरज कुमार आदि समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ कर कंबल वितरण किये गये

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज समाजसेवी स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोहरामऊ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया तथा जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण कर उनके समाजसेवी कार्यों को स्मरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्पित मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा ने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। किसान परिवार से होने के बावजूद उन्होंने समाजसेवा की ऐसी मिसाल पेश की, जो आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शत्रुघन कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, शिवप्रसाद मिश्र, कमल किशोर शुक्ला, अभयेंद्र सिंह, मोनू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# जया एकादशी पर खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन, श्रद्धालुओं ने लिया बाबा का आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर स्थित खाटू श्याम मंदिर में जया एकादशी के उपलक्ष्य पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा हुआ था, और गणेश स्तुति से संकीर्तन का शुभारंभ हुआ।

अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता की मधुर आवाज में मेरा दिल दीवाना हो गया मुरलिया वाले मतलब की दुनिया से मुझे नफरत है ओ सँवारे मुझे तेरी जरूरत है भजन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

भक्त खाटू श्याम के भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए, और सुंदर-सुंदर भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। भावपूर्ण भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। खाटू श्याम मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने बताया कि जया एकादशी जो कि माघ महीने में आती है,

शास्त्रों में इसे चौबीस एकादशियों में विशेष स्थान प्राप्त है। मान्यता है कि इस दिन व्रत, जप, तप और दान करने से व्यक्ति को जय, विजय, सुख, समृद्धि और ग्रह शांति का आशीर्वाद मिलता है।

संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित रहे।

# 05 फरवरी को लगेगा दिव्यांग जन अधिकारों का मोबाइल कोर्ट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शुक्रवार को दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनपद में 5 फरवरी को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मोबाइल कोर्ट राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। मोबाइल कोर्ट का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अटल सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही समाज में दिव्यांगजनों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने और उनकी शिकायतों का स्थानीय स्तर पर शीघ्र निस्तारण करना भी इस पहल का लक्ष्य है।मोबाइल कोर्ट के माध्यम से जनपद में निवास करने वाले दिव्यांगजनों की विभागीय समस्याओं को यथासंभव मौके पर ही सुनकर त्वरित समाधान कराया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

# 'गांधी' एक सोच, जिसे नफरत नहीं मिटा सकती: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति का नाम नहीं है, बल्कि वे एक सोच और जीवन जीने का तरीका हैं। राहुल गांधी के अनुसार, इतिहास में कई बार साम्राज्यवादी ताकतों, नफरत की विचारधारा और सत्ता के घमंड ने इस सोच को मिटाने की कोशिश की, लेकिन वे हर बार नाकाम रहे।

## राहुल गांधी ने क्या कहा?

राहुल गांधी ने बापू को 'भारत की अमर आत्मा' बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, 'महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं। वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। मगर राष्ट्रपिता ने हमें आजादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं।



### मल्लिकार्जुन खरगे ने बापू को किया याद

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस मौके पर बापू को याद किया। उन्होंने कहा कि जिस नफरत ने बापू को हमसे अलग किया, उसका समाधान भी बापू के दिखाए रास्ते में ही मिलता है। उन्होंने सत्य की रोशनी, अहिंसा की शक्ति और प्रेम की करुणा को समाज के लिए सबसे जरूरी बताया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बापू के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### जयराम रमेश ने साझा किया ऐतिहासिक दस्तावेज

इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इतिहास के कुछ दस्तावेजों का जिक्र किया। उन्होंने 1948 में जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल के उन पत्रों को याद किया, जिनमें उन्होंने हिंदू महासभा और आरएसएस की गतिविधियों की आलोचना की थी। रमेश ने वर्तमान राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग आज भी बापू की विचारधारा को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने नेहरू के उस ऐतिहासिक भाषण को भी साझा किया जो उन्होंने बापू की हत्या के बाद रेडियो पर दिया था।

### के.सी. वेणुगोपाल ने भी बापू को दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने भी बापू को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 1948 में आज ही के दिन दुनिया को रास्ता दिखाने वाली महान आत्मा को हमसे छीन लिया गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि आज भी कुछ लोग गांधी जी को देश की यादों से मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग भले ही बापू को छोटा दिखाने की कोशिश करें, लेकिन उनके मूल्य भारत की रग-रग में बसे हैं।

### 1948 को हुई बापू की हत्या

30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। पूरा देश इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन बापू के शांति, न्याय और स्वतंत्रता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में समर्पित है। कांग्रेस नेताओं ने एक सुर में कहा कि बापू की विरासत को मिटाना नामुमकिन है।

## 'संघ-हिंदू महासभा पर नजर रख रहे थे नेहरू और पटेल',

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने वर्ष 1948 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखे गए जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल के दो पत्र सार्वजनिक किए। इन दोनों ही पत्रों में दोनों दिग्गज नेताओं ने हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों की कड़ी आलोचना की गई थी। दोनों नेताओं के पत्र को सार्वजनिक करते हुए जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'महात्मा गांधी की हत्या से दो दिन पहले जवाहरलाल नेहरू ने मुखर्जी को पत्र लिखा था, जबकि कुछ महीने बाद 18 जुलाई 1948 को सरदार पटेल ने भी उन्हें पत्र भेजा था। दोनों पत्रों में स्वयं को राष्ट्रवाद का संरक्षक बताने वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया गया था। इस दौरान जयराम रमेश ने 30 जनवरी 1948 की रात महात्मा गांधी की हत्या के बाद ऑल इंडिया रेडियो पर दिए गए जवाहरलाल नेहरू के संबोधन का लिंक भी शेयर किया।


# भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: पीयूष गोयल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित ICAI वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स कार्यक्रम में कहा कि भारत का वस्तु और सेवा निर्यात इस वर्ष भी लगातार बढ़ रहा है। 'मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत के चलते हम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।'

## 38.5 अरब डॉलर पर पहुंचा भारत का निर्यात

सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष दिसंबर में देश का वस्तु निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान देश का वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब



अमेरिकी डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उम्मीद है कि देश का वस्तु और सेवा निर्यात 2025-26 में 850 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर सकता है, जबकि 2024-25 में यह आंकड़ा 825 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## एफटीए का ज्यादा असर प्रीमियम ऑटो सेगमेंट पर

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय समझौतों में प्रवेश करता है, देश का विकसित देश बनने का सपना और नजदीक आता है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय ऑटोमोबाइल निर्माता अच्छी तरह समझते हैं कि भारत में उत्पादन करना उनके लिए फायदेमंद है, और इससे भारत में रोजगार सृजित होंगे।

### भारत में ही बनेंगी लग्जरी कारें

भारत-यूरोपीय संघ शुल्कों के भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर पर प्रभाव के बारे में गोयल ने कहा कि भारतीय ऑटो उद्योग असाधारण रूप से अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमने उन कारों के लिए बाजार पूरी तरह से नहीं खोला है जिनकी कीमत 25-30 लाख रुपये तक है। हमने ऑटो उद्योग की पूरी तरह से सुरक्षा की है।' यदि लग्जरी कारों को बाजार में प्रवेश की अनुमति दी जाती है और वे यहां थोड़े से बाजार हिस्से को देखते हैं, तो वे कारें भी भारत में निर्मित की जाएँगी।

# 'ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में भारत का होना मददगार'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गाजा को लेकर वैश्विक चर्चा के बीच फलस्तीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति के 'मेडिटरेनियन रिवेरा' वाले विचार पर सशर्त सहमति जताई है। मेडिटरेनियन रिवेरा यानी भूमध्यसागरीय रिवेरा का मतलब भूमध्य सागर के तट पर स्थित खूबसूरत तटीय क्षेत्र। फलस्तीनी विदेश राज्य मंत्री वर्सेन अघाबेकियन शाहीन ने स्पष्ट कहा कि यदि गाजा का पुनर्निर्माण 'रिवेरा' के रूप में होता है तो उसका लाभ केवल गाजा के फलस्तीनियों को मिलना चाहिए। किसी और के हित में, फलस्तीनियों को दरकिनार कर बनाई गई योजना स्वीकार्य नहीं होगी। एक साक्षात्कार में



शाहीन ने कहा कि शांति की हर पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन उसे फलस्तीनियों के राजनीतिक अधिकारों और स्वतंत्रता के स्पष्ट रास्ते से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने दो-राष्ट्र समाधान के प्रति भारत के रुख की सराहना की और कहा कि किसी भी शांति योजना का अंत परिणाम साफ होना जरूरी है। शाहीन ने कहा कि प्रस्तावित पीस बोर्ड में भारत की भागीदारी फलस्तीन के लिए सहायक हो सकती है। भारत के इस्राइल और फलस्तीन दोनों से संतुलित रिश्ते हैं, जो संवाद को आगे बढ़ाने में मददगार बन सकते हैं। हालांकि, उन्होंने जोड़ा कि बोर्ड की दिशा और लक्ष्य स्पष्ट हों, तभी सहभागिता सार्थक होगी।

### गाजा की जमीनी हकीकत क्या कहती है?

आंशिक संघर्षविराम के बावजूद गाजा में हालात अब भी नाजुक हैं। स्थायी और टिकाऊ युद्धविराम के बिना पुनर्निर्माण संभव नहीं। अंतरराष्ट्रीय समर्थन के बिना गाज़ा को दोबारा खड़ा करना कठिन होगा। क्षेत्रीय अस्थिरता, विशेषकर ईरान-अमेरिका तनाव, शांति प्रयासों को कमजोर कर सकती है।

### इस्राइल, हमास और आगे का रास्ता

शाहीन ने कहा कि शांति ढांचे के तहत हमास का निरस्त्रीकरण होना चाहिए, बशर्ते समूह उस ढांचे को स्वीकार करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी तट पर अवैध बसावट और हिंसा जारी है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। फलस्तीनियों का हक है कि उन्हें उनका स्वतंत्र राज्य मिले अब वक्त है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसे साकार करने में मदद करे।

# 'गमोसा न पहनकर राहुल ने किया पूर्वोत्तर का अपमान'

- डिब्रूगढ़ की जनसभा में राहुल गांधी पर तीखा हमला
- गमोसा को बताया असम और पूर्वोत्तर की पहचान
- घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव पर कांग्रेस को घेरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। डिब्रूगढ़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पूर्वोत्तर की संस्कृति के अपमान का गंभीर आरोप लगाया है। डिब्रूगढ़ के खानिकर परेड ग्राउंड में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक पहचान 'गमोसा' का अपमान किया है, जिसे भाजपा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्वोत्तर की संस्कृति, परंपराओं और पहचान की संरक्षक है और जब तक भाजपा सत्ता में है, तब तक इन मूल्यों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## क्या है गमोसा विवाद?

गृह मंत्री अमित शाह ने पूरे विवाद की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में सम्मान स्वरूप सभी अतिथियों को असम का पारंपरिक स्कार्फ 'गमोसा' भेंट किया गया था। शाह के अनुसार, विदेशी मेहमानों सहित देश के सभी प्रमुख नेताओं ने इस गमोसा को पहना, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे पहनने से इनकार कर दिया। अमित शाह ने दावा किया कि राहुल गांधी ऐसा करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।



### अवैध घुसपैठियों को वापस भेजा जाएगा

गृह मंत्री ने जनता को आश्वासन दिया कि अवैध रूप से भारत में घुसे लोगों की पहचान की जाएगी और उन्हें देश से बाहर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कानून के दायरे में रहते हुए असम की सुरक्षा और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगी।

### भाजपा सरकार पर भरोसा जताया

अपने भाषण के अंत में अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार असम के विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूर्वोत्तर को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और आने वाले समय में असम को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## 'अपनी मर्जी के मालिक हो सकते हैं, लेकिन...'

अमित शाह ने अपने भाषण में कहा, 'राहुल गांधी अपनी मर्जी के मालिक हो सकते हैं, लेकिन भाजपा पूर्वोत्तर की संस्कृति का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। गमोसा केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि असम की अस्मिता, सम्मान और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार असम की संस्कृति, पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस के लंबे शासनकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक असम को केवल हिंसा, उग्रवाद और अस्थिरता दी। उन्होंने राहुल गांधी से सीधा सवाल करते हुए कहा, 'मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने असम को बंदूकें, गोलियां, संघर्ष और युवाओं की मौत के अलावा क्या दिया? अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान असम विकास से कोसों दूर रहा, जबकि भाजपा सरकार ने राज्य को शांति, विकास और सुरक्षा की राह पर आगे बढ़ाया है। अमित शाह ने घुसपैठ के मुद्दे पर भी कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अवैध घुसपैठ को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने जानबूझकर घुसपैठ की समस्या को नजरअंदाज किया, जिससे असम की जनसांख्यिकी और सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हुआ। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के आने के बाद घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

### शाह का बड़ा बयान

डिब्रूगढ़ के बाद धेमाजी में एक अन्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने असम में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बीस साल के शासन में असम के सात जिले—धुबरी, बारपेटा, दरांग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, नगांव और गोलपारा—घुसपैठियों से भर गए।

### 'सात जिलों में 64 लाख घुसपैठिये'

अमित शाह ने दावा किया कि इन सात जिलों में घुसपैठियों की आबादी बढ़कर करीब 64 लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यदि घुसपैठ को रोकना है, तो आगामी चुनावों में एक बार फिर भाजपा को समर्थन देना होगा। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को हथियार उठाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह जिम्मेदारी अब हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार निभा रही है।

## बारामती में हुआ अजित पवार का अस्थि विसर्जन, चाचा शरद पवार समेत परिवार के करीबी लोग हुए शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियों का विसर्जन शुक्रवार को बारामती में संगम तट पर किया गया। इस मौके पर उनके बेटे जय पवार और पार्थ पवार के अलावा एनसीपी (शरद पवार गुट) के प्रमुख एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार भी मौजूद रहे। इससे पहले सुबह दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यों और एनसीपी नेताओं ने विद्या प्रतिष्ठान मैदान से उनकी अस्थियां ग्रहण कीं। इसके बाद विधि-विधान के साथ संगम तट पर अस्थि विसर्जन संपन्न हुआ। गौरतलब है कि अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में हुए एक विमान हादसे में निधन हो गया था। इस दुर्घटना में उनके साथ चार अन्य लोगों की भी जान चली गई थी। हादसे के अगले दिन, 29 जनवरी को, उनका अंतिम संस्कार बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

# एआईएडीएमके को भाजपा ने वॉशिंग मशीन में किया साफ: सीएम एमके स्टालिन ने कसा तंज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार के मामलों में कथित तौर पर संलिप्त उनकी सहयोगी एआईएडीएमके को उनकी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया गया है।

## हमारे खिलाफ लगाए सभी आरोप कहानी है–स्टालिन

स्टालिन ने एक कार्यक्रम में कहा कि, जो लोग तमिलनाडु के विकास को पचा नहीं पाते। वे व्हाट्सएप विश्वविद्यालय के माध्यम से झूठ फैलाते हैं। डीएमके प्रमुख ने कहा, 'हमारे खिलाफ लगाए गए सभी आरोप एक घिसी-पिटी कहानी पर आधारित हैं। इनमें से पहला आरोप राजनीतिक वंशवाद का है। मैं इसका जवाब पहले ही दे चुका हूं। राजनीति में आने की पूरी आजादी है, लेकिन सफलता पाने के लिए उन्हें जनता के सामने खड़ा होना होगा। उनका विश्वास जीतना होगा और वोट हासिल करने होंगे। यह निराधार आरोप उन लोगों ने लगाए हैं जो जमीनी स्तर पर हमारा सामना नहीं कर सकते। '



## भ्रष्टाचार से लिप्त लोग भाजपा के साथ- स्टालिन

उन्होंने हमसे जो दूसरा आरोप लगाया है, वह है 'भ्रष्टाचार '। उन्होंने पूछा, क्या अब तक किसी ने भी हमारे खिलाफ लगाए गए एक भी आरोप को साबित किया है? भाजपा पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा, 'जो लोग इस समय आपके साथ हैं, वे ही असल में भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। विशेष रूप से एआईएडीएमके, जिन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने दोषी ठहराया है। जब आप उनके साथ गठबंधन में नहीं थे, तब आपने उन पर कितने आरोप लगाए थे? क्या अब आपने उन्हें अपनी वाशिंग मशीन में धो दिया है?' विपक्ष का दावा है कि तमिलनाडु हिंदू विरोधी है। लेकिन उन्होंने दावा किया कि सत्ता में आने के बाद पिछले 1,730 दिनों में 4,000 से अधिक मंदिरों का अभिषेक किया गया है, जो कि भाजपा शासित किसी भी राज्य में नहीं हुआ है। स्टालिन ने कहा, 'सच्चे भक्त इससे प्रसन्न हैं। '

# भारत-चीन सीमा पर 21 जनवरी को लगी थी आग, सेना ने हालात पर पाया काबू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

- पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है

अरुणाचल प्रदेश के अंजाव ज़िले में काहो गांव के पास लगभग एक सप्ताह पहले लगी जंगल की आग को भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक बुझा दिया है। भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स के अनुसार, यह आग चीन-भारत सीमा के निकट लोहित नदी की पश्चिमी पहाड़ियों में लगी थी। सेना ने भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर अभियान चलाया, जिसके चलते आग को फैलने से पहले ही काबू में कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा।

## 21 जनवरी को लगी थी आग

घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जंगल की आग 21 जनवरी को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के उस पार लगी थी, जो 27 जनवरी को भारतीय क्षेत्र में फैल गई। आग की चपेट में एलएसी के पास स्थित काहो, शेरू क्षेत्र और मदन रिज आ गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, हालांकि लगभग 4,50,000 वर्ग मीटर वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है।

### दूसरी आग की घटना पर भी सेना ने पाया काबू

उधर, भारतीय सेना ने राज्य के शी-योमी ज़िले के मेचुका स्थित टोंगकोरला इलाके में लगी एक अन्य जंगल की आग पर भी काबू पा लिया है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि एक ज़मीन मालिक के अनुरोध पर सेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने कठिन भौगोलिक और प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बावजूद समन्वित अग्निशमन अभियान चलाया। समय रहते की गई कार्रवाई से आग को फैलने से रोका गया, जिससे मानव जीवन, संपत्ति और आसपास के वन क्षेत्र को संभावित नुकसान से बचाया जा सका।

# कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

बीते कुछ वक्त से विमानों को धमकी भरे संदेश लगातार मिल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को अब कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को बम से उड़ाने और हाईजैक करने की धमकी दी गई, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए विमान की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की गई और हर यात्री की पहचान की पुष्टि की जा रही है। इधर, विमान की सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एसवीपीआईए) पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। धमकी भरा नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां फौरन सक्रिय हो गई है। फिलहाल हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है।

# इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट से महापौर ने निर्देश पर हटाया गया अवैध कब्जा

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- अभी भी शक्तिखण्ड चार ग्रीन बेल्ट पर नजरें नहीं पड़ी , जमकर हो रहा अवैध निर्माण

गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल वर्तमान समय में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है । लेकिन उनकी कार्यवाही पर जनता ने सवालिया निशान लगाते हुए चिन्हित जगहों पर ही कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। जबकि शक्ति खंड चार सहित पूरे ग्रीन बेल्ट पर के जमकर स्थाई निर्माण और व्यापारिक गतिविधियों का संचालन खुले आम किया जा रहा है। जिसपर जनता ने महापौर का ध्यान अपेक्षित कराया है।

ज्ञात हो कि महापौर सुनीता दयाल द्वारा इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट पर स्थानीय पार्षदों व अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया था जिसमे कुछ व्यक्तियों द्वारा अपना झूँठा पट्टा बताया गया और भूमि पर किराए पर देकर खोके,नर्सरी, दुकाने,पशुपालन आदि का कार्य किया जा रहा था । पट्टे की जांच भी की गई और ऐसा कुछ नही मिला उसके उपरांत भी महापौर ने सभी कब्जाधारी लोगो



से कहा था कि 2-3 दिन में आप अपना कब्जा स्वम हटा लें अन्यथा आपके नुकसान की जिम्मेदारी आपकी होगी और महापौर ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त कब्जे को मुक्त करने के लिए डेट लगाकर कब्जा मुक्त कराया जाए । उसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के उद्यान विभाग, सम्पत्ति विभाग व ज़ोन के अधिकारियों द्वारा सामुहिक रूप से यह कब्जा मुक्त कराया गया है अब उक्त भूमि का प्रयोग जनहित में किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि रविवार को निरीक्षण के दौरान सभी को समझाया था लेकिन किसी ने निर्देश नहीं माना जिसके बाद शुक्रवार को नगर निगम द्वारा ग्रीन बेल्ट का कब्जा मुक्त किया गया है। स्थानीय लोगो द्वारा उक्त भूमि से किराया वसूला जा रहा है और ग्रीन बेल्ट पर गंदगी भी हो रखी थी।

### शक्तिखंड 4 में वर्ड रेजिडेंसी के सामने खुलकर हो रहा स्थाई निर्माण चुप है ट्रिपल इंजन सरकार

महापौर सुनीता दयाल भले अपने अधीनस्थ ट्रिपल इंजन के अधिकारियों के प्रशंसा के पुल बांध रही हो लेकिन इन्हीं कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रीन बेल्ट सहित पूरे सार्वजनिक स्थलों का बुरा हाल बना रखा है । स्वर्ण जयंती पार्क हो या शक्ति खंड 4 स्थित ग्रीन बेल्ट धार्मिक से लेकर व्यापारिक दुकानें जमकर इन्हीं तथाकथित अधिकारियों और कर्मचारियों की शह और जा प्रतिनिधि की संज्ञान में चल रही हैं। चूंकि धार्मिक संस्थानों वाले सत्ताधारी नेताओं के करीबी हैं , इसलिए जीडीए अथवा नगर निगम की निगाहें जा बूझकर नहीं पड़ती । जनता के शब्दों की माने तो यही महापौर हैं , जिन्होंने अल्पसंख्यक वर्ग के कई स्थलों को अवैध बताकर सार्वजनिक स्थलों से कब्जा मुक्त कराया। लेकिन ग्रीन बेल्ट में धर्म को धंधा बनाने वालों के स्थाई निर्माण पर इनकी नज़र नहीं पड़ रही है । शक्ति खंड 4 स्थित ग्रीन बेल्ट आज के समय सबसे बड़ा व्यवसायिक क्षेत्र बनता जा रहा है। जिस ग्रीन बेल्ट में कोई पक्का निर्माण नहीं हो सकता वहां उच्चतम न्यायालय और हरित न्यायालय निर्देश अवहेलना करके स्थाई निर्माण करके ग्रीन बेल्ट नियमावली की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । जीडीए से लीज पर ली हुई जमीनें ग्रीन बेल्ट की जगह स्थाई और कंक्रीट के निर्माण के साथ धड़ल्ले से बहुमंजिले इमारत बन रहे हैं।